RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 235
फरीदाबाद, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



एशियाड में नौवें दिन भी भारत ने मारा मेडलों पर हाथ

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 21.00°C

## क्विक न्यूज

### कुरुक्षेत्र जेल के अधीक्षक को मर्डर की धमकी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी दी गई। अनजान व्यक्ति ने रात को उनके मोबाइल पर कॉल की और बदतमीजी से बात करते हुए देख लेने की धमकी दी। साथ ही कहा कि उसे जान से मार देंगे। घटना सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### देवरिया में एक परिवार के पांच लोगों की हत्या

**देवरिया।** देवरिया में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। यहां जमीनी विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरे परिवार में पति-पत्नी, दो बेटियों और बेटे का गला काटा गया, गोली मारी गई, ईंट से सिर कूंच दिए। हमलावर इतने बेरहम हो चुके थे कि उन्होंने 8 साल के बच्चे तक को नहीं छोड़ा। उस बच्चे पर कई वार किए और उसे मरा समझकर छोड़ गए। हालांकि, उसकी सांसें चलती रहीं, उसे गंभीर हालत में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, ई-सिगरेट रखना कानून का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण में कहा है कि ई-सिगरेट और इसी तरह के उपकरणों को किसी भी रूप या मात्रा में रखना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 का उल्लंघन है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्टीकरण पिछले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा जा चुका है, जिससे प्रतिबंध के कार्यान्वयन को मजबूती मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि, पीईसीए में ई-सिगरेट के व्यक्तिगत उपयोग पर प्रतिबंध का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है, लेकिन ई-सिगरेट के उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के उप सचिव डॉ. पुलकेश कुमार ने कहा, इसलिए, पीईसीए, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन किए बिना देश के भीतर किसी भी मात्रा मे ई-सिगरेट रखना संभव नहीं है। प्रतिबंध में ई-हुक्का और इसी तरह के उपकरणों पर रोक शामिल है।

### दिल्ली में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा को गिरफ्तार किया है। उसके साथ दो और आतंकी भी गिरफ्तार किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शाहनवाज के आईएसआईएस मॉड्यूल यानी इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने का शक है। वह उत्तर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने साउथ-ईस्ट दिल्ली से रविवार रात शाहनवाज को गिरफ्तार किया था। उसके पास से केमिकल पदार्थ और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला मटेरियल मिला था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हुआ था और दिल्ली में रह रहा था।




**मां** अमृतानंदमई अम्मा अपने 70वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर केरल स्थित आश्रम में सोमवार की शाम को भजन प्रस्तुत करते हुए। इस भजन संध्या में करीब ढाई लाख श्रद्धालु उपस्थित थे। तीन अक्टूबर मंगलवार (आज)को अम्मा का जन्मदिन है और उन्हें सुनने व उनकी एक झलक पाने के लिए पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचेंगे। केरल राज्य की तमाम सरकारी मशीनरी उत्सव 'अमृतावर्षम- 70' की सुरक्षा में लगी है।
फोटो एवं कंटेंट: सुधीर बैसला

# राजस्थान में हरियाणा के नेताओं की डिमांड

**बीजेपी ने प्रचार के लिए 50 और नेताओं के नाम मांगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में हरियाणा के नेताओं की डिमांड बढ़ गई है। राजस्थान भाजपा की चुनाव प्रचार कमेटी की ओर से हरियाणा भाजपा से 50 और नेताओं के नामों की लिस्ट मांगी गई है। इससे पहले हरियाणा के 24 नेताओं की चुनाव में पहले ही ड्यूटी लग चुकी है, जो वहां अलग-अलग जगहों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ दो दिन राजस्थान में रहकर चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

धनखड़ ने बताया कि राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनावों में हरियाणा की बड़ी ड्यूटी लगने वाली है। अभी तो जिला संभालने वाले नेताओं की राजस्थान में ड्यूटी लगाई गई है। इसके बाद विधानसभा लेवल पर नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। फिर बूथ लेवल वाले कार्यकर्ता भी राजस्थान सहित देश के दूसरे चुनावी राज्यों में भेजे जाएंगे।

धनखड़ ने कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आकर सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने जनता जर्नादन से अपनी आदत अनुसार पिछले चुनाव में झूठे लोकलुभावन वादे किए थे, जो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। राहुल गांधी ने पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों से कर्ज माफी का वादा किया था। काफी दिन तक राजस्थान के किसान राहुल गांधी को कर्जमाफी का वादा पूरा कराने के लिए ढूंढते रहे।

# जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला देश का पहला राज्य बना बिहार

## सीएम ने विवरण साझा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई

**एजेंसी।** पटना



**बिहार** सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 प्रतिशत हैं। सबसे ज्यादा 14.26 यादव हैं। ब्राह्मण 3.65, राजपूत (ठाकुर) 3.45 प्रतिशत हैं। सबसे कम संख्या 0.60 प्रतिशत कायस्थों की है।

सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी। बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ सात लाख 25 हजार 310 है। इसमें दो करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65, अनुसूचित जनजाति 1.68 और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 और मुस्लिम आबादी 16.9 प्रतिशत थी। बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 प्रतिशत दिया जा रहा है। 27 ओबीसी के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 प्रतिशत के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 प्रतिशत ईबीसी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 प्रतिशत हो गई है।



### हिंदुओं की आबादी घटी, मुस्लिमों की बढ़ी

**बिहार** में साल 2011-2022 के बीच हिंदूओं जनसंख्या कम हुई है। इस दौरान मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है। आज जारी किए गए जातीय गणना की रिपोर्ट के साथ राज्य में धार्मिक जनसंख्या भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अभी हिंदू आबादी करीब 82 प्रतिशत (81.99) और मुस्लिम आबादी 17.7त्न है। जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 16.9 प्रतिशत थी। अभी बिहार में हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है। वहीं मुस्लिम जनसंख्या 2 करोड़ 31 लाख 49 हजार 925 है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में हिंदू आबादी 8 करोड़ 60 लाख 78 हजार 686 थी। वहीं मुस्लिम आबादी 1 करोड़ 75 लाख 57 हजार 809 थी।

# लॉरेंस गैंग के गुर्गों से पुलिस मुठभेड़ तीन के पैर में लगी गोली

## चौथा जख्मी हालत में किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**हरियाणा** के सोनीपत में बंबीहा गैंग के शूटर मान जैतो का कत्ल करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद पकड़ लिया है। ये तीनों बदमाश लॉरेंस बिश्नोई के गैंग से जुड़े हैं। जख्मी शूटर मंजीत, चेतन, ओजस्वी और जगबीर लॉरेंस गैंग के शूटर प्रियवर्त फौजी के गांव गढ़ी सिसाना के हैं। फौजी ने लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ के कहने पर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला को गोलियां मारी थी।

सोनीपत की स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने मुठभेड़ के बाद इन चारों को पकड़ा।

जब पुलिस वहां पहुंची तो इन लोगों ने फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग के बाद मंजीत, चेतन और ओजस्वी को पुलिस की गोली लगी, जबकि चौथे को भी पुलिस ने दबोच लिया। जिन्हें इलाज के लिए खरखौंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनसे तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं।

### राहुल गांधी ने गोल्डन टैंपल में माथा टेका जूठे बर्तन धोए

**अमृतसर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अमृतसर पहुंचकर गोल्डन टेंपल में माथा टेका। इसके बाद लंगर हॉल में जूठे बर्तन धोने की सेवा की। वह काफी समय से गोल्डन टेंपल में ही रुके रहे। इस दौरान उन्होंने सिर पर नीले रंग का पटका पहना। इससे पहले जब वे भारत जोड़ो यात्रा के वक्त आए थे तो पगड़ी पहनी थी।

## हरियाणा में भूकंप से हिली धरती, तीव्रता 2.6 रही

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश में** रविवार देर रात भूकंप के झटके लगे। 2.6 की तीव्रता के इस भूकंप से रोहतक व आसपास के कुछ इलाकों में कंपन महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रविवार रात 11.26 बजे भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र हरियाणा के रोहतक से सात किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में खेड़ी साध गांव रहा। धरती के पांच किलोमीटर नीचे हलचल दर्ज की गई है। इससे पहले सितंबर में एक ही दिन में दो बार भूकंप आया था। भूकंप का पहला झटका देर रात 12:27 बजे तो दूसरा झटका एक बजकर 44 मिनट पर आया था। 12:27 बजे आए भूकंप का केंद्र गांव पोलंगी रहा और इसकी तीव्रता 2.6 रही तो वहीं 1:44 पर आए भूकंप का केंद्र गांव आसन रहा।

## जालंधर में शराबी पिता ने की तीन बेटियों की हत्या

**एजेंसी।** जालंधर



**पंजाब** के जालंधर में शराबी पिता ने तीन बेटियों की हत्या कर दी। इसके बाद तीनों के शव लोहे के ट्रंक में डाल दिए और फिर उसे घर के बाहर फेंक दिया। तीनों बहनें रविवार रात आठ बजे से लापता थीं। सोमवार सुबह लोगों ने तीनों बहनों के शव देखे।

इस मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को 2 अक्टूबर की सुबह हिरासत में ले लिया। आरोपी पिता की पहचान सुनील मंडल निवासी गांव काहनपुर (जालंधर) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुनील मंडल ने कस्टडी में पूछताछ के दौरान अपना गुनाह कबूल करते हुए कहा कि उसने गरीबी से तंग आकर 3 बेटियों अमृता कुमारी (9), कंचन कुमारी (7) और वासु (3) को मौत के घाट उतारा था। सुनील मंडल नशे का आदी है और अक्सर शराब के नशे में रहता है। सुनील मंडल के 5 बच्चे हैं। एसएसपी देहात मुखविंदर सिंह भुल्तीलर ने कहा कि तीनों सगी बहनों के शरीर पर कोई मारपीट का निशान नहीं मिला है। पुलिस मेडिकल बोर्ड से तीनों का पोस्टमॉर्टम

## राजस्थान में वंदे भारत को डीरेल करने की कोशिश

**पटरियों पर पत्थर और सरिए बिछाए**

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



**उदयपुर** से जयपुर रूट पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को सोमवार सुबह बदमाशों ने पटरी से उतारने की कोशिश की। बदमाशों ने ट्रैक पर पत्थर और लोहे के सरिए रख दिए थे। समय रहते लोको पायलट ने अनहोनी को भांप लिया और ट्रेन को रोक दिया। मामला भीलवाड़ा से करीब 40 किमी पहले सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच का है। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से सुबह 7.50 बजे रवाना होकर चित्तौड़गढ़ पहुंची थी। चित्तौड़गढ़ से करीब 9.30 बजे भीलवाड़ा के लिए निकली थी। इस बीच रास्ते में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच लोको पायलट को पटरियों में कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। लोको पायलट ने ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक रोक दिया। ट्रेन से उतरकर देखा तो करीब 50 फीट की पटरी पर टुकड़ों-टुकड़ों में पत्थर और सरिए लगे हुए थे।

**पीएम ने राष्ट्रपिता को राजघाट-विजयघाट जाकर श्रद्धांजलि दी**



देश ने दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती मनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने राजघाट में श्रद्धांजलि दी

## बीरेंद्र सिंह जींद रैली में बोले, जजपा से गठजोड़ रहा तो भाजपा छोड़ दूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने ऐलान किया है कि यदि पार्टी ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) से गठबंधन किया तो वह बीजेपी को छोड़ देंगे। बीरेंद्र सिंह ने यह ऐलान मंगलवार को जींद में अपनी रैली के दौरान किया।

जजपा नेता और हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए बीरेंद्र सिंह ने कहा कि इसने सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार किया है। जींद के एकलव्य स्टेडियम में बीरेंद्र सिंह ने यह रैली अपने संगठन के बैनर तले की। उन्होंने रैली का नाम 'मेरी आवाज सुनो' रखा था। सर छोटूराम के नाती बीरेंद्र सिंह ने इस दौरान अच्छी-खासी भीड़ जुटाकर ये साबित कर दिया कि बांगर की धरती पर उन्हें हल्के में लेने की कोशिश न की जाए। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि बीरेंद्र सिंह इस रैली में भाजपा छोड़ने का ऐलान करेंगे, मगर उन्होंने जजपा से गठबंधन की सूरत में भाजपा छोड़ने की बात कहकर नया दांव चल दिया। इससे पहले रैली में बीरेंद्र सिंह के बेटे और हिसार के बीजेपी सांसद बृजेंद्र सिंह ने अपने पिता को खुलकर फैसला लेने के लिए अपनी तरफ से बंधन मुक्त किया।

बृजेंद्र सिंह ने रैली में मंच से कहा- चौधरी साहब जो भी करो, दिल से करना। आपने सोच-समझकर राजनीति 50 साल कर ली, इतना बहुत है। अब मेरे यानी बृजेंद्र सिंह के बारे में यह मत सोचना कि आपके किसी फैसले से मेरा फायदा होगा या नुकसान। आपको जो सही लगे, वो ही करना।

# सीएम का ऐलान, हरियाणा के सभी जिलों में रखे जाएंगे योग कोच

## 6500 पंचायतों में व्यायामशाला खोलने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**प्रदेश** में अब हर जिले में योग कोच रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ये ऐलान योग एवं आयुष सहायक शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में करीब 6500 पंचायतों में योग व्यायामशाला खोलने का सरकार ने लक्ष्य रखा है, जिसको जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने दो अक्टूबर के मौके पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन की सभी को शुभकामनाएं दीं।

सीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपने जीवन में अपनाया था। सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र के उर्ली जगह पर उन्होंने भारतीय चिकित्सा पद्धति के अस्पताल का निर्माण किया जो आज भी चल रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि योग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मेरे दोनों के बेहद करीब का विषय रहा है। नरेंद्र मोदी ने भारत के योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। बाबा रामदेव ने योग को गुफाओं और पहाड़ों से निकालकर आम जीवन तक पहुंचाने का काम किया है। हमें योग हर आदमी तक पहुंचाने के लिए उनके प्रयासों को सार्थक करना होगा।

हरियाणा में अभी 6500 के करीब ग्राम पंचायतों में योग व्यायामशाला खोलने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। मौजूदा वक्त में 882 योग व्यायामशाला खोली जा चुकी हैं, धीरे-धीरे ग्राम स्तर तक और व्यायामशाला खोली जाएंगी। सीएम ने ऐलान किया कि योग सहायक, योग कोऑर्डिनेटर के साथ-साथ हर जिले में योग कोच भी लगाए जाएंगे।योग सहायकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए योग कोच और जिला स्तर पर रिव्यू कराया जाएगा।

### बेस्ट योग सहायकों को मिलेगा इनाम

**सीएम** ने कहा कि हर जिले में 3 बेस्ट योग सहायकों को इनाम दिया जाएगा। कम नंबर मिलने वाले योग सहायकों को योग कोच के पास तीन महीने की ट्रेनिंग लेनी होगी ताकि वह अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकें। सीएम ने कहा कि योग के साथ-साथ सरकार वैलनेस सेंटर पर भी सरकार ध्यान दे रही है। बस अब जरूरत है कि हम अपने आहार और विचार को शुद्ध रख सकें। नितकर हितकर मितकर की पद्धति पर हमारा आहार होना चाहिए।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के रूप में सेवा को नई ऊंचाई दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भाजपा** तिगांव मंडल की ओर से गांव अलीपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के रूप में सेवा को नई ऊंचाई दी है। आज हर व्यक्ति सेवा कर सकता है, क्योंकि स्वच्छता के लिए किसी धन बल की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने आर्यन पब्लिक स्कूल में आयोजित इस स्वच्छता अभियान के साथ सभी को जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से शुरू हुआ यह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का पूरे देश में जोर शोर के साथ समापन हुआ है। जिसमें लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया है। इससे एक दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक घंटा, एक साथ स्वच्छता का मेगा ड्राइव चलाया। हम शासन, प्रशासन और जनता की तिगड़ी मिलकर देश और प्रदेश को रोग मुक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए सभी को मिलकर स्वच्छता को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको भी अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होना चाहिए। सबसे अधिक गंदगी प्लास्टिक फैलाती है। हमें चाहिए कि हम कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग करें। थैले के लिए हम कपड़े का इस्तेमाल करें और जो भी प्लास्टिक प्रयोग में आ चुकी है, उसे कबाड़ी को बेच दें। खुले में या कूड़े में न डालें। भाजपा तिगांव मंडल के अध्यक्ष गिर्राज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता ने भी भागीदारी की और स्वच्छता की प्रेरणा ली।

# भारत के योग को आज विश्वभर के देशों में अपनाया जा रहा : विपुल गोयल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** के योग को आज विश्वभर के देशों में अपनाया जा रहा है। यह बात पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने योग प्रतिभागियों से कही। वे पलवल की जाट धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। योगाचार्य गुरमेश सिंह के नेतृत्व में देश की 18 राज्यों की टीमों ने योग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके साथ आसपास के 40 से ज्यादा गांवों की टीम भी योग प्रतिस्पर्धा में शामिल रहीं।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं और आयोजनकर्ताओं को इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग एक ऐसी साधना है, जिसके माध्यम से आप आत्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से स्वयं को सशक्त कर सकते हैं। हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे देश ने ही विश्व को योग, संगीत, नृत्य जैसी अमूल्य कलाएं दी हैं और आज विश्व के दो अरब से ज्यादा लोग शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करते हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है योग को जन जन तक पहुंचाना और आज बाबा रामदेव जो प्रसिद्ध योग गुरु भी हैं, उनके प्रयास से विदेशों में भी योग की गूंज है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पलवल में आयोजित ये योगासन टूर्नामेंट योग को जन जन तक पहुंचाने में एक मिल का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने योगासन को पूर्णतया खेल का दर्जा देने और अन्य सभी प्रकार के खेलों में स्थान देने पर देश और प्रदेश की सरकारों का धन्यवाद दिया। इससे पहले पूर्व मंत्री विपुल गोयल का आयोजनकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ साथ पगड़ी बांधकर स्वागत किया और कार्यक्रम में पहुंचने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। पूर्व मंत्री ने योग प्रतिस्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीतकर लाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया और कहा कि आज प्रदेश का दूसरा नाम मेडल की खान है और आये दिन खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर ला रहे हैं।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सड़कों पर की सफाई

## सुंदर और स्वच्छ फरीदाबाद की परिकल्पना को साकार करने के लिए संस्थाओं ने निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी और भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321ए1 के बैनर तले शहर की विभिन्न लायंस क्लब्स ने एक साथ मिलकर सेक्टर-19 लायंस भवन ओल्ड फरीदाबाद से एक स्वच्छता जागरुक रैली निकाली। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल रहे। रैली में सीएम मनोहर लाल के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ स्लोगन हाथ में उठाए नजर आए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करना बहुत बड़ा श्रमदान है। लायंस क्लब जैसे संगठन हम सबको साफ स्वच्छ रहने एवं साफ सफाई रखने का संदेश देते हैं। इस पर हम सबको ध्यान देने की जरुरत है। आज हमारे भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के सपनों को पूरा करने के लिए हम सबको अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करुणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जागरुकता रैली में निवर्तमान पार्षद सोम मल्होत्रा ने भी भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अरोड़ा और फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर के रूप में लायन एनके गुप्ता लायंस मेंबर्स मौजूद रहे। स्वच्छता जागरुक रैली सेक्टर-19 से लायंस भवन से शुरू होकर ओल्ड फरीदाबाद मार्केट से गुजरते हुए सेक्टर-18 के रास्ते वापस लायंस भवन पर आकर समाप्त हुई। इस मौके पर फरीदाबाद, पलवल, दिल्ली के 15 लायंस क्लब ने इस स्वच्छता जागरुक रैली में भाग लिया। इस मौके पर फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर के रूप में लायन एनके गुप्ता ने आए हुए सभी लायंस क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। स्वच्छता जागरुक रैली को लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान लायंस कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक रहने के लिए संदेश दिया। वहीं कई जगह पर गंदगी देखते हुए सफाई अभियान भी चलाया और सड़क को साफ किया। रैली के दौरान सभी क्लब के सदस्यों ने हाथों में स्लोगन लेकर और तिरंगा झंडा लेकर नारे लगाते हुए लोगों को शहर साफ सुथरा रखने का संदेश दिया। इस मौके पर लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल ने कहा कि आज 15 लायंस क्लबों ने मिलकर जो रैली निकाली है, इससे निश्चित तौर पर लोगों की सोच जब तक चेंज नहीं होगी, तब तक बापू महात्मा गांधी जी के सपनों का स्वच्छ भारत और स्वच्छ शहर नहीं बन पाएगा। सुंदर और स्वच्छ फरीदाबाद की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को आगे आना होगा। इसी तरह करके हम बच्चों को आने वाले समय में एक बेहतर शहर का तोहफा दे सकते हैं। वहीं फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन एनके गुप्ता ने भाग लेने वाले सभी क्लब मेंबर्स का धन्यवाद किया। लायन एनके गुप्ता ने कहा कि घर को साफ रखते हैं, लेकिन शहर को हम लोग गंदा कर देते हैं। इन्ही विचारों को बदलना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ ही प्लास्टिक के समान को भी इस्तेमाल करने से बचना है। पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे, हमारी आने वाली पीढ़ी भी जिंदा रहेगी। इस मौके पर लायंस आरके गुप्ता ने कहा कि ऐसी जागरुक रैली तभी सफल हो सकती है। जब शहरवासियों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारी भी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रुप से पालन करें। शहर को स्वास्थ्य रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है। स्वच्छता में जनता की सहभागिता और जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग जरूरी है। रैली में खेड़ी गुजरान कॉलेज के विद्यार्थी और बीएमडी कान्वेंट स्कूल संजय कॉलोनी के विद्यार्थी रैली में स्लोगन हाथों में लिए लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करते दिखाई दिए। इस मौके पर लायन राजेश कुमार गुप्ता, लायन आरके चिल्लाना, लायन जयप्रकाश गुप्ता, लायन आरपी ओझा, लायन आरके गुप्ता, लायन राजेश गुप्ता, लायन सतीश परनामी, लायन अशोक अरोड़ा, लायन अमरजीत सिंह कोचर, लायन महेश बांगा, लायन शिवकुमार गुप्ता, लायन प्रदीप गर्ग, लायन विनय गुप्ता, लायन अजय शर्मा, लायन सुरेश शर्मा, लायन विवेक बंसल, लायन जयदीप काटियार, लायन योगेश गुप्ता, मुकेश अरोड़ा, लायन माला गुप्ता, आशा वोहरा, राहुल सिंघल, लायन योगिंदर सिंह, अनिल खुराना, कई लायन महिला सदस्य और दिल्ली, पलवल से भी कई क्लबों ने आकर इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।



फरीदाबाद सेक्टर-16, 17 के लेबर चौक पर भारत को जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रगतिशील किसान एसोसिएशन के प्रधान व कांग्रेसी नेता सतबीर डागर।

# दबंगों ने किसान की पीट-पीटकर की हत्या

## पत्नी और बेटा-बेटियों पर बरसाई लाठी, खेत में भैंस घुसाने का किया था विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**थाना** तिगांव इलाके के मंझावली में कुछ दबंगों ने प्रवासी किसान परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान चोट लगने से परिवार के मुखिया प्रभुनाथ (55) की मौत गई। वहीं, दबंगों ने उनकी दो बेटी स्वाति और गुंजन के पैर तोड़ दिए। जबकि, मृतक की पत्नी और बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं। चारों को बादशाह खान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक ने खेतों में भैंस घुसाकर फसल खराब करने का विरोध किया था।

मृतक प्रभुनाथ तिगांव के मंझावली इलाके में किसी जमींदार से जमीन लेकर खेतीबाड़ी का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला था। गांव के दबंग बार-बार उसके खेतों में अपनी भैंस घुसाकर फसल को खराब कर रहे थे। जिसका प्रभुनाथ ने विरोध किया था और एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के बाद दबंगों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। रविवार सुबह दबंगों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें प्रभुनाथ, पत्नी, दो बेटी और एक बेटे को काफी गंभीर चोट आई। चोट लगने के बाद सभी को बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन वहां पर इलाज के दौरान प्रभुनाथ की मौत हो गई। फिलहाल उनकी पत्नी, दो बेटी और बेटा जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने इसकी सूचना पहले ही पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई उचित कदम नहीं उठाया। जिसके चलते दबंगों के हौसले इतने बुलंद हुए कि उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया। उल्टा पुलिस अब उन पर ही दबाव बना रही।

वहीं, थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना के बारे में सूचना मिली, वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पहले घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान प्रभुनाथ की मौत हो गई। हमले में घायल दो बेटियां, पत्नी और बेटा अभी निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जल्द पर उनका इलाज चल रहा है। पुलिस आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करेगी।

# बीके अस्पताल में 10 दिनों से खराब एक्सरे मशीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में दस दिनों से एक्सरे मशीन खराब होने की वजह से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इंजीनियर द्वारा पिछले कई दिनों से मशीन को ठीक करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी तक ठीक नहीं हो पाई है। इसको लेकर लैब के बाहर मशीन खराब होने का नोटिस लगा दिया गया है, जिसके कारण मरीजों को निजी सेंटरों से एक्सरे करवाने पड़ रहे हैं।

बीके अस्पताल में हर रोज दो हजार के करीब नए व पुराने मरीज उपचार के लिए आते हैं। इनमें पुलिस केस, भर्ती मरीज और ओपीडी से करीबन 200 मरीज हर रोज एक्सरे करवाने के लिए आते हैं। 19 सितंबर को बीके अस्पताल में लगी एक्सरे मशीन खराब हो गई, जिसके बाद से अभी तक एक्सरे मशीन ठीक नहीं हो पाई। रेडियोलॉजिस्ट राजकुमार का कहना है कि अस्पताल में डीआर एक्सरे मशीन लगी हुई है। इससे कुछ ही मिनटों में डिजिटल एक्सरे हो जाते हैं। 19 सितंबर की सुबह मरीज के एक्सरे करते समय मशीन खराब हो गई। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई।

कई दिनों से इंजीनियर की टीम मशीन को ठीक करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी तक ठीक नहीं हुई है। इसको लेकर उनके द्वारा एक्सरे रूम के बाहर नोटिस लगा दिया है कि एक्सरे मशीन काम नहीं कर रही है। इसके चलते बीके अस्पताल आने वाले मरीजों को निजी सेंटरों पर जाकर एक्सरे करवाने पड़ रहे हैं, जिससे उनको परेशानी हो रही है।

# नीलम आरओबी के 12 खंभे जर्जर जैकेटिंग का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण की ओर से नीलम आरओबी के निचले हिस्से के 12 खंभे जर्जर हो गए हैं। उनके जैकेटिंग का काम शुरू हो गया है। प्रथम चरण में करीब एक दर्जन से अधिक पीलर की पहचान की गई है। जो पूरी तरह खराब हो चुका है। उस पीलर को विशेष मरम्मत कराया जा रहा है। वहीं, पुल के ऊपरी हिस्से का भी काम शुरू कर दिया गया है। एफएमडीए का दावा है कि आरओबी का काम दीपावली से पहले कर दिया जाएगा। इस संबंध में ट्रैफिक विभाग की ओर से भी दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है। नीलम आरओबी के नीचे हिस्से में विशेष मरम्मत का काम शुरु कर दिया गया है। पुल के करीब एक दर्जन से अधिक खंभे बुरी तरह से खराब हो चुके हैं। एफएमडीए की ओर से उन्हें दोबारा से सरिया और पॉलीमर के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। नीलम आरओबी में करीब 300 पिलर हैं। प्रथम चरण में करीब 12 की पहचान की गई है, जो पूरी तरह से खराब है। इसे ठीक करने के बाद अन्य खंभों की पहचान कर उसे ठीक कराया जाएगा। मालूम हो कि नीलम आरओबी का काम तीन चरण में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में आरओबी के नीचे हिस्से में बने कुछ पिलर की मरम्मत पहले कराई जा चुकी है।

> “नीलम पुल के निचले हिस्से में कई पिलर खराब हो चुके हैं। उसकी विशेष मरम्मत कराई जा रही है। प्रथम चरण में करीब एक दर्जन ऐसे खंभों की पहचान की गई है, जो खराब हो चुके हैं। वहीं, पुल के ऊपरी हिस्से में भी मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।
> - रमेश बांगड़ी, मुख्य अभियंता, एफएमडीए

वहीं, नेशनल हाईवे पर अजरौंदा से नीलम चौक की तरफ जाने वाले नीलम फ्लाईओवर की एक साइड में निर्माण कार्य का काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 14 अक्टूबर तक इसे पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद 15 अक्टूबर नीलम (एनआईटी) से अजरौंदा की तरफ जाने वाली दूसरी साइड का काम शुरू किया जाएगा।

# ग्रैप को लेकर निगम ने 40 टीमें बनाईं

**फरीदाबाद।** नगर निगम ने ग्रैप के दौरान कूड़ा में आग जलाने, खुले में कूड़ा फेंकने, भट्ठी जलाने समेत अन्य कार्यों पर नगर रखने के लिए 40 टीमों का गठन किया है। टीमें वार्ड स्तर पर नजर रखेंगी। दूसरी ओर शहर में सात एंटी स्मॉग को बढ़ते प्रदूषण पर चलाया जाएगा।

नगर निगम के मुख्य अभियंता बीके कर्दम ने बताया कि इसके लिए कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड स्तर पर टीमें ग्रैप के नियमों को देखेंगी। उन्होंने बताया कि शहर में पांच एंटी स्मॉग लगी है और उन्हें चलाया जा रहा है। दो बड़ी एंटी स्मॉग जरूरत के अनुसार चलाई जाएगी। अधिकारी ने बताया कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर पानी के टैंकर से सड़क पर छिड़काव किया जाएगा।

# बीएससी नॉन मेडिकल और मेडिकल में छात्रों का रुझान नहीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के सरकारी और गैर सरकारी कॉलेजों में केवल बीएससी नॉन मेडिकल और मेडिकल में सीटें अभी भी रिक्त है। जिले के 11 कॉलेजों में इन विषयों में करीब 30 फीसदी सीटें अभी भी रिक्त हैं। अन्य पाठ्यक्रम में लगभग सभी सीटें फुल हो चुकी है।

मालूम हो कि जिले के कॉलेजों में ओपन काउंसिलिंग चल रही है। कॉलेज अपने स्तर पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिले कर रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से 25 सितंबर से पोर्टल खोल दिया गया है। एनआईटी तीन स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज में बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल में करीब 50 फीसदी से अधिक सीटें खाली हैं। इसी प्रकार दयानंद महिला कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, अग्रवाल कॉलेज में सीटें अभी रिक्त है। जबकि बीए, और बीकॉम पाठ्यक्रम में एक या दो सीटें रिक्त होंगी। बताते है कि खेड़ीगुजरान में एक भी सीट नहीं बची है।

> पोर्टल खुलने के बाद भी बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल में छात्रों का रुझान नहीं है। जिले के लगभग सभी कॉलेजों में कुछ न कुछ सीटें अभी भी रिक्त है। अन्य पाठ्यक्रम में सीटें लगभग फुल हो चुकी है।
> -प्रमोद कुमार, डीएवी शताब्दी कॉलेज

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

यूँ ज़ुल्मत के ज़माने पीढ़ियों को याद रहते हैं
वफ़ाओं के तराने पीढ़ियों को याद रहते हैं
बहुत ज़्यादा न होती उम्र नफ़रत की, यही सच है
मोहब्बत के फ़साने पीढ़ियों को याद रहते हैं

# रोटरी क्लब फरीदाबाद व साईंधाम ने महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोटरी** क्लब फरीदाबाद एनआईटी व साईं धाम के संयुक्त तत्वाधान में गांव करीमपुर में 300 से अधिक महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड व साबुन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने की।

रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता व साईं धाम के संस्थापक मोतीलाल गुप्ता द्वारा 1500 कन्याओं व महिलाओं को सेनेटरी पैड साबुन, गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार गांव गांव जाकर निशुल्क वितरित कर चुके हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीडीपीओ उपमा अरोड़ा व विशिष्ट अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 से डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन रोटेरियन डॉ. अंजलि जैन थी। उपमा अरोड़ा ने गांव की महिलाओं को सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में बताया और कहा कि हमें सेनेटरी पैड उपयोग करना चाहिए, जिससे बड़ी से बड़ी बीमारी से बचा जा सकता है। वहीं डॉक्टर अंजलि जैन ने गांव की महिलाओं को रोटरी इंटरनेशनल के बारे में बताया कि रोटरी हर सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। रोटरी का नाम समाज में व विश्व में बड़े गर्व के साथ लिया जाता है। साथ ही महिलाओं को साफ सफाई रखने पर सर्वाइकल कैंसर जैसी बड़ी बीमारी से बचने के लिए कहा और सेनेटरी पैड का उपयोग करने के लिए महिलाओं को जागरुक किया। क्लब के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने गांव के सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए रजिस्टर व स्कूल बैग भी देने के लिए कहा। साथ ही गांव की 10 जरूरतमंद कन्याओं को अष्टमी वाले दिन साइकिल देने का भी वादा किया। गांव की सरपंच गीतू देवी ने भी अपने विचार रखे और महिलाओं को कहा कि सभी को सेनेटरी पैड इस्तेमाल करना चाहिए और आश्वासन दिया कि गांव की महिलाओं को समय समय पर सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के लिए जागरुक किया जाएगा।

# सत्य-अहिंसा के पुजारी थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी : कौशिक

## कांग्रेसियों ने मनाई राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेसियों ने सेक्टर-9 स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक व हरियाणा कांग्रेस के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक व फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने संयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश निर्माण में किए गए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे सत्य, अहिंसा के पुजारी थे और उन्होंने देश की आजादी के लिए कई आंदोलन चलाए, सत्याग्रह किया व अंग्रेजी हुकूमत को हिलाने का काम किया है। ऐसे महापुरुष हमेशा हमारे आदर्श रहेंगे। श्री कौशिक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने समाज को एकता व भाईचारे का संदेश दिया था। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने सदैव अपने जीवन काल में लोगों की सेवा के लिए कार्य किए, और उनके उत्थान में निर्णय लिए, ऐसे महापुरुष सदैव हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। श्री कौशिक ने कहा हमें महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलना है, देश को स्वस्थ बनाना है, देश कि प्रगति व उन्नति के लिए, काम करना है, देश में भाईचारा, प्यार व सद्भाव बनाने के लिए काम करना है।

# पृथला क्षेत्र में समान रूप से करवाया जा रहा है विकास : नयनपाल रावत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### विधायक ने किया करीब तीन करोड़ की सड़कों का शिलान्यास

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। क्षेत्र की मुख्य सड़कों को नए सिरे से बनवाया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में लोगों को आवामन में दिक्कत न हो। इसी कड़ी में विधायक नयनपाल रावत ने मोहना से गोपीखेड़ा तक की 1.91 करोड़ की लागत से बनने वाली 3.70 किलोमीटर लंबी सड़क तथा पंचायत झुग्गी से सुनेहरी का नंगला तक 1.56 करोड़ से बनने वाली 3.40 किलोमीटर सड़क का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान युवाओं ने पूरे जोश-खरोश के साथ डीजे की धुन पर विधायक नयनपाल रावत का स्वागत किया और जयकारे के नारे लगाते हुए उन्हें शिलान्यास स्थल तक ले गए। जहां विधायक ने गांवों के बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके हाथों नारियल फुड़वाकर शिलान्यास करवाया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विकासपरक सोच के चलते बिना भेदभाव के समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति के तहत कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि विकास का यह पहिया बदस्तूर जारी रहेगा और आने वाले समय में पृथला क्षेत्र विकास के मामले में फरीदाबाद ही नहीं, अपितु हरियाणा का सबसे अव्वल क्षेत्र बनकर उभरेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को लेकर विधायक रावत को मांगपत्र सौंपा, जिन्हें विधायक रावत ने जल्द से जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ओमी सरपंच, दानी पूर्व सरपंच, गुड्डू सरपंच, हरपाल सरपंच, गुरमुख, जहांगीर, डॉक्टर राजू, सुखदेव, वेद पंडित, हुकम बघेल, जितेंदर आर्य, साहिल अत्री, परमी नेता, रणधीर, धर्मेंद्र, पंकज अत्री, कैलाश, चंदरपाल चेयरमैन आदि मौजूद रहे।

# युवक की डंडों व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या

### दो महिला सहित चार के खिलाफ केस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**भिड़ूकी** गांव में रात एक बजे घर में घुसकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बचाने आई उसकी पत्नी को भी चोटें मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक की मां की शिकायत पर मां-बेटों सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना के जांच अधिकारी अनिल के अनुसार भिड़ूकी गांव निवासी ओमबती ने दी शिकायत में कहा है कि वह परिवार सहित रात में अपने घर में सोई हुई थी। रात्रि करीब एक बजे गांव के ही जयबीर की पत्नी किशनबती, पुत्र राकेश व लोकेश और राकेश की पत्नी हाथों में लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी लेकर दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही घर में सो रहे उसके बेटे ठाकुरलाल पर हमला कर उसके सिर में कुल्हाड़ी मार दी। अपने पति को बचाने के लिए बीच में आई ठाकुरलाल की पत्नी काजल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर अभद्र व्यवहार किया। काजल की रोने की आवाज जब उसे सुनाई दी तो वह दूसरे कमरे से नींद से जागकर आई। देखा कि ठाकुरलाल गंभीर रूप से घायल जमीन में पड़ा हुआ था।

ठाकुरलाल को मरा हुआ समझकर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़िता ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को कॉल कर दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस की गाड़ी पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस को बुलाया और घायल ठाकुरलाल को होडल सरकारी अस्पताल पहुंचा दिया, जहां से पलवल सरकारी अस्पताल व पलवल से दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान ठाकुरलाल ने दम तोड़ दिया। आरोपियों ने धमकी दी है कि पुलिस में शिकायत की तो मुझे और मेरे परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़िता ओमबती की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पलवल।** मिंडकौला-हथीन मार्ग पर घर्रोट गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक हथीन की तरफ से आ रहा था। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, पुठली गांव निवासी बीरपाल ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका भतीजा जितेंद्र अलग-अलग बाइकों पर अपने गांव से हथीन बाजार जा रहे थे। भतीजा जितेंद्र उससे कुछ पीछे था और वह आगे। इसी दौरान घर्रोट गांव के पास भतीजे की बाइक में हथीन की तरफ से तेज गति से आती एक गाड़ी ने टककर मार दी।

टक्कर लगने का शोर सुनकर उसने बाइक रोकी और पीछे मुड़कर मौके पर जाकर देखा तो भतीजा जितेंद्र गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा था। पीड़ित ने तुरंत सवारी का इंतजाम कर भतीजे को उपचार के लिए हथीन अस्पताल पहुंचा दिया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए पलवल के लिए रेफर कर दिया। पलवल जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# छात्रा ने सहपाठी से परेशान होकर की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**बारहवीं** कक्षा की एक नाबालिग छात्रा ने अपने सहपाठी से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले दिए गए बयान में छात्रा ने आरोपी छात्र पर परेशान करने का आरोप लगाया और कहा कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन आरोपी छात्र उसे परेशान करता है। जिसके कारण वह पढ़ाई नहीं कर पा रही है। उसकी वजह से यह कदम उठाया।

पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर आरोपी छात्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर ने बताया कि एक व्यक्ति ने शिकायत में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी गांव के सरकारी स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसी गांव का रहने वाला पृथ्वी नाम का युवक स्कूल में बारहवीं कक्षा में ही पढ़ता है। 28 सितंबर को मानसिक व शारीरिक परेशानी के चलते छात्रा निशा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में दिए बयान में छात्रा ने बताया कि पृथ्वी नाम के युवक ने उसका जीना मुश्किल कर दिया है। छात्रा ने बताया था कि मैं पृथ्वी के कारण पढ़ना चाहते हुए भी नहीं पढ़ पा रही हूं। उसकी बातों से परेशान होकर मैं पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पा रहा हूं। इसके बाद निशा की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया। मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर युवती के छेड़छाड़, दो नामजद

**पलवल।** अकेली देख युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर मारपीट कर कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कंप थाना पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा कि उसकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी हरिओम व नेपाल ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की।

## संक्षिप्त समाचार

### बल्लभगढ़ के व्यापार मंडल ने किया हरिद्वार का टूर



**फरीदाबाद।** व्यापार मंडल बल्लभगढ़ का एक दिवसीय टूर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भगवान दास गोयल की अध्यक्षता में हरिद्वार होकर आया है। इस टूर में व्यापार मंडल के 30 सदस्यों ने अपने परिवार के साथ यात्रा की। इस यात्रा के दौरान लोगों ने भरपूर आनंद उठाया, सभी लोगों ने सुबह एक साथ हर की पैड़ी पर स्नान किया। स्नान करने के अपरांत हरिद्वार के विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए। इस टूर के आयोजन में टूर की आयोजन समिति जिसमें विजय मित्तल, सुरेशचंद्र मित्तल, हेमंत कुमार मित्तल, वेद मंगला तथा चंद्रशेखर गर्ग सम्मिलित हैं, का विशेष योगदान रहा। व्यापार मंडल के प्रधान भगवान दास गोयल ने बताया कि व्यापार मंडल बल्लभगढ़ लगभग साल में दो बार इस तरह के पारिवारिक टूर आयोजन करता है। व्यापार मंडल के सदस्य भी हमारे इन आयोजनों में सम्मिलित होकर इनको सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हैं। इससे पहले हमारा एक टूर कश्मीर भी गया था, जहां पर भी लोगों ने बहुत आनंद उठाया था। उन्होंने कहा कि हम आगे भी व्यापार मंडल के सदस्यों को जोड़कर रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। उन्होंने व्यापार मंडल के सदस्यों का भी धन्यवाद किया, जोकि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर व्यापारी अपने व्यापार की उलझन में ज्यादातर समय व्यस्त रहते हैं और अपने परिवार को समय नहीं दे पाते। इस प्रकार के कार्यक्रमों से हम अपने परिवार के लिए कुछ समय निकाल पाते हैं और एक दूसरे के परिवारों से भी हमारी जान पहचान बढ़ती है।

### गांधी जी व शास्त्री जी के सिद्धांतों के अनुसरण करें



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी तथा भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल, श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रभारी एडवोकेट नागेश सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी शरीफ आजम, युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह व राकेश यादव तथा पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष सुदीश यादव ने गांधी जी तथा शास्त्री जी के कार्यकाल के साक्षी रहे जगलाल यादव को शॉल तथा फूलमाला से सम्मानित किया। जगलाल यादव ने पुष्प तथा लड्डू समर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने भारत माता के महान सपूतों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके बताए सिद्धांतों पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। एडवोकेट नागेश सिंह तथा सुदीश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रणजीत सिंह यादव, मोतीलाल यादव, सच्चिदानंद सिंह, शिव कुमार पांडेय, लाल बहादुर यादव सहित अनेक गणमान्य महानुभाव उपस्थित हुए।

### राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर किया प्रेरित



**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बच्चों और उनके अभिभावकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि रक्तदान को एक परंपरा और मुहिम बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रत्येक जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध हो जाए। प्रत्येक वर्ष एक अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है। डॉ. जय गोपाल जॉली के जन्मदिन पर उनके द्वारा किए गए अपार योगदान को पहचानने और स्मरण करने के लिए रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य ने विद्यालय की प्राध्यापिका गीता, श्रीपाल, अजय गर्ग, धर्मपाल शास्त्री तथा जेआरसी वालंटियर्स ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर पेंटिंग बनाकर रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए सुरुचि, आरती, सोनी, हर्षिता सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

# सेंटर में महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेफायर और मंशा ग्रुप के सौजन्य से जाट भवन, सेक्टर तीन में नरेश मलिक की माता स्वर्गीय बसंती मलिक की याद में चल रहे श्रीमती बसंती मलिक सिलाई सेंटर में 18 महिलाओं को सिंगर सिलाई मशीन भेंट की गईं। क्लब प्रधान रोटेरियन धीरेंद्र श्रीवास्तव और मंशा ग्रुप चेयरमैन रोटेरियन नरेश मलिक ने बताया कि इस तरह के कई सिलाई सेंटर सिंगर मशीन कंपनी के साथ मिलकर चलाये जा रहे हैं, जहां छह महीने का कोर्स करवाकर महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया जाता है। महिला स्वावलंबन के लिए लगातार रोटरी और मंशा ग्रुप तत्पर रहते हैं। मशीन वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर यशपाल यादव आईएएस और पत्नी याशिका यादव एडीजे फरीदाबाद, गेस्ट ऑफ ऑनर जेपी सांगवान और अल्पना सरना सिंगर मशीन रहीं। रोटरी सेफायर की तरफ से नीरज, ईशा गुप्ता, अंजू श्रीवास्तव, रजनीश मलिक, दलीप वर्मा, गुरूमुख सिंह, दीपक, अंशु, विशाल, सरिता, असीम, सुनील खंडूजा मॉजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम संचालन क्लब प्रधान रोटेरियन धीरेंद्र श्रीवास्तव ने किया और तमाम उपस्थित गणमान्य अतिथियों से वादा किया कि रोटरी सेफायर इसी तरह समाजसेवा के कार्य करती रहेगी। नरेश मलिक के पिता करन सिंह मलिक ने सभी उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया।

## हरिद्वार के लिए अतिरिक्त बसों का इंतजाम

**फरीदाबाद।** पितृपक्ष शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। इन दिनों लोग अपने बड़े बुजुर्गों को याद कर पूजा पाठ करते हैं। इस दौरान कुछ लोग हरिद्वार भी जाते हैं। इसके लिए अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया गया है। इन्हें यात्रियों की सुविधानुसार चलाया जाएगा।

डीआई मांगेराम ने बताया कि एनआईटी डिपो से शाम को हरिद्वार के लिए अतिरिक्त बस की एडवांस बुकिंग हुई, जिसके चलते देर शाम को हरिद्वार के लिए बस रवाना की गई। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष के दौरान उनके डिपो से यात्रियों की सुविधा अनुसार अतिरिक्त बसों को चलाया जाएगा, जिसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने दो अतिरिक्त बसों को शाम के लिए तैयार किया हुआ है। इसके अलावा दो चालक व दो परिचालक को स्पेयर में रखा हुआ है। यात्रियों की संख्या पर्याप्त होने के बाद हरिद्वार के लिए अतिरिक्त बस को चला दिया जाएगा। अभी उनके डिपो से सुबह साढ़े पांच बजे और रात को आठ बजे हरिद्वार के लिए बस संचालित की जाती हैं। इसके अलावा पलवल डिपो की ओर से सुबह पांच बजे और 11 बजे बस संचालित होती है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष को अतिथि अध्यापकों ने दिया ज्ञापन




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सोमवार** को जिले के अतिथि अध्यापक सेंट्रल पार्क सेक्टर-15 में एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए भाजपा के जिला कार्यालय अटल केंद्र पर पहुंचे और जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के साथ तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष रामबिलास शर्मा द्वारा लिखित में दिए पत्र को भी सौंपा गया। राजकीय अतिथि अध्यापक मंच फरीदाबाद के जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने 2014 के अपने घोषणा-पत्र में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का वादा किया था। जोकि इस सरकार के दोनों कार्यकाल बीतने को हैं, लेकिन वादा अभी तक अधूरा है। जिसके विरोध में प्रदेशभर के अतिथि अध्यापकों ने नौ सितंबर से सीएम सिटी करनाल में क्रमिक अनशन चलाया हुआ है, जोकि अतिथि अध्यापकों के नियमित होने तक जारी रहेगा। गांधी जयंती पर अतिथि अध्यापकों ने रास्ते में सफाई अभियान चलाकर लोगों को अतिथि अध्यापकों के साथ पिछले 18 वर्षों से सरकरों द्वारा किए जा रहे शोषण के बारे में बताया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने ज्ञापन लेते हुए अतिथि अध्यापकों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। अतिथि अध्यापकों के समाधान के लिए सरकार प्रयासरत है। जिसका जल्द स्थाई समाधान निकाला जाएगा। इस अवसर पर ललित शर्मा, सुन्दर भड़ाना, ऋतुराज बैंसला, वीरेंद्र कुमार, ओमपाल शास्त्री, सिंह राज, लोकेश शास्त्री, कमल, धरम देशवाल, संत सिंह, ऋषिपाल नागर, मनोज शास्त्री, शैलेंद्र मिश्रा, राज कुमार, लोकेश, रवि मोहन, अनील कुमार आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पलवल नगर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर मंत्री शिवम मेहरा ने कहा कि दो अक्टूबर का दिन बेहद खास है, क्योंकि इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्र की जयंती भी मनाई जाती है। जिला संयोजक सागर डागर ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री के प्रभावशाली व्यक्तित्व का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि विदेशों में भी उनके विचारों और निडरता की तारीफ की जाती थी।

आईटीआई अध्यक्ष नवनीत ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित कर दिया था। शास्त्री का जन्म उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में दो अक्टूबर, 1904 को शारदा प्रसाद और रामदुलारी देवी के घर हुआ था। देश की आजादी में लाल बहादुर शास्त्री का खास योगदान है।

साल 1920 में शास्त्री ने भारत की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए थे। स्वाधीनता संग्राम के जिन आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनमें 1921 का असहयोग आंदोलन, 1930 का दांडी मार्च और 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन उल्लेखनीय हैं। शास्त्री ने ही देश को 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। अंबेडकर कॉलेज अध्यक्ष यश राणा ने कहा कि लोगों को सच्चा लोकतंत्र या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो सकता है।

कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संरचना मजबूत बनें। इस मौके पर विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, विभाग व्यवस्था प्रमुख जितेश कौशिश, सचिन सहरावत, हितेश वशिष्ठ, मोहित गर्ग, स्किल उपाध्यक्ष मनमोहन, सौरभ ठाकुर, मोहित तंवर, तुषार, दिनेश तेवतिया, चेतन नागर, पिंटू, देवेंद्र, विष्णु सहित मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो माह से मथुरा शटल चल रही लेट, यात्री परेशान



**पदम सिंह घुघेरा।** पलवल

**पिछले** दो माह से मथुरा शटल लगातार दो से तीन घंटे लेट होने से यात्री हर रोज देरी से घर पंहुचते हैं। जिससे यात्रियों को अपनी ड्यूटी करने में कठिनाई हो रही है। वहीं इसकी वजह से यात्रियों पर अतिरिक्त भार भी बढ़ गया है।

दैनिक रेल यात्री हरीराम शर्मा, अनुराग, भारतपाल, गजेंद्र सिंह, पवन डागर आदि का कहना है कि पिछले करीब दो महीने से मथुरा शटल जो बल्लभगढ़ 8.45 पहुंचती है, वह दो से तीन घंटे की देरी से आ रही है। ट्रेन के लगातार देरी से चलने की वजह से इस शटल से हर रोज ड्यूटी करने वाले यात्रियों की मुश्किल बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि लगातार दो से तीन घंटे की देरी से गाड़ी आने से यात्री रात को समय पर घर पर नहीं पहुंच पाते हैं। इसकी वजह से सुबह दोबारा अपनी ड्यूटी पर आने में कठिनाई होती है। लगातार मथुरा शटल देरी से आने की वजह से इन यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि इसकी वजह से उनको पूरा आराम भी नहीं मिल रहा है। वहीं उनकी नींद भी पूरी नहीं हो पाती है। इसकी वजह सें दूसरे दिन उनका काम भी प्रभावित होता है। लोगों ने रेलवे विभाग को मथुरा शटल को सही समय पर चलाने का मांग की है, जिससे यात्रियों को सुविधा रहे।

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान में अमृत कलश में डाली मिट्टी व चावल : मंगला

### कहा, लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रही है अमृत कलश यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**विधायक** दीपक मंगला ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के दूसरे चरण के तहत पलवल के शहीद स्मारक पर अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस यात्रा में पलवल के शहरी क्षेत्र में स्थित प्रत्येक वार्ड के घरों से अमृत कलश में मिट्टी व चावल डाले गए। ये कार्यक्रम लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ एडीसी साहिल गुप्ता, नगर परिषद पलवल के कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के दूसरे चरण में पूरे देशभर में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमृत कलश यात्रा के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के घरों से चावल व मिट्टी को कलश में एकत्रित करके खंड स्तर तथा उसके पश्चात जिला स्तर पर पहुंचाया जाएगा।

अमृत कलश में गांवों के घरों से एकत्रित की गई मिट्टी व चावल को खंड स्तरीय कार्यक्रम में पहुचाया जाएगा। अमृत कलश में एकत्रित इस मिट्टी व चावल को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचाने के पश्चात दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में ले जाया जाएगा। दिल्ली में इस मिट्टी व चावल का प्रयोग कर्त्तव्य पथ पर अमर शहीदों व बलिदानियों की याद में बनाए जा रहे स्मारक में किया जाएगा। अमृत कलश यात्रा में नगर परिषद के वाइस चेयरमैन मनोज बंधू, मुकेश सिंगला, सुरेंद्र सिंगला, रणवीर मनोज, मेघश्याम शर्मा, दयारानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

# एनएसजी ने मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा के तहत सौंपी 19 गांवों की मिट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वतंत्रता सेनानी भवन में किया गया कार्यक्रम

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के दूसरे चरण के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में धूमधाम से चल रही है। यात्रा के दूसरे दिन सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) मानेसर की टीम पहुंची।

मेजर भूपेश के नेतृत्व में एनएसजी टीम द्वारा जिला के 19 गांवों में अमृत कलश यात्रा निकाली हैं तथा इन गांवों से मिट्टी एकत्रित की है। टीम ने नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार को 19 गांवों से एकत्रित मिट्टी कलश सौंपें। उन्होंने बताया कि उनकी टीम अलग-अलग गांवों में जाकर अमृत कलश यात्रा निकाल रही है। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों को एक बार फिर अपनी मिट्टी से जोड़ने तथा उनमें देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से मेरी माटी मेरा देश अभियान राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया है। नगर निगम द्वारा 13 अक्टूबर तक सभी वार्डों में जाकर मिट्टी व चावल एकत्रित किए जाएंगे तथा उन्हें एक कलश में एकत्रित किया जाएगा। यह कलश नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में शामिल होगा तथा वहां पर विकसित की जा रही अमृत वाटिका में इस मिट्टी का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अपनी मिट्टी से जुड़े रहना चाहिए तथा मिट्टी की आन-बान-शान के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें।


गुरुग्राम नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को अमृत कलश यात्रा के तहत 19 गांवों से लायी गयी मिट्टी सौंपते एनएसजी के कमांडो।

इस मौके पर एनएसजी से मेजर भूपेश व उनकी कमांडो टीम, अंतर्राष्ट्रीय कत्थक कलाकार शोभना झा, नगर निगम गुरूग्राम की सलाहकार डा.अनिता फलसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव महेन्द्र यादव, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सुंदर आदि गणमान्य लोगा मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद की कार्यशैली सराहनीयः सुधा यादव


कार्यक्रम में बोधराज सीकरी को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### संस्कारवान युवा ही सेवा, समर्पण, सहयोग और संपर्क के माध्यम से समर्पित हो सकता हैः बोध राज सीकरी

**मन** समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता मां तुझे कुछ और भी दूं...जैसे राष्ट्र भक्ति की सुर लहरी से सन सिटी पब्लिक स्कूल का सभागार गुंजायमान था। भारत विकास परिषद गुरुग्राम की महाराणा प्रताप शाखा, श्री लाल बहादुर शाखा एवं सरस्वती शाखा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुधा यादव, विशिष्ट अतिथि बोधराज सीकरी, कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद मित्तल, कमल अग्रवाल, नरेंद्र बेदी एवं पुरस्कार वितरण गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला व अध्यक्षता विनोद मित्तल क्षेत्रीय संरक्षक भारत विकास परिषद ने किया। सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि भारत विकास परिषद का ध्येय सम्पर्क, संस्कार, सहयोग, सेवा एवं समर्पण के माध्यम से व्यक्ति के विकास के द्वारा भारत विकास का है, जो कि जन-जन की भागीदारी से ही सम्भव है। राष्ट्र के उत्थान में भारत विकास परिषद ने पांच सूत्रों सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण को अंगीकार किया है।

पूर्व सांसद एवं पार्लियामेंट बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव ने कहा कि संस्कार के बिना समाज उत्थान नहीं कर सकता जो कि भारत विकास परिषद इस ध्येय में बहुत ही तेजी से अग्रसर है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला ने परिषद द्वारा सेवा के कार्यों का उल्लेख किया एवं गुरुग्राम में चलाए जा रहे विवेकानंद आरोग्य केंद्र की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वास्तव मे नर सेवा नारायण सेवा का असली उदाहरण आरोग्य केंद्र है। कार्यक्रम में 14 विद्यालयों एवं 34 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हिंदी एवं संस्कृत में प्रथम पुरस्कार आरपीएसएसए इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय डीपीएसजी, तीसरा स्थान सूरज पब्लिक स्कूल सेक्टर 56 को मिला। लोकगीत में डिवाइन पब्लिक स्कूल प्रथम, द्वितीय समर फील्ड पब्लिक व तृतीय स्थान सेंट जेवियर्स उच्च विद्यालय को मिला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केके खुराना, अध्यक्ष आरके गर्ग, राजीव छाबडा, सुशील गोयल प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, प्रांतीय संयोजक रामकिशन गोयल, सुरेंद्र गुप्ता, अमित लहोरिया, मुरलीधर गुप्ता, विजय जुनेजा, सुभाष सिंगला समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# ग्लोबल वार्मिंग सुधारने के लिए खादी को उपयोग में लाएं नागरिकः सुधीर सिंगला

### खादी के कपड़े बनाने को बड़ी फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं

### गांधी जयंती के उपलक्ष्य में खादी वस्त्रों पर छूट का किया शुभारंभ


सदर बाजार में खादी के वस्त्रों पर छूट के शुभारंभ अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला का सम्मान करते आयोजक।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि खादी के वस्त्रों का उपयोग हमें करना चाहिए। खादी से बने वस्त्र ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि इनके निर्माण में किसी तरह का कोई प्रदूषण सृजित नहीं होता।

खादी का उपयोग और इसके उत्पादन को बढ़ावा देना ग्लोबल वार्मिंग की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां प्राचीन रामलीला मैदान के सामने स्थित खादी वस्त्र भंडार पर गांधी जी की जयंती पर खादी के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट की सेवा की शुरुआत के अवसर पर कही।

इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन के सचिव मामचंद शर्मा, खादी ग्रामोद्योग संघ फरुखनगर के सचिव संजय शर्मा, खादी ग्रामोद्योग समिति नूंह के सचिव मोहित शर्मा व राजन यादव ने विधायक सुधीर सिंगला का सूत की माला पहनाकर व चादर ओढ़ाकर स्वागत, सम्मान किया। विधायक ने रिब्बन काटकर 25 फीसदी छूट का शुभारंभ किया। गांधी जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। भवन इंचार्ज राजकुमार शर्मा ने पुष्प माला पहनाकर विधायक का सम्मान किया। इस दौरान विधायक के निजी सचिव आरपी सिंह, मोहित मौजूद रहे।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में खादी का बहुत महत्व रहा। गांधीजी ने 1920 के दशक में गावों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये खादी के प्रचार-प्रसार पर बहुत जोर दिया था। खादी किसी भी प्रकार से फैशन के मामले में पीछे नहीं है। गांधीजी ने कहा था कि खादी के वस्त्र पहनना न सिर्फ अपने देश के प्रति प्रेम और भक्ति-भाव दिखाना है, बल्कि कुछ ऐसा पहनना भी है, जो भारतीयों की एकता दर्शाता है। गांधीजी ने इस प्रकार अंग्रेजों का ही नहीं, आम जीवन के काम आने वाली विदेशी वस्तुओं का भी बहिष्कार किया।

आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल के लिए देशवासियों को प्रेरित किया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि खादी के लिए बड़ी-बड़ी फैक्ट्री स्थापित करने की जरूरत नहीं है। इसमें किसी प्रकार के ईंधन की जरूरत नहीं पड़ती, जो कि आज के समय में प्रदूषण का बड़ा कारण है। पर्यावरण जैसे विषय पर हम कह सकते हैं कि खादी का उपयोग और इसके उत्पादन को बढ़ावा देना भी ग्लोबल वार्मिंग की दिशा में एक सकारात्मक पहल हो सकती है।

# स्वच्छता की इस मुहिम में सभी की भागीदारी आवश्यक : डा. नरेश कुमार


नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वच्छता की सेवा के तहत सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करते निगम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता की इस मुहिम में सभी नागरिकों की भागीदारी बहुत ही आवश्यक है। प्रत्येक नागरिकों को इसमें अपना पूर्ण सहयोग करना चाहिए। यह बात उन्होंने सोमवार को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वच्छता की सेवा के तहत सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान भागीदारी करने वाले 5 स्कूलों, 4 आरडब्ल्यूए, 7 सामाजिक संगठनों, अस्पताल, 10 सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा 3 सामाजिक उद्यमों को प्रशंसा-पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक व नृत्य के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा अपने घर के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान देने का प्रण लिया। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता से ही हम तथा हमारा देश समृद्ध बनेगा। पहले लोग अपने कचरे का निष्पादन स्वयं करते थे, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ते शहरीकरण के कारण तथा पॉलीथीन उपयोग के चलते लोगों ने कचरा निष्पादन की प्रक्रिया को अपनाना बन्द कर दिया। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के लिए हानिकारक है। हम सबको चाहिए कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण तथा अपने बच्चों के भविष्य के लिए पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बन्द कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कचरे को हमेशा गीले, सूखे व हानिकारण तीन श्रेणियों में अलग-अलग करें। गीले कचरे से खाद तैयार करें।

# महिला आरक्षण बिल पास होने से महिलाओं का आत्मविश्वास और राष्ट्र के नवनिर्माण में पूरी ताक़त के साथ हिस्सा लेने का शक्ति बढ़ेगी : डॉ. रंजना कुमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के नए संसद भवन के विशेष सत्र में ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद हर क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं में खुशी की लहर है। आज चाहे भाजपा हो या फिर कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दल हर कोई इस महिला आरक्षण बिल का श्रेय लेने में जुटा हुआ नजर आ रहा है। तमाम पार्टियों की महिला सांसद कहते नहीं थक रही कि ये बिल उनकी पार्टी की प्राथमिकता था।

दल भले ही इस बिल को राजनीतिक चश्मे से देख कर इसके फायदे और कमियां निकालने में जुटे है। लेकिन असल में जमीन पर रहकर इस बिल की लड़ाई लड़ने वाली कई महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं की मेहनत और योगदान को सरकार ही नहीं बल्कि राजनीतिक दल भी भूल गए। ये ऐसी महिलाएं है जो वर्षों से महिलाओं के सम्मान और उनके हक लड़ाई लड़ती आ रही है। इन्हें न किसी मंच की जरूरत है, न किसी चकाचौंध की और न ही किसी संसद में बहस की। ऐसी एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता है डॉ. रंजना कुमारी।



डॉ. रंजना कुमारी पिछले 38 वर्षों से भारत में महिला अधिकारों-सुरक्षा के साथ संसद-विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी लागू करने की जमीनी लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने सबसे पहले यह मुद्दा जुलाई 1985 में नैरोबी केन्या में आयोजित यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस फॉर वूमेन में उठाया था। वे बतौर डायरेक्टर सेंटर फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) इस कांफ्रेंस में शामिल हुई थी। 157 देशों के प्रतिनिधियों में वे उस दौर की सबसे युवा महिला सदस्य थी।

डॉ. कुमारी कहती है कि, महिला आरक्षण बिल की लड़ाई बहुत वर्षों से कई महिला संगठन लड़ रहे थे। इस बिल के पक्ष में वातावरण बनाने और उसके जनसमर्थन जुटाने के लिए देशभर में अभियान चलाया गया। सांसद प्रमिला दंडवते, गीता मुखर्जी, सुमन कृष्णकांत ने इसका प्रारूप बनाया। मार्गरेट अल्वा, सुषमा स्वराज व वृंदा करात ने भी इसमें सहयोग किया। सेवन सिस्टर्स नामक संगठन ने अन्य महिला संगठनों के साथ मिलकर एक फोरम तैयार किया। ताकि इस बिल के लिए में समर्थन जुटाया जा सके। श्रीमती प्रमिला दंडवते ने 90 के शुरुआती दशक में बतौर प्राइवेट मेंबर बिल इसे पेश किया। इसके बाद ये माँग धीरे धीरे जोर पकड़ने लगी। 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पेश किया।

# पायलट प्रोजेक्ट के तहत सुखराली तालाब के पानी शुद्धिकरण में फिनलैंड दूतावास करेगा सहयोग

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### नवीनतम तकनीक का यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो हरियाणा के अन्य क्षेत्रों में करेंगे सहयोग

**प्रदेश** में पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा धरातल पर गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के तहत सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सुखराली गांव के तालाब के पानी के शुद्धिकरण के लिए फिनलैंड दूतावास से सहयोग लिया है। फिनलैंड दूतावास इस तालाब के शुद्धिकरण के लिए करीब एक करोड़ रुपये खर्च करेगा।

वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के ज्ञापन को मंजूरी दी थी। जिसमें वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम और शुद्धिकरण, अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन सहित अन्य क्षेत्रों में साझेदारी शामिल है। इसी कड़ी में सोमवार को गांधी जंयती के अवसर पर सुखराली गांव के तालाब पर आयोजित कार्यक्रम में भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेवरिता व सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण (मीकाडा) के प्रशासक डॉ. सतबीर सिंह कादियान ने इस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान फिनलैंड दूतावास में भारतीय व्यापार के परामर्शदाता व सर्कुलर इकोनामी तथा वानिकी के साथ-साथ जल संसाधन विशेषज्ञ डा. एंट्टी हर्लेवी सहित मिकाडा के मुख्य अभियंता सुरेश यादव व इंडो नार्डिक वाटर फोरम के संयोजक अंशुल जैन भी मौजूद रहे। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पर जल शुद्धिकरण की इस पूरी प्रक्रिया की निरन्तर मोनिटरिंग की जाएगी। मीकाडा के साथ फिनलैंड दूतावास का यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा तो भविष्य में इसे नगर निगम गुरुग्राम को सौंपकर अन्य तालाबों पर भी पानी शुद्धिकरण के लिए काम किया जाएगा। गांव सुखराली में राजदूत किम्मो लाहदेवरिता ने कहा कि जल शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट को फिनलैंड व भारत द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है। इस अभ्यास में इंडो नार्डिक वाटर फोरम का भी सहयोग रहेगा। उन्हें पूरी आशा है कि भविष्य में यह पायलट प्रोजेक्ट कमर्शियल प्रोजेक्ट को भी लीड करेगा। जहां इस तकनीक का इस्तेमाल लोगों के लाभ के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑक्स ट्यूब व ऑक्सीटेक रिक्लेमेशन टेक्नोलॉजी का यह प्रयास सफल रहा तो इसे हरियाणा प्रदेश सहित अन्य राज्य में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के प्रशासक डा. सतबीर सिंह कादियान ने बताया कि हरियाणा में स्वच्छ पानी की पूर्ति के लिए वे सभी उपाय किए जा रहे हैं जिससे पानी की कमी को पूरा किया जा सके। हमें लगभग 36 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी चाहिए।


गुरुग्राम के गांव सुखराली के तालाब के पानी के शुद्धिकरण के लिए प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेवरिता व सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरण ( मीकाडा ) के प्रशासक डॉ. सतबीर सिंह कादियान

# लायंस क्लब सोहना टाउन ने स्वच्छता पर रैली निकाल लोगों को किया जागरुक

### स्कूली बच्चों ने हाथों में पकड़े स्वच्छता से संबंधित स्लोगन व नारेबाजी कर जागरूक किया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना


लायंस क्लब के जनसेवक कार्यकर्ता स्वच्छता रैली की अगुवाई करते हुए।

**सामाजिक** संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शहर में स्वच्छता अभियान के तहत स्कूली बच्चों की रैली निकालते हुए लोगों को गंदगी न फैलाने का संदेश दिया। रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में पकड़े हुए स्वच्छता से संबंधित श्लोग्नों से लिखी फट्टी और नारेबाजी करके जागरुक किया।

सोमवार की सुबह 10 बजे लायंस क्लब सोहना टाउन ने शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से स्वच्छता पर रैली निकाली। इस अवसर पर क्लब के गुरुग्राम से आए पदधिकारियों समेत स्थानीय लायंस क्लब सोहना टाउन व सिटी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली में तीन अलग-अलग स्कूलों से आए करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली को शहर की पुरानी सब्जी मंडी से शिव कुंड, नेहरु बाजार, बड़ा बाजार, खेल चौक, पुराना अलवर मार्ग से होते हुए वापस अन्य बाजारों के रास्तों से होते हुए भगत सिंह चौक पर पहुंची। जहां पर रैली का समापन्न किया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान विजय अरोड़ा और पीआरओ राकेश संदूजा ने सयुक्त रुप से बताया कि समाज जागरुकता के किसी भी अवसर को उनका क्लब लोगों को जागरुक करने के अवसर को नहीं छोड़ेगा। क्योकि क्लब का उद्देश्य ही लोगों की सेवा करना है। क्लब लोगों की सेवा में सज्जगता से कार्य करना ही प्रथम कर्तव्य है। क्लब हमेशा जनसेवा को लेकर चला था और भविष्य में इससे भी अधिक सेवा करने का उद्देश्य लेकर प्रत्येक सदस्य चलता है। आम लोगों से लेकर देश की सीमाओं पर 24 घंटा सेवा करने वाले वीर सैनिकों के लिए हमेशा हौसला बढ़ाने का काम करेगा। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनसेवा का हौसला बढ़ाने के लिए हमेशा ही आगे आएगा। ताकि उनके कर्तव्यता से आम जन भी सेवा करने में आगे आए।

## अभयपुर में गांधी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरु


सोमवार से सोहना के गांव अभयपुर में ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए सतबीर पहलवान।

**सोहना।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर खंड के गांव अभयपुर में दो दिवसीय ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता शुरु। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 71 हजार रुपये तथा द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

खंड के गांव अभयुपर में पिछले 40 वर्ष से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर हर साल दो दिवसीय ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता कराई जाती है। इस बार भी सोमवार को इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस नेता एवं अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सतबीर पहलवान ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच श्यामी, जिन्नी, लीलू और बबली खटाना पहलवान, महाराज संतू समेत गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे। सरपंच श्यामी ने बताया कि पिछले 40 वर्ष से गांव के सभी लोग एकजुट होकर इस प्रतियोगिता को कराते है। गांव के लोग इस परंपरा को 100 वर्ष से भी पार लेकर जाना चाहते है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच दमदमा और हरचंदपुर के बीच कराया गया। पहले दिन क्षेत्र के लगते 12 गांवों से आने वाली टीमों के बीच मैच कराएं जाएंगे। मंगलवार को राज्य के अन्य जिले तथा पंजाब से आने वाली टीम के बीच मैच होगा। जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी अपना प्रदर्शन दिखाते है। प्रतियोगिता में बेस्ट रेड और पकड़ पर 1100 रुपये का नकद पुरस्कार होगा। इस अवसर पर सतबीर पहलवान ने बताया कि किसी भी खेल में गांव देहात में रहने वाले युवाओं ने हुनर का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और देश में लोहा मनवाते है। ग्राम पंचायत अभयपुर के ग्रामीण हर वर्ष लाखों रुपये की राशि खर्च करके इस प्रतियोगिता को चल रहे है। यहा के लोग सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता को बढ़ावा देकर खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाने का काम करते है।

# खादी उद्योग, कारीगरों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए गांधी जयंती पर यूपी के उपमुख्यमंत्री द्वारा रोपोसो खादी स्टोर फ्रंट लॉन्च किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने आज राज्य में खादी उद्योग और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए रोपोसो खादी स्टोरफ्रंट का शुभारंभ किया। यह लॉन्च गांधी जयंती के उपलक्ष्य में किया गया जो कि स्वदेशी उत्पादों, देश की कारीगर अर्थव्यवस्था और अनेकता में एकता की भावना का जश्न मनाता है।

स्टोरफ्रंट को ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया जाएगा, जो भारत के पहले यूनिकॉर्न ''इनमोबी ग्रुप'' की सहायक कंपनी है। रोपोसो देश के अग्रणी ईकॉमर्स प्लेटफार्मों में से एक है और इसने ईकॉमर्स में लाइव कॉमर्स जैसी नई श्रेणी को जोड़ा है। रोपोसो का लक्ष्य अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10,000 सफल उद्यमियों को तैयार करना है, जो छोटे और मध्यम व्यवसायों, विशेषकर महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को 360 डिग्री सहायता प्रदान करता है। लॉन्च के मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इनमोबी ग्रुप की ग्लोबल एसवीपी डॉ सुबी चतुर्वेदी और पूरी रोपोसो टीम को बधाई दी और उन्हें प्रगति और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, ''यह एक खादी क्रांति है जहां एक स्वदेशी उत्पाद एक अभिनव स्वदेशी मंच पर बेचा जाएगा; एआई-संचालित सॉफ्टवेयर पर हाथ से बना और हाथ से बुना गया है यह उत्पाद। यह भारत के डिजिटल विभाजन को जोड़ने वाला एक आवश्यक सेतु है जो डिजिटल इंडिया को डिजिटल भारत में परिवर्तित करेगा। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के लगभग एक दशक के बाद, डिजिटल भारत के लिए आंदोलन शुरू हो गया है और इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश से हुई है, जो नए भारत का विकास इंजन बनने जा रहा है।'' इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. सुबी चतुर्वेदी, वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी, इनमोबी ग्रुप ने कहा, ''ग्लांस रोपोसो सभी स्तरों पर सकारात्मक सामाजिक प्रभाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी कानपुर, यूपी से हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और साथ ही समाज और समुदाय के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। खादी कारीगरों के साथ सहयोग करके, विशेष रूप से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाकर, हमारा उद्देश्य है कि प्रधान मंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। हमारी प्रारंभिक योजना अगले 2 वर्षों में इस मंच पर 10,000 नए उद्यमियों को जोड़ने की है। विभिन्न राज्यों के साथ सहयोग करते हुए, हम कारीगरों को व्यापक प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे अपने शिल्प को वैश्विक दर्शकों के सामने ऑनलाइन प्रदर्शित करने और बेचने में सक्षम होंगे। एक सॉफ्टवेयर के रूप में जिसे गर्व से भारत में बनाया गया है, ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो, उत्तर प्रदेश से खादी उत्पादों को दुनिया भर में ले जाएगा और रोज़गार सृजन, कौशल और सेवा की त्रिमूर्ति होगी।


उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक और इनमोबी ग्रुप की ग्लोबल एसवीपी डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने गांधी जयंती पर रोपोसो खादी स्टोरफ्रंट का शुभारंभ किया।

# एक ऐसा पक्षी प्रेमी जो खुद से ज्यादा पक्षियों से करता है प्रेम

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**मेवात** का एक लड़का अपनी जान से ज्यादा पक्षियों से करता है। प्यार परिंदे भी उसे इसी तरह करते हैं। पक्षी और इंसान की इस दोस्ती को जो देखता है , वही उसका कायल हो जाता है।

आज के वक्त में जहां रोजाना रिश्तों का कत्ल हो रहा है। इंसान-इंसान की जान लेने पर तुला हुआ है, वहीं यह अजब-गजब दोस्ती इंसानों को भी कुछ सीख दे रही है। जानवर व पक्षियों की तो बात अलग है। इंसान ने इंसान से मोहब्बत करना छोड़ दिया है। इंसान-इंसान का दुश्मन बना हुआ है। लेकिन धरती पर कुछ ऐसे लोग भी निवास करते हैं जो इस सबको दरकिनार कर इंसान ही नहीं बल्कि जानवरों से भी प्यार करते हैं। ऐसा ही एक मामला हरियाणा के नूंह जिले के गुलालता गांव में है, जहां पर एक जफर पहलवान नाम का नौजवान लड़का अपनी जान वे अपने परिवार से ज्यादा पक्षियों को प्यार करता है।

### बेजुबान भी कुछ इस तरह से करते हैं प्यार

जफर पहलवान अपने घर पर पक्षियों को पालता है और उनकी सेवा करता है। बता दें की जफर पहलवान ने अपने घर पर तोता, कोयल जैसे पालतू पक्षी पाले हुए हैं। जिनसे व जान से ज्यादा प्यार करता है ।

परिंदे जफर की हर भाषा-हर इशारे को समझते हैं। अगर एक पक्षी जफर पहलवान के ऊपर बैठ जाता है तो दूसरा पक्षी भी पीछे नहीं रहता। हद तो तब हुई गई जब परिंदे एक- दूसरे ज्यादा प्यार दिखाने के लिए उनके होठों को चूमते हैं। जफर पहलवान के होठों की किस पर तोता आपस में लड़ते हैं और अपनी वफादारी व प्यार का सबूत देते हैं। पक्षी व इंसान का यह अजीबोगरीब प्यार मीडिया के कमरे में कैद हुआ। जफर पहलवान ने बताया कि मुझे बचपन से पक्षी पालने का बड़ा शौक है।



मैं बचपन से ही पक्षियों का शौकीन हूं और पक्षी पालता हूं। मैं अपनी जान व अपने परिवार से ज्यादा इन पक्षियों का ख्याल रखता हूं और यह पक्षी भी मुझसे बेइंतहा मोहब्बत करते हैं। हर वक्त मेरे साथ घूमते हैं, मेरे साथ सोते हैं और जैसे मैं आवाज निकालता हूं, उसी तरह तोता भी बोलते हैं। उन्होंने कहा कि आज के वक्त में पक्षी गायब होते जा रहे हैं, उनका यही कारण है कि जंगलों से वृक्ष काटे गए, कच्चे मकान, पक्के मकान हो गए। उन्होंने कहा कि अपने मकानो में पक्षियों के लिए भी थोड़ी जगह दें। उनके लिए घोंसले बनाएं, पीने के लिए पानी व खाने के लिए दाने रखें तो इंसान से ज्यादा वफादार परिंदे हैं।

# गांधी के विचारों से चलेगा मुल्क, गोडसे की विचारों का विरोध जरुरी : महताब

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**कांग्रेस** ने जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया। पीसीसी सदस्य ऐडवोकेट महताब अहमद की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को खिराज ए अकीदत पेश की। कांग्रेस नेता महताब अहमद ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी में सबसे महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी व राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का विश्व में आज भी ऐतिहासिक महत्व इसलिए है कि वो अहिंसा, त्याग, सत्य व ईमानदारी की मूर्त थे। महात्मा गांधी ने देश के हर वर्ग व धर्म के लोगों को साथ लेकर देश को आज़ादी दिलाई थी लेकिन कुछ नफ़रती लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी। महताब अहमद ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी सच्चे गान्धीवादी थे जिन्होंने अपना जीवन गरीबों की सेवा में लगाया।भारतीय स्वाधीनता संग्राम



के सभी महत्वपूर्ण आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही जिसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। महताब अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा के बारे में लोग जानते थे, परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया, उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में देखने को नहीं मिलता। तभी संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2007 से गांधी जयंती को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की।

चौधरी महताब अहमद ने कहा कि मौजूदा समय में उन लोगों के पाखंड को भी बेनकाब करना होगा जो गांधीवादी प्रतीकों का इस्तेमाल तो करते हैं, लेकिन उनके विचारों पर चलना नहीं चाहते। ऐसे लोग गांधी के हत्यारे गोडसे के विचारों और कृत्यों का महिमामंडन भी करते हैं।

महताब अहमद ने कहा कि इस गांधी जयंती पर हम सभी उन गांधीवादी संगठनों के साथ खड़े हों, जो उन ताकतों द्वारा घेर लिए गए हैं, जो न केवल जीवन भर महात्मा गांधी से लड़े, बल्कि जिन्होंने ऐसा माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण बापू की हत्या हुई। गोडसे के विचारों और कार्यों का महिमामंडन करने वाले लोग समाज में नफ़रत को बढाने व भाईचारे को खराब करने के पक्षधर लोग हैं। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि आजादी के पश्चात बंटवारे के दौरान महात्मा गांधी ने मेवात के लोगों के लिए सकारात्मक कोशिश की थी और मेवातियों को देश की रीढ की हड्डी की संज्ञा तक दी थी। लेकिन कुछ मेवाती नेता आजकल गोडसे की विचार धारा को मेवात में प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं, ऐसे नेताओं से भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। महताब अहमद ने कहा कि मेवात की सरजमीं गांधी विचारधारा की धरती है यहां सिर्फ भाईचारा फलता फूलता है और नफरत यहां सदैव हारी है। इस दौरान पीसीसी डेलीगेट शरीफ अड़बर, आमिल चेयरमैन, प्रवीण चेयरमैन इंडरी, असरफ सरपंच घासेड़ा, साजिद सरपंच सलम्बा, मास्टर जमील सरपंच टाई, संजय खांन सरपंच बेंसी, यूनुस सरपंच कोटला, आस मोहम्मद सरपंच रेवासन, जककी सलम्बा, बिजेंद्र उजीना, सुरेंद्र उर्फ मंत्री आकेड़ा, हसीन राईपुरी, अखतर चंदेनी, पप्पू नुहं, हसन नोसेरा, रशीद आकेड़ा, अल्ताफ डीके धांधूका, आबिद बाई, शमीम चंदेनी, आफाक सालाहेड़ी आदि मौजूद थे।

# नूंह पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### चोरी की चार बाइक बरामद, गुरुग्राम, दिल्ली, मथुरा और अलवर से बाइक चोरी करना कबूला

**जिले** की पुन्हाना अपराध जांच शाखा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने दोनों आरोपियों से 4 चोरी की हुई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों की पहचान मुजककिल पुत्र आशु व मौसिम पुत्र खुर्शीद निवासी कोट जिला पलवल के रूप में हुई है। दोनों आरोपी चोरी की बाइक को पुन्हाना बेचने के लिए आए थे। पुन्हाना अपराध जांच शाखा प्रभारी संदीप मोर ने बताया कि पुन्हाना सीआईए की एक टीम अपराध की रोकथाम के लिए बस स्टैंड के समीप मौजूद थी। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुजककिल और मौसिम दोनों बाइक चोरी का धंधा करते हैं। जो चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को बेचने के लिए पुन्हाना के बिसरू मोड़ पर आए हुए हैं। जिस सूचना के आधार पर पुलिस ने बताएं गए स्थान पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित काबू किया । आरोपियों से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे लेकिन वे पुलिस को कोई कागजात पेश नहीं कर पाए। आरोपियों ने मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी। जिसके बाद साइबर सेल की मदद से मोटरसाइकिल के चेचिस नंबर और इंजन नंबर को चेक कराया गया। जांच में पाया गया कि उक्त आरोपियों ने आईएमटी मानेसर से उपरोक्त मोटरसाइकिल को चोरी किया था, जिसका मुकदमा भी गुरुग्राम के सेक्टर 7 थाने में दर्ज है। सीआईए प्रभारी ने आगे बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन और मोटरसाइकिलों को बरामद किया । आरोपियों द्वारा गुरुग्राम, दिल्ली और अलवर राजस्थान से तीन स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा मथुरा से क्र5 मोटरसाइकिल को चोरी किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### नूंह शहर में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नूंह।** मेडिकल कॉलेज नलहड़ एक कदम स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं श्रम योगदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नरेंद्र शर्मा समिति चेयरमैन, हेमराज शर्मा दिहना भाजपा मंडल अध्यक्ष, मोहम्मद जैद जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा, मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर पवन गोयल एवं मेडिकल स्टाफ का भी काफी सहयोग रहा। यह कार्यक्रम नूंह शहर नगर पालिका से लेकर शहीदी पार्क खेड़ला मोड तक किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत नूंह शहर से लेकर शहीदी पार्क तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया जिसमें शहर की सफाई की गई। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में भी पूरी तरह साफ सफाई का काम किया गया। इस अवसर पर ज्ञानचंद आर्य जिला कोषाध्यक्ष संजय मनोचा अध्यक्ष नगर परिषद, सभी नगर पालिका स्टाफ भी मौजूद रहा।

### सड़क पार कर रही वृद्धा को तेज रफ्तार गाड़ी ने किया घायल

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव लाखूवास में सड़क पार कर रही वृद्व महिला तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से घायल हो गई। पीडित वृद्व महिला को सोहना से गुरुगाम और गुरुग्राम से डॉक्टरों द्वारा रेफर करने के बाद दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में दाखिल कराया है। शहर थाना पुलिस ने घटना के 11 दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। गांव लाखूवास निवासी कैलाश ने पुलिस को बताया कि वह 20 सितम्बर को सुबह 10 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था। उसकी ताई बिमला पलवल-सोहना मार्ग को पार कर रही थी। उसी समय पलवल की तरफ से तेज गति से आ रही गाड़ी के चालक ने उसकी ताई को टक्कर मार दी। चालक अपनी गाड़ी को लेकर मौके से भाग गया। घायल बिमला को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम और गुरुग्राम के बाद दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में दाखिल कराया है। लेकिन बिमला हादसे के 10 दिन बाद भी अपने ब्यान पुलिस को देने में असमर्थ होने के कारण उसने अज्ञात चालक के खिलाफ शिकायत दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है।

### पुलिस ने अपराधी को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** पुलिस ने शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी में अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से अवैध हथियार और एक जिंदा रौंद बरामद किया है। पकड़ा गया बदमाश के खिलाफ शहर थाना सोहना में मामला दर्ज कराया है। शनिवार की शाम अपराध शाखा सिकंदरपुर में तैनात हवलदार स्थानीय बस स्टैंड पर गश्त कर रहा था। तभी उसे मुखबर ने बताया कि उत्तर प्रदेश का जिला ऐटावा गांव बहादुरपुर निवासी अशोक अपराधिक प्रवृति का है। वह इस समय फ्रेंड्स कॉलोनी में हथियार लेकर खड़ा है। किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मौके पर पहुंच अशोक को दबोच लिया। जिसके पास से एक अवैध हथियार और जिंदा रौंद बरामद कर लिया।

### खंड स्तर पर कलश में एकत्रित की गई मिट्टी और चावल



**मेवात।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर मेरी माटी- मेरा देश अभियान के दूसरे चरण में पूरे देशभर में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमृत कलश यात्रा के माध्यम से गांवों व शहरी क्षेत्र से घरों से चावल व मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है। जिला में 20 से 30 सितंबर तक गांव स्तर से चावल और मिट्टी एकत्रित किए गए। दो अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां गांवों से एकत्रित की गई मिट्टी और चावल को एक कलश में डाला गया। दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इस मिट्टी व चावल का प्रयोग कर्तव्य पथ अमर शहीदों व बलिदानियों की याद में बन रहे स्मारक में किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ने कहा है कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत सोमवार को जिलाभर में खंड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गांवों से एकत्रित की गई मिट्टी चावल को एक खंड के हिसाब से एक कलश में डाला गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान नागरिकों ने राष्ट्र व समाज के प्रति समर्पण भावना की शपथ भी ली। जिला मुख्यालय पर बीडीपीओ कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि नूंह ब्लॉक स्तर का कार्यक्रम बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां पर गांवों से एकत्रित की गई मिट्टी व चावल को एक कलश में डाला गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ने उपस्थित लोगों को समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना की शपथ भी दिलाई। स्वच्छ भारत-स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली 15 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया।

# पीएम के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के समापन पर लगा रक्तदान शिविर

### विधायक सुधीर सिंगला ने एक आवाज की ओर से लगाए शिविर का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के समापन दिवस व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

एक आवाज संस्था की ओर से जैकबपुरा स्थित प्रजापति धर्मशाला में चौथे रक्त दिन शिविर का रहा। विधायक सुधीर सिंगला ने रिब्बन काटकर शिविर का शुभारंभ किया।



जैकबपुरा में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

साथ ही रक्तदाताओं को इन नेक कार्य के लिए बधाई दी। रक्त दाताओं को सम्मानित भी किया। इस शिविर में 73 यूनिट रक्त दान हुआ। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि एक आवाज संस्था रक्त दान शिविर लगाने जैसे सामाजिक कार्य समय-समय पर करती है। संस्था के सभी सदस्यों को वे इसके लिए बधाई देते हैं। कार्यक्रम में सूरज गोयल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी पिंटू, आशीष गुप्ता, प्रमोद कौशिक, धीरज गुप्ता, सुनील सिंगला, सुरेंद्र डागर, देवेंद्र यादव, ईश्वर मित्तल, रामकिशन गुप्ता, कमल सलूजा, राजेश गुप्ता, राजीव मित्तल, महेश यादव, विजय परमार, अजय जैन, सुमित कपूर, हरी गोयल तलवाड़िया, संदीप गुप्ता, कमल सलूजा, अमित सैनी, अक्षित, उत्कर्ष, राहुल, साहिल पंडित, संदीप यादव और निशान्त अहलावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बेलगाम गाड़ी ने वृद्ध को घायल कर दुकान में मारी टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** के बीचों बीच चालक ने बेलगाम टैक्सी गाड़ी को दौड़ते हुए वृद्व को टक्कर मारने के बाद बैंड रेहड़ी, दुकान और कार को टक्कर मारी। क्षतिग्रस्त टैक्सी गाड़ी को लेकर भागा चालक को करीब 5 किलोमीटर पीछा करने पर दबोच लिया। घायल वृद्व को पहले स्थानीय नागरिक अस्पताल में तथा बाद में नूंह के नहल्लहड़ अस्पताल में दाखिल कराया है।

सोमवार की सुबह 7 बजे अज्ञात चालक टैक्सी से शहर के शिव कुंड पर यात्री को छोड़कर वापस गुरुग्राम जा रहा था। शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक के निकट अस्पताल मार्ग चालक ने गाड़ी को तेजी से दौड़ाने लगा। लगत दिशा गाड़ी बेकाबू होने पर समाने आ रहा वृद्व को टक्कर मारी। फिर सड़क किनारे खड़ी बैंड



सोहना में सोमवार की सुबह हुआ सड़क हादसा में क्षतिग्रस्त गाड़ी।

की रेहड़ी से टकराई। रेहड़ी से टकराने पर गाड़ी दाएं से बाएं तेजी से आई और दुकान के बंद शटर से टकरा गई। इस दौरान दुकान के सामने खड़ी कार भी बेलगाम गाड़ी की टक्कर लगने से सामने खड़ी बिजली के पोल से जा भीड़ी। लेकिन कार में अधिक नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय निवासी घायल रघुबीर को पहले पहले नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। उसके बाद रेफर कर देने पर नूंह के नल्लहड़ अस्पताल में दाखिल कराया है। घायल रघबीर रात के समय चौकीदारा की ड्यूटी करके अपने घर जा रहा था।

**पांच किलोमीटर पीछा करने पर पकड़ा :** अज्ञात चालक अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी को मौके से लेकर फिर भागने लगा। लेकिन गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण अधिक तेज नहीं दौड़ रही थी। आखिर बाइक सवार दो युवकों ने पीछा करते हुए गुरुग्राम मार्ग पर करीब 5 किलोमीटर चलने पर पकड़ लिया। चालक गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा करके भाग गया।

गाड़ी मालिक को फोन करके बुला लिया है। एक दिन के लिए गाड़ी को लेकर आया अज्ञात चालक की लताश की जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। टैक्सी गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**( राजबीर सिंह-शहर चौकी प्रभारी )**

# भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने उठाई सफाई कर्मियों की आवाज

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**पटौदी** से भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सफाई कर्मचारियों की आवाज उठाते हुए सरकार से मांग की है कि उन्हें सेमी स्किल्ड वर्कर का दर्जा दिया जाए। सफाई कर्मचारियों का काम बहुत ही कठिन है, इसलिए उनका मानदेय सेमी स्किल्ड वर्करों के बराबर होना चाहिए। यह बात उन्होंने सोमवार को मानेसर नगर निगम की ओर से गांव नौरंगपुर वाटिका में स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर कही।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मानेसर नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग से कहा कि वे नगर निगम में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान भारत और चिरायु योजना में शामिल कराएं, ताकि सफाई कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्य को सुगम इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम



मानेसर नगर निगम के गांव नौरंगपुर वाटिका में स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों देखते विधायक सत्यप्रकाश जरावता व निगमायुक्त अशोक गर्ग।

सभी सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआई का भुगतान भी सुनिश्चित करे। महिला सफाई कर्मचारियों व उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक व आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों के साथ जमीन पर बैठकर कार्यक्रम देखा।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि सफाई का काम बहुत ही जटिल है। अपनी पूर्व की यादों को ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय था जब वे बैंक में नौकरी करते थे। उनकी पत्नी भी नौकरी करती थी। वे अपनी पत्नी को सुबह नौकरी पर छोड़ने के लिए जाते थे, तो सुबह की पहली चाय वे गुरुग्राम में सफाई कर्मचारियों के साथ ही पीते थे। विधायक ने कहा कि महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह जल्दी काम के लिए निकलना पड़ता है, जिस कारण वे अपने बच्चों को स्कूल के लिए तैयार नहीं कर पाती। इसलिए उनकी अपील है कि महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह नौकरी पर आने के लिए कुछ समय की छूट दी जाए। वे भी अपने बच्चों को स्कूल के तैयार कर सके। उनके बच्चों को भी शिक्षा प्राप्त करके बड़ा व्यक्ति बनने का हक है।

# कृषि-खाद्य प्रणाली व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महिलाओं को मजबूत करना जरूरी: डॉ. सीमा जग्गी

### अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में महिलाओं की कृषि में भागीदारी पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**देश** में अन्य क्षेत्रों की तर्ज पर कृषि के क्षेत्र में भी महिलाएं तेजी से आगे बढ़ती जा रही हैं। कृषि के सहायक धंधों में लगी महिलाओं को अगर सही दिशा में जागरूक किया जाए तो महिलाएं कृषि के क्षेत्र में भी अपना नाम कमा सकती हैं।

यह बात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की सहायक निदेशक (मानव संसाधन विका) डॉ. सीमा जग्गी ने ग्रेमेटर्स कम्यूनिकेशंस तथा डेवलपमेंट कम्यूनिकेशंस प्लेटफॉर्म फिजीहा के



अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में महिलाओं की कृषि में भागेदारी पर चर्चा करते विशेषज्ञ।

तत्वाधान में आयोजित वेबीनार में कही।

आगामी 9 से 12 अक्टूबर तक नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय लैंगिक अनुसंधान सम्मेलन होने जा रहा है। इसी सम्मेलन की ओर बढ़ते हुए हरियाणा व पंजाब पर आधारित ऑनलाइन मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था-अनुसंधान से असर तक न्याय संगत व लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर। डॉ. जग्गी ने कहा कि अनुसंधान अच्छी नीतियों की रीढ़ होता है और आईसीएआर महत्वपूर्ण अनुसंधान के मामले में अग्रिम मोर्चे पर रहती है। आईसीएआर ने इस विषय के लिए एक खास महिला केन्द्रित सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर वूमन इन एग्रीकल्चर का निर्माण किया है।

मैरियन गेडबर्ग और डॉ. नवनीत आनंद के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में अलायंस फॉर ए ग्रीन रिवोल्यूशन इन अफ्रीका (एजीआरए) की डॉ. रहमा ऐडम ने कहा कि महिलाओं की चुनौतियों के सफल समाधान के लिए बाजारों में महिलाओं के सीमित अवसरों, उनकी मांगों व जरूरतों पर शोध की आवश्यकता है।

ऐसे साक्ष्य व सिफारिशें तैयार करनी होंगी जिनसे भारत जैसे देशों में सक्षमकारी नीतियों के बारे में सूचित किया जा सके। सीजीआईएआर की अनुसंधान प्रमुख डॉ. रंजीता पुस्कुर ने कहा कि भारत में 1.35 करोड़ से 1.57 करोड़ के बीच उद्यम ऐसे हैं, जिनका स्वामित्व महिलाओं के पास है।

संख्या व गुणवत्ता को गति देकर तीन करोड़ से अधिक महिला स्वामित्व वाले उद्यम तैयार किए जा सकते हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत महज स्व-रोजगार से बढ़कर होंगे। इससे लगभग 15 से 17 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। युवा जेंडर व समावेशन की निदेशक सब्दियो दिदो बाशुना ने बताया कि बाजारों में अवसर पाने की इच्छुक महिलाओं के सामने पूंजी निवेश, वित्तीय योजना व नेटवर्क जैसी प्रतिस्पर्धी परिसम्पत्तियों तक सीमित पहुंच, उत्पादों व सेवाओं के लिए बाजार पहुंच का अभाव तथा जेंडर के आधार पर रुकावटी नियमों समेत इससे संबंधित अन्य बाधाएं हैं।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

I, Ramdular Singh Anuragi S/o Sh. Jeet Bahadur Singh R/o A2/1402, KLJ Green Sector-77, Neemka Faridabad-121004, have changed my name to Ramdular Singh for all purposes.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मणिपुर में अशांति

## दु:खद घटना

**मणिपुर** में दो छात्रों की दु:खद हत्या के कारण अशांति पैदा हो गई है। आमतौर से देश-दुनिया में मणिपुर को अपनी आकर्षक दृश्यावलियों व जीवन्त संस्कृति के लिए जाना जाता है। लेकिन दो मैतेई छात्रों की दु:खद हत्या के कारण यहां फिर अशांति फैल गई है। वर्तमान समय में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इन हत्याओं ने स्थानीय जनता का गुस्सा भड़का दिया है और वह न्याय की मांग कर रही है। 20 वर्षीय फिजाम हेमजित तथा 17 वर्षीय हिजाम लिथोइनगैंबी की लाशें हाल में मिलीं, जबकि वे 6 जुलाई, 2023 से गायब थे। इनकी हत्या का आरोप कुकी उग्रवादियों पर है। इस संबंध में दो फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गए हैं जिनमें से एक में उनकी लाशें दिखाई गई हैं और दूसरे में उनको दो सशस्त्र उग्रवादियों के बीच डरा हुआ दिखाया गया है। इसकी प्रतिक्रिया में हजारों छात्र इम्फाल की सड़कों पर 26 सितंबर को उतरे। हेमजित और लिथोइनगैंबी के गायब होने व हत्या की घटना ऐसे समय हुई है जब राज्य काफी समय से व्यापक हिंसा का शिकार है। हिंसा के कारण सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून-अफस्पा का विस्तार मणिपुर में 6 महीने और कर दिया गया है। हालांकि, यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इस विस्तार में इम्फाल घाटी तथा असम सीमा से सटे केवल 19 थाना क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अफस्पा का विस्तार ऐतिहासिक रूप से मणिपुर में विवादास्पद मुद्दा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों के हत्यारों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी व उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महत्वपूर्ण रूप से केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई की एक टीम उसके विशेष निदेशक अजय भटनागर के



नेतृत्व में इम्फाल भेजी गई है जो दो छात्रों के कथित अपहरण और हत्या की जांच करेगी। यह कदम मणिपुर सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद उठाया गया है ताकि पूरे मामले की गहन व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में इंटरनेट सेवायें स्थगित कर दी हैं तथा स्कूल व कालेज बंद रहेंगे।

इस दु:खद घटना पर अनेक राजनीतिक प्रतिक्रियायें आई हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री एन. बीरेन्द्र सिंह की सरकार को भंग करने की मांग करते हुए उसे 'अक्षम' बताया है। मणिपुर की हिंसा वास्तव में गंभीर समस्या है और पूरे देश को इसके समाधान की चिन्ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बीरेन्द्र सिंह केन्द्र सरकार के पूरे सहयोग से समस्या से निपटने के प्रयास कर रहे हैं और काफी सीमा तक सफल भी रहे हैं। ऐसे में केवल 'संकुचित राजनीतिक' दृष्टिकोण से उनकी सरकार भंग करने की मांग उचित नहीं है। मणिपुर की समस्या के गहन, तटस्थ व न्यायोचित विश्लेषण की जरूरत है। यह समस्या पहले की सरकारों की दशकों से जारी 'यथास्थितिवादी' व 'तुष्टीकरण' नीतियों का परिणाम है। इनके चलते जहां सीमापार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई और राज्य की जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास किया गया, वहीं नशे के व्यापारियों, हथियारों के स्मगलरों व संगठित अपराधियों में कुछ राजनेताओं की मिलीभगत से राज्य के प्राकृतिक संसाधनों व सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की होड़ लग गई। इससे राज्य के बहुसंख्यक समुदाय में गंभीर असुरक्षा की भावना पैदा हुई। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने तथा अपराधियों पर नियंत्रण के कठोर कदमों को अब कुछ तत्व 'मानवाधिकार उल्लंघन' के रूप में पेश कर रहे हैं। उम्मीद है कि राज्य व केन्द्र सरकार ऐसे 'निहित स्वार्थी' तत्वों पर लगाम लगाने में सफल होंगे तथा राज्य में जल्दी ही शांति व समृद्धि का माहौल बनेगा।

# तेजी से विलुप्त होते पवित्र उद्यान

देश में 'पवित्र उद्यान' तेजी से गायब होते जा रहे हैं। इसका कारण परंपरागत विश्वासों में आ रही कमी है, जिससे इनके संरक्षण में सहायता मिलती थी।



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



प्रख्यात कवि वायलार रामवर्मा ने अनेक रोमांटिक व क्रांतिकारी कविताओं की रचना की है। इनके शीर्षक 'पुझाकल', 'मलाकल', 'पूवनांगल', 'भूमिक्कू किट्टिया श्रीधनांगल', आदि हैं। इनका अर्थ नदियां, पहाड़, उद्यान तथा धरती माता द्वारा दिए उपहार है। 1969 की ब्लाकबस्टर फिल्म 'नाडी' एक कथा पर आधारित थी जो केरल की सबसे लंबी नदी पेरियार के तटों पर घटित होती है। वायलार ने इन गीतों की रचना बहुत पहले उस समय की थी जब पर्यावरणविद व परिस्थितिकीविद चर्चा का विषय नहीं बने थे।

लगभग 6 दशक बाद हम देख रहे हैं कि इस धरती ग्रह पर व खासकर भारतवर्ष में रहने वाले लोग धरती माता द्वारा दिए उपहारों को बहुत क्रूरता के साथ नष्ट कर रहे हैं। भारत में 1950 के दशक में वन क्षेत्र लगभग 40 प्रतिशत था, पर अब सदाबहार वन हमेशा के लिए नष्ट हो गए हैं। खासकर देश के वर्षा वन विकास के नाम पर नष्ट किए जा रहे हैं। दुख की बात है कि वर्तमान नीतियों के कारण न विकास हो रहा है और न वन बच रहे हैं। अपने नेताओं के जन्म दिवस व अन्य अवसरों पर विभिन्न दलों के राजनेता सैकड़ों-हजारों पौधे लगाते हैं, पर टीवी कैमरों व पत्रकारों के उस स्थान से चले जाने के बाद ये पौधे फलने-फूलने के बजाय सूख कर कूड़ेदानों में चले जाते हैं। इन पौधों की देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं व नेताओं द्वारा अपनी पार्टी सुप्रीमो जयललिता के जन्मदिवस के अवसर पर हर साल लगाए गए पौधों की संख्या पर गौर किया जाए तो पूरा राज्य अब तक जंगल में बदल गया होता। लेकिन विडंबना है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

भारत की वन संपदा लगातार 'विकास' के नाम पर नष्ट होती जा रही है। ढांचागत विकास, शहरीकरण, औद्योगीकरण व वाणिज्यिीकरण का शिकार आमतौर से पेड़-पौधे व वन होते हैं। केरल से संसद सदस्यों का एक समूह सबरीमाला तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए आंदोलन कर रहा है। हरियाली व वनों से भरे पश्चिमी घाटों के एक पहाड़ पर यह पवित्र तीर्थस्थान स्थित है। इसे केवल नवंबर से जनवरी के बीच त्योहार के मौसम में ही जनता के लिए खोला जाता है। प्रस्तावित रेल लाइन के कारण सैकड़ों हेक्टर जंगल नष्ट हो जाएगा जिसे 'पवित्र उद्यान' के नाम से जाना जाता है। राजस्व खुफिया के पूर्व प्रमुख तथा देश में 'सुपर स्ल्यूथ' के नाम से लोकप्रिय बी.वी. कुमार ने पैदल पश्चिमी घाटों की यात्रा की थी। उनको यह देख कर बहुत आश्चर्य हुआ था कि अन्नामलाई पहाड़ों की चोटियों पर उच्च-गुणवत्ता वाली भांग उगाई जा रही है। उनका मानना है कि इस 'सामग्री' के कोच्ची तक परिवहन में सुविधा प्रदान करने के लिए ही रेलवे लाइन की मांग की जा रही है। वनों के विनाश के साथ ही वन संपदा के लुटेरे व उसका वाणिज्यिक लाभ उठाने के लिए प्रयासरत निहित स्वार्थी तत्व देश भर में स्थानीय समुदायों द्वारा लगाए तथा संरक्षित 'पवित्र उद्यानों' को भी नष्ट करने पर आमादा हैं।

'पवित्र उद्यान' देश की एक महत्वपूर्ण विरासत हैं और ये सूरत से सिल्चर तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न स्वरूपों में पाए जाते हैं। इन पवित्र उद्यानों या 'मिनी-जंगलों' का क्षेत्र 2 से 25 हेक्टर तक हो सकता है। ये उस क्षेत्र की प्राकृतिक जैव-विविधता का संरक्षण करते हैं। इन वनों में अन्य जीवों व वनस्पतियों के अलावा अनेक विरले औषधीय पौधे, झाड़ियां व पेड़ पाए जाते हैं। इनमें से कुछ 'पवित्र उद्यान' शहरों व कस्बों के किनारे स्थित हैं। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी इन पवित्र उद्यानों का सम्मान तथा उनकी पूजा करते हैं और किसी को भी वहां जाने नहीं देते हैं। स्थानीय समुदायों के अनेक बुजुर्ग लोग बच्चों को इन 'पवित्र उद्यानों' से जुड़ी कहानियां सुनाते हैं। लेकिन अब ये पवित्र उद्यान अनेक कारणों से बड़ी तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। इस बारे में अनेक पर्यावरणविदों व परिस्थितिकीविदों ने गंभीर चिन्ता जताई है।

इस संबंध में चेन्नै के 'सीपीआर इन्वायरमेंटल एजुकेशन सेंटर' ने गहन और विस्तृत अध्ययन किया है। डा. नन्दिता कृष्णा की अध्यक्षता में हुए इस अध्ययन से पता चला है कि 'पवित्र उद्यान' बहुत खतरनाक तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। विडंबना है कि इनको नष्ट करने में अनेक नागरिकों का ही हाथ है। ये पवित्र उद्यान स्थानीय देवी-देवताओं व पेड़ों की आत्माओं के प्रति स्थानीय जनता की श्रृद्धांजलि है। अनेक लोगों ने देवी-देवताओं की मिट्टी की मूर्तियां लगाई हैं और उनकी पूजा अपने संरक्षकों के रूप में की जाती है। भारतवर्ष में 'प्रकृति पूजा' की समृद्ध एवं प्राचीन परंपरा रही है जिसने प्रकृति के संरक्षण में अभूतपूर्व व असाधारण भूमिका निभाई है। इस संबंध में डा. नंदिता कृष्णा ने अपने शोध पत्र में लिखा है, 'पवित्र उद्यानों को मिले सम्मान का स्तर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में अलग-अलग है। कुछ वनों में सूखी पत्तियों तथा गिरे हुए फलों को भी नहीं छुआ जाता है। लोगों का विश्वास है कि किसी प्रकार की बाधा से स्थानीय देवी-देवता नाराज हो जाएंगे जिसके कारण बीमारियां या प्राकृतिक आपदायें आ सकती हैं अथवा फसलें खराब हो सकती हैं।

उदाहरणार्थ, पूर्वोत्तर भारत के गारो व खासी आदिवासी पवित्र उद्यानों में किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करते हैं। अन्य स्थानों पर सूखी पत्तियां या सूखी लकड़ी उठाई जा सकती है, पर जीवित पेड़ या उसकी शाखायें कभी नहीं काटी जाती हैं। उदाहरण के लिए, मध्य भारत में रहने वाले गोंड पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगाते हैं, पर पेड़ से गिरे हुए हिस्सों का उपयोग करते हैं।' सीपी रामास्वामी अय्यर की प्रपौत्री डा. कृष्णा अपने पैतृक निवास में रहती हैं जिसका नाम 'द ग्रोव' रखा गया है।

अक्सर उद्यानों के साथ ही तालाब, झरने या जलधारायें होती हैं। इनसे स्थानीय जनता की पानी की आवश्यकतायें पूरी होती हैं। पवित्र उद्यानों का वानस्पतिक आच्छादन जल स्त्रोतों को जीवन्त बनाए रखने में सहायक होता है। पवित्र उद्यानों का यह वानस्पतिक आच्छादन क्षेत्र में मृदा का स्थायित्व बनाए रखने के साथ ही मृदा क्षरण रोकता है। हालांकि, पूरे देश के 'पवित्र उद्यानों' के बारे में कोई समग्र व व्यापक अध्ययन नहीं हुआ है, पर विशेषज्ञों का अनुमान है कि पूरे भारत में पवित्र उद्यानों की संख्या 1,00,000 से 1,50,000 के बीच हो सकती है। देश भर के पवित्र उद्यानों को अनेक कारणों से गंभीर संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि देश के एक भाग या एक वन क्षेत्र में पवित्र उद्यानों पर संकट की प्रकृति दूसरे क्षेत्र में पाए जाने वाले पवित्र उद्यानों पर खतरे से भिन्न हो सकती है। लेकिन सामान्य रूप से पाया गया है कि परंपरागत विश्वास व्यवस्था की कमी के कारण पवित्र उद्यानों पर संकट मंडरा रहा है। परंपरागत विश्वास देश के विभिन्न भागों में 'पवित्र उद्यानों' के संरक्षण में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन परंपरागत विश्वासों की अवधारणा पर ही पवित्र उद्यानों का अस्तित्व निर्भर करता है। लेकिन विडंबना है कि आज की भौतिकवादी दुनिया की अंधी दौड़ में इन व्यवस्थाओं व कर्मकांडों को 'अंधविश्वास' कहा जाता है।

देश में अधिकांश बड़े जंगलों के क्षेत्रफल में आई कमी का कारण इनमें लगातार बढ़ता मनुष्यों का हस्तक्षेप है। मजेदार बात है कि अनेक वन आज प्रकृति पूजा के आदिम स्वरूपों के 'संस्कृतिकरण' के कारण भी खतरों का सामना कर रहे हैं। 'संस्कृतिकरण' की इसी प्रक्रिया के कारण जनता का बड़ा हिस्सा 'प्रकृति पूजा' के बजाय मंदिरों में की जाने वाली पूजा की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि, इससे हमारी जनसंख्या का बड़ा हिस्सा प्रकृति से दूर होता जा रहा है तथा इससे प्रकृति व खासकर 'पवित्र उद्यानों' का संरक्षण प्रभावित हो रहा है। वनों व पवित्र उद्यानों पर खतरे का एक बड़ा कारण 'यूपेटोरियम ओडोरेटम', 'लैंटाना कमारा' व 'प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा' जैसी जंगली प्रजातियां हैं। हमें पवित्र उद्यानों का संरक्षण करने के लिए वैज्ञानिक मिजाज व सेक्युलर पहचान छोड़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन हमें धरती की रक्षा के लिए प्रकृति के संरक्षक वनों व पेड़-पौधों की सुरक्षा भी जरूर करनी होगी।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी

> "दुनिया भर में बढ़ती बेरोजगारी का विश्व अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर गंभीर असर हो सकता है"





सुनील गोयल
डिम्पल खोखर

आईएलओ ग्लोबल एम्प्लॉयमेंट ट्रेंड्स फॉर यूथ 2022: एशिया एंड द पैसिफिक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 15 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं की बेरोजगारी दर 2022 में 14.9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि है। वैश्विक औसत के समान। जबकि यह दर पिछले वर्ष की दर (15.5 प्रतिशत) से कमी दर्शाती है, यह 2019 में महामारी-पूर्व बेंचमार्क 13.3 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।

क्षेत्रीय समुच्चय से परे, बेरोजगारी दर और अन्य श्रम बाजार संके तकों के विकास में उप-क्षेत्रों और देशों के बीच महत्वपूर्ण अंतर हैं। दक्षिणी और पूर्वी एशिया दोनों में, 2022 में युवा बेरोजगारी दर पूर्व-महामारी बेंचमार्क से 1 प्रतिशत अंक से कम होने का अनुमान है, जबकि दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में, इसी दर को 2 प्रतिशत अंक अधिक होने का अनुमान है। . श्रीलंका में, जो वर्तमान में भुगतान संतुलन और संप्रभु ऋण संकट का सामना कर रहा है, 2021 की दूसरी तिमाही में युवा बेरोजगारी 30.0 प्रतिशत थी, जबकि वियतनाम में, जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की विविधीकरण रणनीतियों से लाभान्वित हो रहा है क्योंकि कोविड-19 लॉकडाउन चीन कायम है, उसी तिमाही के लिए संबंधित दर 5.5 थी। प्रतिशत.

क्षेत्र में युवा पुरुषों को युवा महिलाओं (12.7 प्रतिशत) की तुलना में काफी अधिक बेरोजगारी दर (16.0 प्रतिशत) का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, जब श्रम के कम उपयोग के अधिक व्यापक माप की जांच की जाती है, यानी, युवा बेरोजगारी और संभावित श्रम बल (एलयू 3 दर कहा जाता है) की संयुक्त दर, पुरुषों और महिलाओं के बीच का अंतर कम हो जाता है, जो उच्च संभावित श्रम बल दर वाली युवा महिलाओं की ओर इशारा करता है। युवा पुरुषों की तुलना में। महामारी के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं रहने वाले युवाओं का अनुपात भी बढ़ गया, जो 1.5 प्रतिशत अंक बढ़कर 2020 में 24.8 प्रतिशत तक पहुंच गया – जो वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत से अधिक है। जबकि युवा पुरुषों की तुलना में युवा महिलाओं के लिए एनईईटी दरें लगभग 2.5 गुना अधिक हैं, महामारी के प्रसार ने ने पुरुषों के बीच एनईईटी दर को युवा महिलाओं (0.7 प्रतिशत अंकों की वृद्धि) की तुलना में अधिक (2.1 प्रतिशत अंक)तक बढ़ाने का काम किया, जिससे लिंग में कमी आई एनईईटी दर में अंतर यह विकास दक्षिण एशिया के रुझानों से प्रेरित था, जहां युवा महिलाओं के लिए 0.9 प्रतिशत अंक की तुलना में पुरुष एनईईटी दर में 2.7 प्रतिशत अंक की वृद्धि दर्ज की गई है।

2022 की पहली छमाही में बिगड़ती आर्थिक स्थिति से क्षेत्र के युवाओं के बीच एनईईटी दर में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे रोजगार प्रक्षेप पथ और प्रभावित व्यक्तियों की आय पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। एनईईटी दरों में लिंग अंतर श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और रोजगार-से-जनसंख्या अनुपात (ईपीआर) से निकटता से संबंधित है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में युवा महिलाओं को बहुत कम एलएफपीआर और ईपीआर का अनुभव होता है : वर्ष 2022 में संपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं के लिए एलएफपीआर 26.3 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि युवा पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 46.6 प्रतिशत के लगभग है, जबकि क्षेत्र की युवा महिलाओं में यह 23.0 प्रतिशत है। 39.1 प्रतिशत युवाओं की तुलना में रोजगार में होने का अनुमान है। दक्षिणी एशिया क्षेत्र, 29.9 प्रतिशत अंक पर, क्षेत्र में सबसे अधिक एलएफपीआर लिंग अंतर है। युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार रुझान 2022 में, आईएलओ ने समावेशी और टिकाऊ हरित, डिजिटल और देखभाल परिवर्तनों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत उपायों के आर्थिक और रोजगार प्रभावों को मापने के लिए एक मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडल का उपयोग किया।

इमारतों और उपकरणों में ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने, नवीकरणीय ऊर्जा में बदलाव के माध्यम से विद्युत ऊर्जा उत्पादन को डीकार्बोनाइज़ करने और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और संबंधित बुनियादी ढांचे (जिसे कहा जाता है) का विस्तार करने के उद्देश्य से हरित नीति उपायों के एक पैके ज के रोजगार प्रभावों का अनुकरण करने वाला मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडलिंग हरित परिदृश्य), 2030 तक, सामान्य व्यवसाय परिदृश्य के सापेक्ष 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए दुनिया भर में अतिरिक्त शुद्ध 8.4 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकता है। जिसमें एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 5.8 मिलियन (या 69.0 प्रति) की हिस्सेदारी है। प्रतिशत) उन नौकरियों का। क्षेत्र में सार्वभौमिक (90 प्रतिशत) इंटरनेट ब्रॉडबैंड कवरेज (जिसे डिजिटल परिदृश्य कहा जाता है) प्रदान करने के उद्देश्य से नीतिगत उपायों से बेसलाइन के सापेक्ष 2030 तक युवाओं के लिए 2.1 मिलियन नौकरियों की शुद्ध वृद्धि होने का अनुमान है। वैश्विक कुल का तीसरा।

हरित परिदृश्य की तुलना में यह कम वैश्विक हिस्सेदारी इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम इंटरनेट कवरेज अंतर का प्रतिबिंब है। एसडीजी 3 (स्वास्थ्य पर) और एसडीजी 4 (शिक्षा पर) के प्रासंगिक लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल प्रावधान और शिक्षा कवरेज में निवेश बढ़ाने के लिए निर्देशित नीतिगत उपायों से युवाओं के लिए 2030 तक एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लोग सामान्य व्यवसाय परिदृश्य की तुलना में अतिरिक्त शुद्ध 8.5 मिलियन नौकरियां पैदा होने की उम्मीद लगाई जा रही है। यह वैश्विक कुल का लगभग आधा प्रतिनिधित्व करता है, जो आवश्यक देखभाल सेवाओं के कवरेज में वृद्धि को उजागर करता है।

## आप की बात

### ट्रूडो के तेवर

**भारत सरकार** के कड़े दृष्टिकोण तथा विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा वैश्विक मंचों पर खरी-खरी सुनाने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के तेवर ठंडे हो गए हैं। अतीत में दिखावे के तौर पर भारत कनाडा के संबंध भले ही सामान्य रहे हों मगर इतिहास गवाह कि खालिस्तानियों को पनाह देकर उसने संबंधों को हमेशा तनावग्रस्त बनाए रखा है। भारत ने इसको लेकर पहले भी कई बार सख्त रुख दिखाया, मगर पाकिस्तान की तरह कनाडा भी दोहरा चरित्र निभाता रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत यात्रा के दौरान जितनी चिकनी चुपड़ी बात की थी एक निराधार बयान से उसकी सच्चाई सामने आ गई है। इसका बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों ने भी विरोध कर ट्रूडो को आइना दिखाया जरूर है मगर भारत को कनाडा को कड़ा सबक सिखाना चाहिए ताकि वहां आतंकी गतिविधियों के साथ ही पून्नू जैसे आतंकियों का पालन-पोषण बंद हो। भारतीय एजेंसियों ने पंजाब में खालिस्तान-समर्थकों पर व्यापक कार्रवाई की है, लेकिन विडंबना है कि पंजाब में शासन कर रही आम आदमी पार्टी-आप इस मामले पर चुप है। खालिस्तानी-समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई पर सभी राजनीतिक दलों को सरकार का जोरदार समर्थन करना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** इन्दौर

### शून्य संवेदनशीलता

**उज्जैन** में नाबालिग लड़की के साथ रेप की दिल दहलाने वाली घटना और उसका सहायता के लिए घर-घर भटकना और हर घर से दुत्कार कर दिया जाना सिद्ध करता है कि अब हमारे भीतर अच्छाइयां मर चुकी है और किसी को भी दुखी देखकर हमारी संवेदनाएं जागृत नहीं होती है। आश्चर्य की बात तो है कि उन घरों की महिलाओं को भी उसे पर दया नहीं आई। यदि हमारी संवेदनशीलता इसी तरह शून्य होती रही तो हममें और रोबोट में कोई फर्क नहीं रह जाएगा। अगर कोई कुछ नहीं कर सकता था तो कम से कम 100 नंबर डायल करके पुलिस को तो बुला ही सकता था। अब तो सूचना देने वाले को पुलिस किसी भी तरह से परेशान नहीं कर सकती है, ऐसे कानून बन चुके हैं। मगर आज भी दुर्घटना में तड़पता हुआ आदमी अपने प्राणों के भीख मांगता है और लोग उसकी रील बनने लगते हैं। रेप की सजा मृत्यु दंड तक सख्त होने के बावजूद यदि अभी बलात्कार होते हैं तो अपराध व दंड के पूरे परिदृश्य की समीक्षा करना जरूरी हो गया है। कानून को हाथ में लेना ठीक नहीं है, लेकिन किसी को अपराध करते देख कर उसका विरोध व पीड़ित की सहायता करना समाज को सीखना पड़ेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बच्चों पर दबाव

**कोटा** पूरे देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं के कोचिंग केन्द्र के रूप में तो विख्यात है ही, अब कोटा आत्महत्या के प्रेरणा स्थल के रूप में भी ख्याति प्राप्त कर रहा है। आईएएस, पीसीएस जैसी परीक्षाएं पहले भी होती थीं किन्तु आत्महत्या की एक भी घटना सुनने में नहीं आती थी न ही आज जैसे कोचिंग संस्थानों की बाढ़ थी। तीन-चार दशक पहले तक बड़े नगरों में भी कोचिंग संस्थान का नाम सुनने में नहीं आता था। उस समय छात्र स्वयं अपने भविष्य का मार्ग चुनता था और अपने परिश्रम से परीक्षा में सफल होने का प्रयास करता था। उसके ऊपर न तो अभिभावकों का दबाव रहता था और न ही किसी से स्पर्धा का भाव। लेकिन आज प्राप्तांकों के कीर्तिमान के लिए बच्चे पर नर्सरी से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया जाता है। 10 वीं में आते-आते माता पिता विषयों के चयन में बालक पर अपनी इच्छा थोपनी शुरू कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप बालक मानसिक रूप से पराधीन हो जाता है। बच्चों पर बढ़ता दबाव उनकी आत्महत्याओं का कारण है। इसे रोकने के लिए बच्चों को पुन: उनकी पसंद के अनुसार क्षेत्र चुनने का अवसर दिया जाना चाहिए।

–**नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### महबूबा की खीझ

**पीडीपी अध्यक्ष** महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह अपने करीबी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रही है। भारत सरकार जम्मू कश्मीर में विकास के जो काम कर रही है, उसकी कल्पना कई दशकों से कोई कर भी नहीं सकता था। इन कार्यो से प्रदेश की जनता बहुत खुश है और उसे अपना भविष्य उज्जवल दिख रहा है। इन विकास कार्यों और जनता, खासकर नौजवानों की उनमें सहभागिता से महबूबा व अब्दुल्ला परिवार की नींद हराम हो गई है। उनको लगता है कि यदि जम्मू कश्मीर में विकास की यही गति बनी रही तो उनके वंशवादी शासन की कभी वापसी नहीं हो सकेगी। इस बयान से महबूबा ने अपनी खीझ निकाली है। क्या कोई इस तथ्य से इनकार कर सकता है कि अब्दुल्ला व महबूबा परिवारों ने न केवल कश्मीर के प्राकृतिक संसाधन लूटे, बल्कि भारत सरकार से मिलने वाली अधिकांश धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी। जम्मू कश्मीर की जनता अब ऐसे नेताओं को पूरी तरह खारिज कर चुकी है।


– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भाजपा को दी खुली चेतावनी

## बोले, जेजेपी से गठजोड़ रखा तो पार्टी छोड़ दूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के जींद में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को 'मेरी आवाज सुनो' रैली में भाजपा को खुली चेतावनी दे डाली कि अगर जेजेपी से गठबंधन रखा गया तो वे भाजपा छोड़ देंगे।

बीरेंद्र सिंह अपनी पत्नी पूर्व विधायक प्रेम लता, बेटा सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ रैली में पहुंचे। रैली का पंडाल लोगों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। बीरेंद्र सिंह ने मंच पर पहुंच कर हाथ जोड़ कर लोगों का अभिवादन किया। फूल बरसा कर उनका स्वागत हुआ। लोगों में रैली को लेकर भारी जोश दिखाई दिया।

पंजाब से आए पूर्व सांसद जगमीत बराड़ ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को कहा था कि अगर सरकार बनानी है तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दें, कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी। लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया और उन्हें कांग्रेस की वर्किंग कमेटी से भी बाहर कर दिया गया था, जबकि उन्होंने किसी तरह से भी नियमों का उल्लंघन नहीं किया था। आज फिर वह बता देना चाहते हैं कि बीरेंद्र सिंह किसानों के सच्चे हितैषी हैं।

जगमीत बराड़ ने कहा कि-बीरेंद्र सिंह और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा अगर मिल जाएं तो हरियाणा फतह हो जाएगा। देश को चौधरी बीरेंद्र सिंह की जरूरत है। राहुल गांधी से अपील की कि अगर देश में वातावरण बदल जाए तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर दें, देश के किसानों को श्रद्धांजलि होगी। जींद रैली में पहुंचे कृषि अर्थशास्त्री देवेंद्र शर्मा ने कहा कि बीरेंद्र सिंह बदलाव लेकर आएंगे। हिसार में एक किसान की किस्त में देरी हो गई तो उसे जेल हो गई, जबकि अमीर लोगों के 5 हजार करोड़ रुपए माफ कर दिए गए। कोई सवाल तक नहीं किया गया। देश में 16 हजार ऐसे अमीर लोग हैं, जिनके पास पैसा है, लेकिन वो देना नहीं चाहते। किसानों को जागरूक होना होगा। आपके हाथ में वोट है। अगर चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो फिर ट्रैक्टर वाला यानि किसान भी प्रधानमंत्री बन सकता है।

जींद रैली में सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी आज ज्यादा दिख रही है। यहां कोई विधायक नहीं है, यहां कोई राजनीतिक हिसाब से नहीं बुलाया गया। यहां जो बुलाए गए हैं, वो सारे के सारे बीरेंद्र सिंह के साथी हैं, सहयोगी हैं। इससे पहले रैली में लाल बहादुर शास्त्री, महात्मा गांधी और कुछ दिन पहले ही दिवंगत हुए स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी गई।

सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि आज आप यहां किसी और मंशा से भी आए हैं। सभी लोग जानना चाहते हैं कि चौधरी बीरेंद्र सिंह आज क्या करेंगे। सांसद ने कहा कि बीरेंद्र सिंह जो करेंगे, वो तो करेंगे, लेकिन जनता की भीड़ ने भरपूर तरीके से कर दिखा दिया है। जब किसी व्यक्ति को इस तरह का अपार जन प्रेम मिले तो उसके बाद व्यक्ति की चाल भी चटक हो जाती है और हौसला भी बुलंद हो जाता है।

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी साहब जो भी करो, दिल से करना। आपने सोच समझ कर राजनीति 50 साल तक कर ली, बहुत है। ये मत सोचना कि किसका फायदा नुकसान होगा। सांसद ने कहा कि मेरा यानी बृजेंद्र सिंह के बारे में मत सोचना कि मेरा फायदा होगा या नुकसान, आपको जो सही लगे, वो ही करना।

हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे भगवतदयाल शर्मा की नाती बेरी से रेणुका पंडित ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह के साथ उनका पुराना नाता रहा है। बीरेंद्र सिंह ने हमेशा से ही किसान, कमेरे वर्ग, दबे हुए लोगों की आवाज उठाने काम किया। उन्होंने आम जनता और रैली में पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व को ताकत दें।

जाट आंदोलन में सक्रिय रही पंजाबी गायक सोनिया मान ने कहा कि हरियाणा और पंजाब का नारा हमेशा बुलंद रहना चाहिए। ताकि आने वाले समय में किसान आंदोलन की तरह लड़ते रहें। आज हमारे देश में हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं है। हमारे समाज में बेटियों को बराबर का हक देना चाहिए। वह भी किसानों की बेटी है।

सरकार को सोचना चाहिए किसान के लिए कौन सी चीज है, कौन सी नहीं है। विदेशी कंपनियों की पेस्टीसाइड किसानों की फसल को खराब कर रही हैं। किसान आंदोलन वापस लेते समय सरकार ने वायदा किया था कि सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी लेकिन गेहूं और चावल को छोड़ बाकी किसी भी फसल पर आज एमएसपी नहीं मिल पा रहा। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने किसान आंदोलन में किसानों का साथ दिया था तो जब महिला पहलवान धरने पर बैठी थी, तब भी उनको समर्थन दिया था। आज हमें ऐसे ही सच्चे नेता की जरूरत है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर चौ. बीरेंद्र सिंह ने मंच से एक मिनट के लिए लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पहली बार है, जब यहां कोई बड़े राजनेता नहीं आए। यहां आए हैं, गरीब और कमेरे वर्ग के हमदर्द साथी। रैली में भीड़ देख कर खुश हुए बीरेंद्र सिंह ने कहा कि व्यवस्था बनाए रखें। वे मंच पर चढ़ते ही एक मिनट के लिए बोले। बीरेंद्र सिंह के अलावा पूर्व विधायक प्रेमलता, सांसद बृजेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी जसमीत कौर भी मंच पर मौजूद हैं। जीद में मेरी आवाज सुनो रैली में चौ. बीरेंद्र सिंह के पुराने साथी जयपुर से पूर्व सांसद विष्णु मोदी, पंजाब यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जगजीत बराड़ भी पहुंचे । किसान आंदोलन में सक्रिय रही पंजाब से सोनिया मान भी मंच पर मौजूद थी। इसके अलावा पूर्व आईपीएस हरियाणा महेंद्र सिंह मलिक भी रैली में थे।

मेरी आवाज सुनो रैली में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा नहीं लगाया गया।

### गड्ढो में सड़क ढूंढ़नी पड़ती है : अतुल महाजन

**अंबाला।** युवा कांग्रेस नेता अतुल महाजन ने कहा कि अंबाला की सड़कों की हालत बद से बदतर होतीं जा रही है। जगह-जगह पर सड़कें टूटी हुई हैं। बड़े बड़े खड्डे आम जन को एक्सीडेंट के लिए बुलावा दे रहें हैं। अतुल महाजन ने कहा कि अंबाला की सड़कें काफी समय से बदहाली के आंसू रो रही है बड़े बड़े प्रोजैक्ट्स का दावा करने वाली सरकार को अंबाला की सड़कें नजर नहीं आ रही है। आज अंबाला में सड़कें कम और गड्ढे ज्यादा देखने को मिल जाएंगे। पिछले कुछ महीनों से अंबाला में गड्ढों में सड़क देखने को मिलेगी, लेकिन प्रशासन और यहां के विधायक को खस्ताहाल सड़कें दिखायी नहीं दे रही हैं। समय समय पे रोजाना कहीं न कहीं एक्सीडेंट होते रहते हैं पर फिर भी कोई सुनने वाला नहीं है। अतुल महाजन में सभी अंबाला के साथियों से अपील की है कि वह अपने अपने एरिया और रोड्स की खड्ढे से भरी हुई फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पे पोस्ट करें।

# सत्य, अंहिसा व सादगी के आदर्श को समर्पित करने का दिन गांधी जयंती: सुरेंद्र पंवार

### महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत




पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का दिन हम सबके लिए सत्य, अहिंसा, सौहार्द, नैतिकता और सादगी के आदर्शों के प्रति स्वयं को समर्पित करने का है। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक है। वह सदैव हमारे पथ-प्रदर्शक रहेंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेसजनों व शहरवासियों के साथ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महात्मा गांधी चौक पर पहुंचकर दोनों महापुरूषों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि महात्मा गांधी की स्वतंत्रता, गरिमा और समानता के सिद्धांत समय सीमा तक सीमित नहीं हैं। उनके पास सार्वभौमिक व्यवहारिकता और कालातीत मूल्य थे। सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, शौर्य और अन्याय की मुखालफत करने की साहस ने उन्हें दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ नेता बना दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जो सपने थे हमें उन्हें एकजुट होकर साकार करना होगा ताकि हम एक बुद्धिजीवी समाज का निर्माण कर सकें। इसके साथ ही महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर युवाओं को अपनी उर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर लगाया आंखों का नि:शुल्क कैंप



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**वरिष्ठ** नागरिक समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक भवन कैथल में आंखों का निशुल्क कैंप समिति के प्रधान राम नारायण रावल की अध्यक्षता में लगाया गया। सर्वप्रथम सभा का शुभारंभ समिति के महासचिव रोहित शर्मा द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण द्वारा किया गया। आंखों की जांच का निशुल्क कैंप समिति के सदस्य सतपाल भारद्वाज के सहयोग से लगाया गया। कैंप में 53 जरुरतमंदों की आंखों की निशुल्क जांच की गई जिसमें 27 पुरुष 17 महिला व 9 बच्चे शामिल थे।

सभी को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। समिति द्वारा अगला आंखों का निशुल्क कैंप 15 अक्टूबर को लगाया जाएगा। इस अवसर पर कैप्टन रवि दत्त शर्मा, सुरेन्द्र मोहन हरित, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, सुभाष मक्कड़, केएल रंगा, रामपाल सिंगला, इंद्र बंसल, ज्ञानचंद भल्ला व सतपाल भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन रक्षक दल ने लावारिस मृतकों का किया श्राद्ध



कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य।

**कैथल।** जीवन रक्षक दल की तरफ से नंदी गौशाला में उन लावारिस मिले शवों का श्राद्ध किया गया,जिनकी पहचान नहीं हो सकी थी। कार्यक्रम में यजमान के रूप में समाज सेवी सतीश सेठ ने शिरक की। सतीश सेठ ने कहा कि संस्था के लोगों ने पहले हवन यज्ञ किया और गायों को चारा तथा गुड़ खिलाया। वहां पर सभी सेवादार मजदूरों को भोजन करवाया। संस्था के लोग समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहते हैं। संस्था के प्रधान प्रवीण सेगा ने कहा कि जीवन रक्षक दल ने जो आज तक 125 लावारिस डेड बॉडी का दाह संस्कार किया उनकी याद में संस्था ने पिछले महीने 125 त्रिवेणी लगाई और यज्ञ भी किया। अब पितृ श्राद्ध चल रहे हैं इसलिए परंपरा के अनुसार दनके श्रद्धा किए जा रहे हैं। इसी निमित आज संस्था ने नंदी गौशाला में यह प्रोग्राम किया। राजू डोहर ने कहा कि पितृ श्राद्ध साल में एक बार आते हैं और इस 16 दिनों में हम अपने पूर्वजों को याद करके उनकी याद में खाना खिलाते हैं। जो 125 लोगों का अता पता नहीं था, जो लावारिस थे उनका संस्कार किया और इस प्रकार संस्था ही उनका परिवार बन गई। उन्होंने बताया कि समय-समय पर संस्था लावारिस डेड बॉडियों की अस्थियों को लेकर हरिद्वार भी जाती है और अन्य सामाजिक कार्य भी करती रहती है। आगे जो भी लावारिस डेड बॉडी आएगी हम उनके लिए भी ऐसे ही त्रिवेणी लगाएंगे और हर साल श्रद्धा के रूप में मजदूरों को व गायों को चारा और गुड़ खिलाकर उनका श्राद्ध मनाएंगे। नंदी गौशाला के प्रधान शमशेर छौत ने सभी लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर राजू डोहर, प्रवीण सेगा, मिंटू क्योड़क, प्रकाश चंद, पवन शर्मा, सचिन धमीजा, सतबीर वर्मा, योगेश थरेजा, ज्ञानचंद भल्ला, राम सिंह क्योड़क, कुणाल अरोड़ा, सुनहरा नौच आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा मेटों को कौशल रोजगार योजना में शामिल करे सरकार: रामभज



साइकिल यात्रा के दौरान रामभज अंबरसर तथा अन्य।

**कैथल।** गांव तितरम, सिसला, सिसमर आदि से दूसरे दिन मनरेगा मेट मजदूर अधिकार साईकल यात्रा शुरू की गई। मौके पर मनरेगा मेट मजदूर समिति से रामभज अंबरसर ने कहा कि समिति सरकार से मांग करती है कि मनरेगा योजना में काम करने वाले मेटों को कौशल रोजगार योजना में शामिल किया जाना चाहिए और मनरेगा मेटों को भी कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। रामभज ने कहा कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की कम से कम 600 रुपये दिहाड़ी की जानी चाहिए व पूरे साल काम दिया जाना चाहिए। साथ ही मनरेगा मजदूरों की 60 वर्ष की उम्र के बाद कम से कम 15 हजार रुपये पेंशन दी जानी चाहिए क्योंकि जब एक दिन के लिए विधायक व सांसद बनने पर पेंशन हो सकती है तो मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों की क्यों नहीं हो सकती। इस मौके पर समिति प्रवक्ता कृष्ण माजरा, सुभाष तितरम, सतीश तितरम, पारस सिसला, ईश्वर सिस्मोर आदि थे।

# विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को दिया जा रहा 3 लाख तक का ऋण: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**आजादी** के अमृतकाल में हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रुपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय में संपर्क करें।

### छात्रों ने किया पीएनबी एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग का भ्रमण

**कैथल।** आर.के.एस.डी महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों ने पंजाब नेशनल बैंक एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग का भ्रमण किया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देना था।

इन संस्थानों द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष तक है, नि:शुल्क रहने एवं भोजन व्यवस्था के साथ ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जा रही है। आरएससीटीआई ग्योंग के निर्देशक धर्मेंद्र कथूरिया एवं सहायक स्टाफ रवि ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें सरकारी स्कीम और अटल पेंशन के बारे में जानकारी दी। निर्देशक धर्मेंद्र कटोरिया ने बैंकिंग आईएफएससी कोड के और एमएसएमई की भी संपूर्ण जानकारी दी।

# कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर सुनीं जन-समस्याएं

### अधिकारियों को समाधान हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**कैबिनेट** मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों को जन-समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चहुंमुखी विकास करवा रही है और सभी वर्गों को साथ लेकर जनहित में कार्य किए जा रहे है। जगाधरी हल्के की जनता के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हैं और हर समय जनता की सेवा में तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 36 बिरादरी के हितों को देखते हुए नई-नई योजनाएं बनाकर लागू कर रही है, ताकि आमजन को उससे ज्यादा से ज्यादा लाभ हो। किसानों, मजदूरों व गरीबों के लिए विशेष तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकृयाणकारी योजनाएं बनाकर लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बीपीएल कार्ड धारकों के हित में रविवार को बड़ी घोषणाएं की है।

पहले परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपये आय वाले लोगों का अगर 12 हजार रुपये बिजली बिल आता था तो उन्हें बीपीएल कार्ड में लाभ नहीं मिलता था।

# गंगा दर्शन के साथ देखने को मिलेगी मां शबरी आदिवासी रामलीला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### समाज में समानता लाकर समाज को भ्रमित होने से बचाना है: स्वामी चिदानंद सरस्वती

**यह** वह आलौकिक समय है, जब ऋषिकेश में गंगा स्नान, गंगा आरती के साथ साथ आदिवासी रामलीला का मंचन देखने को मिलेगा। परमार्थ निकेतन में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय रामलीला में ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की आदिवासी जनजातियों द्वारा द्वारा रामलीला देखने को मिलेगी। यहां पर उत्तराखंड के लोक संगीत और संस्कृति के भी दर्शन हों।

गंगा के तट पर होने वाली यह एक अद्भुत रामलीला होगी। ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आगामी 20 से 24 अक्टूबर तक इसका आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय %मां शबरी रामलीला महोत्सव का आयोजन सैस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी रविवार को दिल्ली में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने दी। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा तथा रामलीला के आयोजक अध्यक्ष शक्ति बक्शी, उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार और महामंत्री विश्व मोहन शर्मा मौजूद रहे।

आयोजक शक्ति बक्शी ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि गंगा तट पर ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में मां शबरी रामलीला करने का अवसर मिल रहा है जिसका मार्गदर्शन स्वयं स्वामी चिदानंद सरस्वती करेंगे और रामलीला की मुख्य संरक्षण की भूमिका में वीरेन्द्र सचदेवा हैं। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद महाराज ने कहा कि आज समाज में बहुत सी भ्रांतियां फैली हुई हैं और हमें हर प्रकार के संकोच को दूर करना है। इस संकोच से विश्व का शक्तिशाली देश अमेरिका भी अछूता नहीं है। भारत की ऐसी संस्कृति है, जो कि मूल्य से मूल्यों को जोड़ती है और कुछ तो बात है कि जो हस्ती मिटती नहीं है हमारी। हमारी संस्कृति सभी को साथ लेकर सबका सम्मान करने वाली है।

मां शबरी रामलीला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश की संसद में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण पर मोहर लगा दी गई, लेकिन हमें समाज के हर वर्ग पर ध्यान देना है और समाज में शबरी रूपी महिलाओं तक पहुंच कर उनकी दशा को सुधारना है। रामलीला में मां शबरी के चरित्र को इस लिए चुना गया क्योंकि उन्हें पूर्ण आस्था थी कि प्रभु श्रीराम उनकी कुटिया पर आएंगे, लेकिन उनके आने तक वह खाली नहीं बैठीं। साफ-सफाई की, उन्हें मालूम था कि भगवान को प्राप्त करने के लिए भाव महत्वपूर्ण होता है, इसलिए स्वयं एक-एक बेर को चखा और उसके उपरांत भगवान राम को खाने को दिया।

# देश को आजाद करवाने में महात्मा गांधी जी का योगदान अविस्मरणीय : खुराना



**पायनियर समाचा सेवा।** करनाल

**पूर्व** पार्षद अशोक खुराना के निवास स्थान स्थान पर कांग्रेस सेवा दल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व जयंती मनाई। जिसमें मुख्यातिथि चाणक्य पं. व हरिराम सांभा पहुंचे । उन्होंने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पपित किए ।

कहा कि गांधी जी ने विश्व को सत्य-अहिंसा एवं शांति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सूत्रधार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार व उनके आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं. सत्य, अहिंसा, शांति एवं समानता जैसे उनके विचारों को आज चुनौती मिल रही है, पर बापू के सिखाए गए मूल्यों पर चल कर ही हम इसका मुक़ाबला कर रहें हैं । इस अवसर पर अशोक खुराना ने कहा कि देश को आजाद करवाने में महात्मा गांधी जी का योगदान अविस्मरणीय है । उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी यात्रा, नमक सत्याग्रह, दक्षिण अफ्रीका का सत्याग्रह इत्यादि आंदोलन चलाएं। इस मौके पर ग्रेस सेवा दल की पुरी टीम ने भाग लिया बहन संतोष तेजान प्रदेश उपाध्यक्ष, चरण देव कामरा प्रदेश सचिव, अशोक कांबोज प्रदेश सचिव हरियाणा, जिला अध्यक्ष जागीर सैनी, महिला जिला अध्यक्ष बहन नीलम मल्होत्रा आदि थे।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर नमन किया

### सुनील पंवार ने चरखा कातते हुए चरखे का महत्व बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । इस प्रार्थना सभा का आयोजन राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्षा डॉ. नवजोत कश्यप ने किया।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में असंध से विधायक शमशेर गोगी जी व हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलौडा ने शिरकत की। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर नमन किया । शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि देश को आजाद करवाने में महात्मा गांधी जी का योगदान अविस्मरणीय है । उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी यात्रा, नमक सत्याग्रह, दक्षिण अफ्रीका का सत्याग्रह इत्यादि आंदोलन चलाएं। इस मौके पर डॉ. सुनील पंवार ने चरखा कातते हुए चरखे का महत्व बताते हुए कहा कि आज देश की आजादी में चरखे का अहम योगदान था। चरखे से स्वदेशी की अलख जगी थी, जिसने अंग्रेजी शासन की अर्थव्यवस्था को हिला कर रख दिया था । इस मौके पर पूर्व विधायक सुमिता सिंह, डॉ. नवजोत कश्यप, सुरेश गुप्ता मतलौड़ा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे ।

इस कार्यक्रम में पर राजेश चौधरी, निश्चय सोही, इंद्रजीत गौराया, डॉ. संजय कुमार तरावड़ी, जोगिंद्र वाल्मीकि, ओमप्रकाश सलूजा, अरुण पंजाबी, संजीव कंबोज,सुनहरा वाल्मीकि, राजकिरण सहगल, दीपक गंजो गढ़ी, उषा तुली, सुमित्रा देवी, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### रोहतक में आप नेता ने सीएम पर निशाना साधा, टुटेजा बोल

# जनसंवाद में पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़, दस प्रतिशत ही आम लोग

**कहा, जन संवाद में जो सवाल पूछता है, उसे या तो चांद पर भेजने का डायलॉग मारते हैं या फिर कार्यक्रम से बाहर फिकवा देते हैं**



पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**रोहतक** में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव लवलीन टुटेजा लवली ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर निशाना साधा। साथ ही सीएम के जनसंवाद में पहुंची जनता को पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ बताया। उन्होंने कहा कि जन संवाद में जो सवाल पूछता है, उसे या तो चांद पर भेजने का डायलॉग मारते हैं या फिर कार्यक्रम से बाहर फिकवा देते हैं। रोहतक में जब वह सीएम से सवाल पूछने गए थे तो पुलिस ने उन्हें बाहर निकाल दिया था।

लवली ने दावा किया कि जनसंवाद में 90 प्रतिशत भाजपा के कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा थी। जो 10 प्रतिशत के करीब आम लोग थे उनके ऊपर पुलिस का पहरा था और उन्हें सवाल पूछने का अधिकार ही नहीं था। 9 साल के कुशासन से जनता के बीच सीएम खट्टर की मिट्टी पलीत हो चुकी है।

लवली ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम की हकीकत जानने के लिए वे जनता के सवालों को लेकर जैसे-तैसे अंदर घुसे।

उन्होंने जब सवाल पूछने की तैयारी की तो सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उन्हें काबू कर पंडाल से बाहर कर दिया। इससे पहले भी सीएम खट्टर शहर में जब आए थे, तो उनके घर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था।

## केएमवी में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाई गई गांधी जयंती

**जालंधर।** भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा पूरे जोश एवं उत्साह के साथ गांधी जयंती को मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को नमन करते हुए विद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग, एन.एस.एस. विभाग तथा एन.सी.सी. विभाग के द्वारा सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया. इन गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए सभी छात्राओं ने मेरा कैंपस पूरा साफ थीम के अंतर्गत विद्यालय के हॉस्टल, कक्षाओं, कैंटीन, लॉन्ज, प्लेग्राउंड तथा अन्य हिस्सों की सफाई को यकीनन बनाते हुए प्लास्टिक फ्री कैंपस, स्वच्छ मन स्वच्छ केंपस तथा खूबसूरत कैंपस रोशन दिमाग के प्रण को साकार किया. इसके अलावा इस अवसर पर स्वच्छता को आधार बनाकर कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, सेमिनार, डिबेट, डेक्लेमेशन,कविता उच्चारण, सुलेख जैसी गतिविधियों में उत्साहित होते हुए भाग लेकर छात्राओं ने जहां अपनी सृजनात्मकता को बाखूबी प्रदर्शित किया वहीं साथ ही गांधी जी के सिद्धांतों के अनुसार स्वच्छता के महत्व को भी दर्शाया।

## बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत को दिए जा रहे 80 हजार : डीसी

**यमुनानगर।** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन पिछले वर्ष हरियाणा सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार रुपये किया था।

हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है। बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# देश के लाखों शहीदों को समर्पित है मेरी माटी-मेरा देश अभियान: मेयर मदन चौहान

### सभी 22 वार्डों से एकत्रित मिट्टी का बड़े अमृत कलश में किया संग्रह

**निगम कार्यालय में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम**



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम कार्यालय में निगम स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर मदन चौहान मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के द्वितीय चरण के तहत नगर निगम के प्रत्येक वार्ड से एकत्रित की गई मिट्टी व चावल के दानों का एक अमृत कलश में संग्रह किया गया। वहीं, मेयर मदन चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी नागरिकों को पांच प्रण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों, निगम कर्मचारियों व पार्षदों ने देश भक्ति गीत, कविताएं व अन्य प्रस्तुतियां देकर सभी में देशभक्ति की भावनाओं को जागृत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मेयर मदन चौहान ने तिरंगा झंडा फहराकर की। उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव, कार्यालय अधीक्षक धर्मवीर, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया आदि ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मेयर मदन चौहान का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सबसे पहले न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। राजकीय वरिष्ठि माध्यमिक विद्यालय मॉडल कॉलोनी के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत कभी न रोक सके है हमको आंधी और तूफान, हम बालक वीर जवान...की प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी 22 वार्डों के घर-घर से एकत्रित की गई मिट्टी को मेयर मदन चौहान द्वारा एक बड़े अमृत कलश में संग्रह किया गया। पार्षद सुरेंद्र शर्मा ने कविता देश की धरती तुझे कुछ और भी दूं, तन समर्पित, मन समर्पित और ये जीवन समर्पित ... की प्रस्तुति दी। निगम कर्मी विजय कुमार ने देश भक्ति गीत ये शहीदों की जयहिन्द बोली...से सभी को भावविभोर किया। मेयर मदन चौहान ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रण लिया कि मेरा देश विश्व में अग्रणी देश कैसे बने। पिछले दस साल से इसी में लगे हुए है। इसको लेकर आज वे देशहित में अनेक कार्य रहे है। देश को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारे देश को लाखों लोग जो इस देश के लिए शहीद हुए, मेरा माटी-मेरा देश अभियान उनको समर्पित है।

## जगाधरी बीजेपी में बंपर ज्वॉइनिंग का सिलसिला जारी



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**जयधरी में अनेकों युवा बीजेपी में हुए शामिल**

**यमुनानगर** प्रदेश में बीजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज जगाधरी विधानसभा के गांव जयधरी में बीजेपी की जन कल्याणकारी नीतियों और कैबिनेट मंत्री कंवर पाल के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर गांव जयधरी के सरपंच की अगुवाई में अनेकों युवाओं ने विभिन्न दलों को छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की।

कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने सभी को पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई और सभी का पार्टी में स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने पार्टी ज्वाइन करने वाले सभी लोगों को पूर्ण मान सम्मान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जगाधरी विधानसभा में हो रही लगातार ज्वाइनिंग से संगठन को और मजबूती मिलेगी। पार्टी ज्वाइन करने वालों में मुख्य तौर पर अख्तर अली, बिलाल खान, असलम खान, अमीर खान, आशीष खान, अब्दुल्ला, रहमनवाज, अकरम खान, लुकमान, रिजवान, शौकीन, आमिर आदि शामिल रहे।

## कौन बनेगा करोड़पति में दिखेगी रोहतक की बेटी

**रोहतक।** रोहतक के महम की लड़की बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन के फेमस शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएगी। वह बिग बी के साथ हॉट सीट साझा करेगी और अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देगी। इसके लिए चक्रष्ट की टीम महम आई और उन्होंने शूटिंग भी की। हालांकि अभी उनका प्रसारण नहीं हुआ है, जिसके कारण वे मीडिया के सामने आने से बच रही है।

युवती ने एमएसी तक पढ़ाई की है। वहीं उनके परिवार वालों ने बताया है कि अभी उनके शो के प्रसारण की तिथि निर्धारित नहीं हो पाई है। उनकी बेटी पढ़ाई में अच्छी थी, अब उसे केबीसी में खेलने का मौका मिला है। उम्मीद है कि जल्द शो टीवी पर प्रसारित होगा। हॉट सीट पर बैठने के लिए कई पड़ाव पार किए। केबीसी में पहुंचकर युवती ने बिग बी अमिताभ बच्चन के सवालों के जवाब दिए। पूरे प्रोग्राम की शूटिंग मुंबई में हुई है।

## गंदगी का आलम, सिटी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़े की उड़ी धज्जियां

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



**भारतीय** रेलवे द्वारा 16 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सभी मंडलों को स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए गए थे। फिरोजपुर रेल मंडल के डी.आर.एम. संजय साहू खुद भी इस संबंध में रेल अधिकारियों को जागरूक करते रहे और सफाई अभियान में शामिल होते रहे। रविवार को रेल प्रशासन ने 'एक तारीख- एक घंटा' अभियान के तहत श्रमदान किया। इसी कड़ी में अगर जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन की बात करें तो स्टेशन परिसर के अंदर स्वच्छता पखवाड़े की धज्जियां उड़ती नजर आई। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए थे।

रिजर्वेशन केंद्र और बुकिंग ऑफिस के सामने लगे डस्टबिन कूड़े से भरे हुए थे, जिससे बदबू फैल रही थी और लोग मजबूरन डस्टबिन के पास खड़े होकर टिकट बुकिंग के लिए फॉर्म भर रहे थे। रेल लाइनों के अंदर भी गंदगी फैली हुई थी। प्लेटफार्म नंबर 1 की रेल लाइनों के साथ गाद के ढेर लगे हुए थे जोकि स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे थे।

स्टेशन परिसर के अंदर सुबह करीब 11 बजे प्लेटफॉर्मों के फर्श भी इतने गंदे थे कि सफाई कर्मियों ने पोछा तक नहीं लगाया था। यात्रियों का कहना था कि अगर स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्टेशन पर यह हाल है तो बाकी दिनों में क्या होता होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ स्टेशन यह सर्कुलेटिंग एरिया में भी जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे नजर आए। सिटी रेलवे स्टेशन के चंद कदमों की दूरी पर प्लेटफार्म नंबर पांच की दीवार के बाहर डंप भी कूड़े से भरे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिटी जनपार्क में लगाए 15 पौधे



सिटी जनपार्क में पौधारोपण करते लोग।

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गनौर सिटी जन पार्क में पौधा रोपण चलाया। अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगारी, आंवला के 15 पौधे लगाएं और मौके पर मौजूद सभी से निवेदन किया कि सभी मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन बनाए, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। पेड़ो के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है। वन ही जीवन पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। तापमान को सामान्य केवल पेड़ पौधे ही कर सकते है। इस अवसर पर समाजसेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह, जितेंद्र रापरिया, बिजेंद्र छिकारा, सुभाष राठी, अनिल जांगड़ा, लकी, इशांत, विकाश, गुलशान, विशाल, प्रिंस, जय, विकाश उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर एनएसएस ने लगाया एक दिवसीय विशेष शिविर



कॉलेज में सफाई करते हुए स्वयं सेवक।

**कैथल।** गांधी जयंती के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों ने एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर गांधी जी और शास्त्रीजी की जयंती के साथ ही स्वच्छता ही सेवा विषय पर आधारित था। इस दौरान एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने कॉलेज प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाते हुए पार्कों में बिखरे पॉलिथीन और कचरे को एकत्रित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अभिषेक गोयल ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी की एक परिवर्तनकारी मुहिम थी। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जयंती के अवसर पर क्लीन इंडिया कैंपेन का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक व्यक्ति के अंदर स्वच्छता संबंधी आदतों के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है। जब तक इस अभियान के प्रति युवा अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभाएंगे, हम इस मुहिम में पूरी तरह से सफल नहीं हो पाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जाखड़ ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें अपने परिवार और घरों से इस प्रयास को शुरू करना है।

## स्वैच्छिक अंगदान जागरूकता को लेकर निकाली पदयात्रा

**मेयर निखिल मदान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हुए शामिल**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



स्वैच्छिक अंगदान पदयात्रा में भाग लेते मेयर निखिल मदान।

**रोटरी** क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट द्वारा स्वैच्छिक अंगदान विषय पर शहरवासियों में जागरूकता बढ़ाने को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्य्रकम में नगर निगम मेयर निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। इस दौरान उपहार ए जिंदगी नाम से पांच किलोमीटर लम्बी पदयात्रा भी आयोजित की गई।

जिसमें हज़ारों की संख्या में शहरवासियों, रोटरी स्वयंसेवकों और मेयर निखिल मदान ने हिस्सा लिया। यात्रा सेक्टर 15 से होते हुए सेक्टर 12-15 डिवाइडिंग रोड पर प्रवेश किया और एक निजी स्कूल में पहुंच कर यात्रा का समापन किया गया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से अंगदान करना सबसे बड़ी मानवता का कार्य है।

किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। ऐसे कार्य करने वाले सभी लोगों को वो नमन करते है। साथ ही रोटरी अरडेंट द्वारा किया गया आज का कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। क्योंकि आज भी हमारे समाज में अंगदान जैसे विषयों पर लोगों को बेहद कम जानकारी है।

उन्हें पूरा भरोसा है कि आज के कार्यक्रम के बाद लोगों में इस विषय पर जागरूकता आएगी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को रोटरी क्लब द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया।

## नए वाहन की आरसी बनवाने के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**आरसी के लिए कोई भी फाईल मैन्युअल नहीं ली जाएगी**

**उपमंडल** अधिकारी (ना0) सोनीपत अमित कुमार ने लघु सचिवालय परिसर स्थित अपने कार्यालय में जिला सोनीपत के सभी ऑटोमोबाइल कम्पनी के मालिकों की बैठक ली। उन्होंने सभी ऑटोमोबाइल कम्पनी मालिकों को निर्देश दिए कि अब से किसी भी नए वाहन की आरसी बनवाने के लिए केवल ऑनलाईन आवेदन ही मान्य होंगे। उन्होंने ऑटोमोबाइल कम्पनी के मालिकों को निर्देश देते हुए कहा कि नए वाहन की मोटर रजिस्ट्रेशन आरसी के लिए कोई भी फाईल मैन्युअल नहीं ली जाएगी, इसलिए अपने अधीनस्थ कर्मचारी को आदेश दे कि वे आरसी बनवाने के लिए सभी संबंधित डाक्यूमेंट को पूर्ण रूप से एमपरिवहन की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। नए वाहन की आरसी के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर प्राप्त होने के तुरंत बाद अगली कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी और समय पर आरसी बनाकर तैयार करवाई जाएगी। इससे किसी भी वाहन कस्टमर को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडेगा और इस प्रकार का कदम उठाने से क्रप्शन पर लगाम लगेगी।

## जालंधर ट्रंक मामले में सनसनीखेज खुलासा

**जालंधर।** थाना मकसूदां के अधीन आते गांव कानपुर की नवी आबादी में सुबह 3 बच्चियों के शव एक लोहे के ट्रंक में से मिले थे। लड़कियां कल सुबह से मिस थी और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

थाना मकसूदां की पुलिस कल से बच्चियों को ढूंढने में लग गई। सुबह होते ही लड़कियों के पिता सुशील मंडल तथा माता मंजू देवी ने पुलिस को सूचित किया उन्हें बच्चियों की लाशें ट्रंक में मिली हैं।सूचना मिलने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए तथा मौके पर एस.एस.पी. मुखविंदर सिंह भुल्लर, एसपी ढिल्लो डीएसपी बलबीर मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू की। एसएसपी भुल्लर ने बताया कि प्रथम जांच में पता चला कि अमृता, साक्षी, कंचन को उसी के मां-बाप ने ही कत्ल किया है। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## एजिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा

**डायग्नोस्टिक** सेवा प्रदाता एजिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर) की इनिशियल पब्लिक ऑफर (प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश-आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में मौजूदा शेयरहोल्डर द्वारा बेचे जा रहे 14,233,964 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी प्रयोगशालाओं की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक्स सेवा प्रदाता है और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए, भारत में परिचालन से दर्ज आय (रेवेन्यू) के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। शेयरधारकों की ऑफर फॉर सेल में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन एलके 2,985,075 इक्विटी शेयर, एनवाईएलआईएम जैकब बैलास इंडिया H3ड-III एलएलसी के 7,462,700 इक्विटी शेयर और रिसर्जेंस पीई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के 3,786,189 इक्विटी शेयर शामिल हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिये पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और सिटी ग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। कंपनी डायग्नोस्टिक्स परीक्षण सेवाएं (नियमित और विशेष परीक्षण), वेलनेस और प्रिवेंटिव केयर पैकेज, अस्पताल लेबोरेटरी मैनेजमेंट सेवाएं और क्लिनिकल रिसर्च ट्रायल सेवाएं प्रदान करती है।

31 मार्च, 2023 तक हमारे पास 413 प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क था, जिनमें से 43 प्रयोगशालाओं को नेशनल एक्रेडिशन बोर्ड ऑफ टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज (एनएबीएल) द्वारा मान्यता मिल गई थी और क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2023 तक यह भारत में एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं का सबसे बड़ा नेटवर्क था।

# पितृ पक्ष में पुण्यात्माओं की अस्थियों का मां गंगा में विसर्जन

### लगातार कई सालों से इस नेक कार्य में जुटी हैं सेफ इंडिया फाउंडेशन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



कनखल में सती घाट पर अस्थियों का पूजन करवाते सेफ सैनिक।

**पितृ** पक्ष के दौरान, पितरों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। पितृ का अर्थ पूर्वज से है, पितर जो अब हमारे बीच नहीं हैं, उन सबके सम्मान में पितृपक्ष में पूजा की जाती है।

पितृ पक्ष को श्राद्ध नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में सेफ इंडिया फाउंडेशन के सेफ सैनिकों ने चार अज्ञात इंसानों की अस्थियों का विधिपूर्वक मां गंगा में विसर्जन किया। सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला गन्नौर के शमशानों में रखी हुई 2 लावारिस, एक गोहाना से व एक सोनीपत से अस्थि लेकर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत आज जिले के अलग-अलग शमशानों से लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगा जी में विसर्जित किया गया।

जिन अज्ञात लोगों को अंतिम समय में अपनों का साथ नहीं मिलता, ऐसे लोगों की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए सेफ इंडिया फाउंडेशन ने हरिद्वार मां गंगा में प्रवाहित करने की शुरूआत की थी। आज भी एक परपंरा को कायम रखते हुए सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के शमशानों में रखी हुई लावारिस अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत शहर के अलग-अलग शमशानों से 4 लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगाजी में विसर्जित किया गया। सोनीपत से अस्थि लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी, सेफ सैनिक सतीश बाल्याण व सेफ परिवार के सदस्य मास्टर दिलबाग, सुरेश कालरा, सुभाष सिसोदिया, रणबीर रोहिल्ला, जयवीर गहलावत व हवा सिंह आंतिल के साथ रवाना हुए।

सेफ सैनिकों ने कनखल पहुंचकर सती घाट पर अस्थियों को पूरी विधिविधान से पूजन कर मां गंगा में प्रवाहित करने के उपरांत वहां पर मौजूद जरूरतमंदों को भोजन बांटा। उसके बाद सेफ सैनिक हरिद्वार में मां गंगा किनारे कुशा घाट पर पहुंचे जहां पर पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ करवाया और गऊ माता को हरा चारा खिलाकर गऊ सेवा की। कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता उसके भगवान होते हैं। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को लेकर विसर्जन किया जाता है, तथा जो लोग अपने खर्चे पर अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार नहीं ले जा सकते उनको भी इस गाड़ी में आने जाने की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। इसके अलावा संस्था द्वारा सूखे या खराब हुए तुलसी के या अन्य धार्मिक पौधों को भी गंगाजी विसर्जित करने का कार्यक्रम शुरू किया। संजय सिंगला ने बताया कि हमारी यह टीम हर महीने की पहली तारीख को चाहे गर्मी, सर्दी, बरसात या फिर कोई और समस्या फिर भी इस नेक कार्य को नहीं रोका जाता और यह अस्थि विसर्जन किया जाता है।

# राफेल समेत 100 से अधिक विमान संगम क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाएंगे

**इस वर्ष वायुसेना अपनी स्थापना के 91वें वर्ष पूरी कर रही है**

एजेंसी। प्रयागराज

**आगामी** आठ अक्टूबर को यहां संगम क्षेत्र में होने जा रहे एयर शो के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोमवार को साइकिल रैली लेकर संगम पहुंचे एयर मार्शल (मुख्यालय, मध्य वायु कमान) आर जी के कपूर ने कहा कि यह एयर शो अद्भुत होगा, क्योंकि इसमें राफेल समेत 100 से अधिक विमान अपनी ताकत दिखाएंगे।

एयर मार्शल कपूर ने मीडिया को बताया, इस वर्ष वायुसेना अपनी स्थापना के 91वें वर्ष पूरी कर रही है, जिसके उपलक्ष्य में यहां संगम क्षेत्र में आठ अक्टूबर को एयर शो आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पहले हमारा एयर शो हिंडन (गाजियाबाद) में होता था, जहां दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र के लोग ही इसे देख पाते थे। लेकिन इस बार हमने इसे प्रयागराज में आयोजित करने की योजना बनाई। संगम क्षेत्र काफी विशाल होने से यहां बहुत बड़ी तादाद में लोग एयर शो का आनंद उठा सकेंगे।

एयर शो के लिए प्रयागराज को चुने जाने की वजह पूछे जाने पर एयर मार्शल कपूर ने कहा, देश में पहली बार किसी विमान ने 1911 में प्रयागराज के नैनी से उड़ान भरी थी।



दूसरा, प्रयागराज भारत का केंद्र है और भारत का समय प्रयागराज से लिया जाता है। इसके अलावा, मध्य वायु कमान का मुख्यालय प्रयागराज में है और संगम प्रयागराज में है। इन्हीं कारणों से एयर शो के लिए प्रयागराज को चुना गया। उन्होंने कहा, यह (प्रयागराज का संगम क्षेत्र) किसी भी एयर शो के लिए आदर्श स्थल है, जहां नदी के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग एयर शो देख सकते हैं। एयर मार्शल कपूर ने बताया कि इस एयर शो में लड़ाकू विमान हर दिशा में उड़ान भरेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें सूर्य किरण और सारंग विमान संगम के ऊपर करीब दो-तीन किलोमीटर के दायरे में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे।

# कर्नाटक के शिवमोगा में पथराव की घटना में 40 से अधिक गिरफ्तार

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि शिवमोगा में पथराव की घटना के सिलसिले में 40 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।

सिद्धरमैया ने कहा कि किसी समुदाय के धार्मिक आयोजनों के दौरान अशांति पैदा करना और पथराव करना कानून के खिलाफ है। उनकी सरकार ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी और उपद्रवियों से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, शिवमोगा में अब स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रित है। वहां, पुलिस शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। शिवमोगा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एसएन चन्नबसप्पा ने बीती शाम रागी गुड्डा इलाके में पथराव से क्षतिग्रस्त घरों का दौरा किया और आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे कुछ बाहरी लोग हैं, जिन्हें यहां के लोगों से समर्थन प्राप्त है।



चन्नबसप्पा ने सोमवार को शिवमोगा में संवाददाताओं से कहा, शिवमोगा उन लोगों के लिए स्वर्ग बन गया है, जो आतंक फैलाना चाहते हैं। बेंगलुरु में गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने इसे मामूली पथराव की घटना बताया है और कहा कि पुलिस ने इस पर काबू पा लिया है तथा संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है। गृहमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रशासन कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने चेतावनी दी है और भीड़ को तितर-बितर कर दिया है तथा स्थिति अब शांतिपूर्ण है।

# राजस्थान विधानसभा चुनाव में कमल ही हमारा चेहरा: मोदी

**मोदी की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में की गई है, जब पार्टी राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित तमाम नेताओं को एकसाथ लाने में जुटी है**



एजेंसी। जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी राजस्थान के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश नहीं करेगी। मोदी ने कमल के निशान को ही पार्टी की उम्मीद व उम्मीदवार बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने चित्तौड़गढ़ में पार्टी की एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। मोदी की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में की गई है, जब पार्टी राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित तमाम नेताओं को एकसाथ लाने में जुटी है। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने अपने संबोधन के आखिर में कहा, इस चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है और वो चेहरा है कमल। इस कमल को ही भारी बहुमत से जिताना है। और हम इस कमल के नेतृत्व में, कमल के निशान से राजस्थान का भाग्य भी तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, हमारी उम्मीद कमल है, हमारा उम्मीदवार कमल है। हम कमल खिलाएंगे, भाजपा को जिताएंगे, इसी लक्ष्य के साथ हम सबको एकजुटता के साथ आगे निकलना है। मोदी के साथ मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेता मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन में किसी नेता का नाम नहीं लिया, हालांकि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी के बारे में कहा कि वह मेवाड़ के, राजस्थान के विकास से जुड़े हर मुद्दे को दिल्ली में जोर-शोर से उठाते हैं।

आगामी चुनाव में पार्टी की जीत का विश्वास जताते हुए मोदी ने कहा, राजस्थान ने आह्वान कर दिया है- राजस्थान को बचाएंगे, भाजपा सरकार को लाएंगे। मोदी जनसभा से पहले सांवलिया सेठ मंदिर गए और पूजा अर्चना की। वह सभा में खुली जीप में सवार होकर पहुंचे, जहां लोगों ने जोरदार नारों के साथ उनका स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री आज छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे और इस दौरान वह करोड़ों रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री लगभग 11 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे और छत्तीसगढ़ में 26,000 करोड़ से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें बस्तर जिले के नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण भी शामिल है। यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह ग्रीनफील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा।

## माहिरा खान ने कारोबारी सलीम करीम से की शादी

**पेशावर।** पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने कारोबारी सलीम करीम से शादी कर ली। भुर्बन शहर के रिजॉर्ट में आयोजित समारोह में गिने-चुने लोग ही शामिल हुए। माहिरा की मैनेजर अनुशाय तल्हा खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रईस फिल्म की अभिनेत्री का गलियारे में चलते हुए एक वीडियो साझा कर इस शादी की पुष्टि की।

वीडियो में खूबसूरत लहंगा पहने हुए माहिरा (38) दूल्हे की तरफ जाते हुए नजर आ रही है। वहीं, सलीम काले रंग की अचकन और हल्के नीले रंग का साफा पहने उनका स्वागत कर रहे हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार, यह शादी भुर्बन के पर्ल कॉंटिनेंटल होटल में रविवार को हुई। महिरा इससे पहले अली अस्करी के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं। दोनों वर्ष 2007-2015 के बीच एक साथ थे और उनका 13 वर्षीय एक बेटा अजलान है। अभिनेत्री वर्ष 2017 में पाकिस्तानी टेलीकॉम कंपनी सिमपैसा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलीम से मिलीं और दोनों ने वर्ष 2019 में तुर्की में सगाई की थी।

# बंगाल विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया

**विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार के खिलाफ धरना दिया और नारे लगाए**

एजेंसी। कोलकाता

**सत्तारूढ़** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा नई दिल्ली में केंद्र के खिलाफ विरोध कार्यक्रमों के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने कुशासन और भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार के खिलाफ धरना दिया और नारे लगाए।

अधिकारी ने कहा, तृणमूल सरकार न केवल अपने प्रशासनिक कर्तव्यों में विफल रही है, बल्कि भ्रष्टाचार में भी लिप्त है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती हो या मनरेगा निधि में इस्तेमाल में भ्रष्टाचार, सभी में तृणमूल के नेता लिप्त हैं।



महात्मा गांधी के जन्मदिन पर, हमने तृणमूल के इस भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध करने का फैसला लिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के बहुप्रतीक्षित विरोध कार्यक्रम से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। तृणमूल के प्रवक्ता ने कहा, ट्रेन सेवा देने से इनकार करके, अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) समन जारी करके और उड़ानें रद्द करके हमें रोकने की कोशिश की गई। जब सब कुछ विफल हो गया, तो उन्होंने निराधार आरोपों के आधार पर ध्यान भटकाने वाली रणनीति का सहारा लिया है। तृणमूल सांसद और राज्यमंत्री दो अक्टूबर को नई दिल्ली में राजघाट पर शांतिपूर्वक तरीके से इकट्ठा होंगे, इसके बाद अगले दिन मनरेगा रोजगार कार्ड धारकों की एक शांतिपूर्ण रैली निकाली जाएगी। केंद्र द्वारा बंगाल सरकार को मनरेगा और आवास योजना के लिए राशि जारी करने से कथित तौर पर इनकार करने के खिलाफ पूर्व निर्धारित विरोध प्रदर्शन से पहले तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी अन्य शीर्ष नेताओं के साथ दिल्ली पहुंचे।

## आस्ट्रेलिया में मूल जातीय लोगों की आवाज के लिए मतदान शुरू

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड में 14 अक्टूबर को होने वाले आम चुनाव को लेकर सोमवार को प्रारंभिक मतदान शुरू हो गया। कंजरवेटिव उम्मीदवार क्रिस्टोफर लक्सन ने मतपेटी में अपना वोट डाला। एक जनमत संग्रह को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में भी प्रारंभिक मतदान शुरू हो गया। इस जनमत संग्रह के जरिए जातीय लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली नीतियों पर संसद को परामर्श देने के वास्ते ऑस्ट्रेलिया के संविधान में एक तंत्र स्थापित किया जाएगा। न्यूजीलैंड में प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस को रविवार को तब झटका लगा जब वे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। उन्होंने कहा कि वह पांच दिन तक या जांच में संक्रमण से मुक्त होने की पुष्टि होने तक पृथक-वास में रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने दावा किया

# राज्य में चार साल के दौरान नक्सली वारदातों में 52 फीसदी की कमी आयी

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** सरकार ने दावा किया है कि पिछले लगभग चार वर्ष के दौरान राज्य में नक्सल वारदातों में 52 फीसदी की कमी आई है। जनसंपर्क विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया है कि वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक नक्सल वारदातों में 52 फीसदी की कमी आई है।

विज्ञप्ति में कहा गया है राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या शिक्षा की थी। नक्सलियों द्वारा स्कूलों को निशाना बनाया गया था। नक्सली हिंसा के कारण डेढ़ दशक से बंद पड़े 314 स्कूलों का फिर से संचालन शुरू किया गया है। इसके साथ ही 589 गांव भी नक्सल मुक्त हो चुके है और 5.74 लाख से अधिक लोग हिंसा और दहशत से मुक्त हुए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य सरकार ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्एय के साथ काम करते हुए राज्य में न्याय, विश्वास और सुरक्षा



के मूल मंत्र पर आगे बढ़ते हुए पिछले पांच वर्षों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

राज्य की बेसिक पुलिसिंग ने जनता का भरोसा जीता है और राज्य में अपराधों पर अंकुश भी लगा है। जनसंपर्क विभाग ने बताया है कि राज्य में 2015 से 2018 की तुलना में 2019 से अब तक महिला अपराधों में 40 फीसदी की कमी आई है। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने हाल ही में एक बड़ी घोषणा की है जिसमें महिलाओं से दुष्कर्म के आरोपियों को शासकीय नौकरी देने पर रोक लगा दी गई है। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के चार जिलों में अलग से महिला थाने की स्थापना की गई है।

## भारतीय खनन कारोबारी और उसके बेटे समेत छह लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में एक निजी विमान तकनीकी खराबी के कारण हीरे की एक खदान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक भारतीय खनन कारोबारी और उसके बेटे सहित छह लोगों की मौत हो गई। मीडिया में प्रकाशित खबरों से यह जानकारी सामने आई है।

वेबसाइट आईहरारे ने अपनी खबर में बताया कि मशावा के जवामहांडे इलाके में हुए विमान हादसे में खनन कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा, उनके बेटे और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। रियोजिम सोने और कोयले का उत्पादन करने के साथ-साथ निकल और तांबे को परिष्कृत करने वाली एक प्रमुख खनन कंपनी है। खबर के मुताबिक, रियोजिम के स्वामित्व वाला सेसना 206 विमान शुक्रवार को हरारे से मुरोवा हीरा खदान की ओर जा रहा था, तभी यह दुखद हादसा हुआ।

# जेपी नड्डा ने खादी को भारतीय धरोहर विरासत का प्रतीक बताया

**लोगों से खादी खरीदने की अपील**

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर खादी को भारतीय धरोहर और विरासत का प्रतीक बताया और लोगों से खादी उत्पाद खरीदने की अपील की।

नड्डा ने इस अवसर पर राजधानी के कनॉट प्लेस स्थित खादी स्टोर का दौरा किया और वहां से कुछ वस्त्र भी खरीदे। उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, खादी हमारी धरोहर और विरासत का प्रतीक है। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित खादी स्टोर से खादी के वस्त्र खरीदे। नड्डा



ने कहा कि खादी को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम प्रयासों से खादी उद्योग नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं सभी देशवासियों से कम से कम एक खादी उत्पाद खरीदने और उत्सव समारोहों के दौरान वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाने का आग्रह करता हूं। इससे पहले नड्डा ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, पूज्य बापू हमारे पथ-प्रदर्शक हैं। स्वदेशी, स्वराज व स्वभाषा के लिए आपके आग्रह सदैव हमारी प्रेरणा हैं। आज हमारी सरकार जन-जन के लिए आपके दिखाए समावेशी, सर्वस्पर्शी व सर्वांगीण विकास के पथ को अपना ध्एय बनाकर राष्ट्रसेवा हेतु समर्पित है। भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का संपूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। जय जवान- जय किसान का उनका उद्घोष आज भी देश के जन-जन में जीवंत व प्रवाहमान है। आपका दृढ़संकल्प, सेवाभाव व राष्ट्र के लिए समर्पण हमारा मार्गदर्शन करते हैं। आज उनकी पावन जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

## हॉलीवुड में पांच माह बाद देर रात प्रसारित होने वाले टॉक शो फिर शुरू होंगे

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड लेखकों की हड़ताल के कारण पांच महीने के विराम के बाद देर रात प्रसारित होने वाले टॉक शो वापसी कर रहे हैं, जबकि अभिनेता भी काम पर लौटने के लिए बातचीत शुरू करने वाले हैं। लेखकों की दो मई को शुरू हुई हड़ताल के बाद सबसे पहले सीबीएस के द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट , एबीसी के जिमी किमेल लाइव और एनबीसी के द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन का प्रसारण रुक गया था। अब ये शो सोमवार रात से वापसी कर रहे हैं। वहीं, कॉमेडियन जॉन ऑलिवर रविवार रात को एचबीओ पर अपने लास्ट वीक टुनाइट शो के साथ उत्साहपूर्वक लौटे और हड़ताल के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। ऑलिवर ने कहा, साफ तौर पर कहूं तो हड़ताल अच्छे कारणों के लिए की गई थी। हॉलीवुड उद्योग जगत में काम करने वालों का हमेशा से शोषण होता रहा है।

# मिस्र में एक पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 38 लोग घायल

एजेंसी। काहिरा

**पूर्वोत्तर** मिस्र में सोमवार को तड़के एक पुलिस मुख्यालय में आग लगने से कम से कम 38 लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता होसाम अब्देल-गफ्फार के अनुसार, आग इस्माइलिया के स्वेज नहर प्रांत में बहुमंजिला पुलिस मुख्यालय में लगी।



बताया कि घायलों में से 12 का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया, जबकि 26 अन्य को अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि सात लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, फिलहाल यह स्पष्ट आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है कि घटना के समय इमारत में कितने पुलिसकर्मी मौजूद थे। इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। आग लगने के कारण का भी फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें इमारत से आग की लपटें और धुआं निकलता दिख रहा है। मिस्र में सुरक्षा मानकों और आग लगने की घटनाओं से निपटने संबंधी नियमों को लागू करने की व्यवस्था काफी लचर है, जो कि लोगों की मौत का कारण बन जाते हैं।

पिछले साल अगस्त में ही काहिरा में कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स चर्च में आग लग गई थी, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी।

# कर्नाटक: कांग्रेस सरकार में असामाजिक तत्वों को मिल रहा समर्थन

**शिवमोगा की घटना को लेकर भाजपा ने साधा निशाना**

एजेंसी। बेंगलुरू

**कर्नाटक** के शिवमोगा जिला मुख्यालय में रविवार शाम पथराव की घटना के एक दिन बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाने में विफल रहने का आरोप लगाया। शिवमोगा की संवेदनशील प्रकृति की ओर इशारा करते हुए विपक्षी दल के नेताओं ने सवाल किया कि कोई एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए गए और पूछा कि ईद मिलाद जुलूस के दौरान ऐसी घटना क्यों हुई, जबकि हाल ही में गणेश विसर्जन और जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। शिवमोगा एक संवेदनशील शहर है और अतीत में (तनाव के) कई उदाहरण सामने आए हैं। ऐसा लगता है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। बेंगलुरु में संवाददाताओं से बात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह की घटनाएं आमतौर पर शिवमोगा के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में होती हैं, जहां एहतियात के तौर पर कुशल अधिकारियों को तैनात किया जाना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं होता है, तो ऐसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया, जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, असामाजिक तत्वों को समर्थन मिल रहा है। बोम्मई ने कहा कि हर गांव, तालुक और जिले में माफिया की अवैध गतिविधियां बड़े पैमाने पर हो रही हैं, जिसे नियंत्रित करने में यह सरकार



विफल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद से जुड़े स्लीपर सेल के सदस्यों को पहले भी शिवमोगा से गिरफ्तार किया जा चुका है।

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने आरोप लगाया कि पथराव के पीछे धार्मिक कट्टरपंथी ताकतों का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईद मिलाद जुलूस के नाम पर हिंदुओं के घरों और संपत्तियों पर हमला किया गया और लूटपाट की गई। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए जाने की घटनाएं हुईं और कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण %कट्टरपंथी ताकतें फिर से उभर रही हैं। उन्होंने शिवमोगा में चल रही कथित %आतंकी गतिविधियों% का भी जिक्र किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और शिकारीपुरा के विधायक बीवाई विजयेंद्र ने यह भी कहा कि हाल ही में शिवमोगा में बड़े पैमाने पर गणेश विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किए गए थे।

## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे केएस ईश्वरप्पा

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केएस ईश्वरप्पा शिवमोगा के एक अस्पताल में पथराव में घायल हुए लोगों से मिलने पहुंचे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि कल जुलूस के दौरान तलवारें चलाई गईं और पूछा, वे किसे चेतावनी देने की कोशिश कर रहे थे? पुलिस ने उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की? गृहमंत्री जी परमेश्वर पर उनके उस बयान के लिए निशाना साधते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें पथराव की घटना के अलावा तलवार या किसी हथियार के चलने के बारे में कोई जानकारी या रिपोर्ट नहीं मिली है, ईश्वरप्पा ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और मुसलमानों के गुलामों की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया।

## हिंदुओं को भड़काने के लिए लगाए गए टीपू सुल्तान के पोस्टर

**उन्होंने** दावा किया कि हिंदू समुदाय को भड़काने के लिए विभिन्न स्थानों पर 18वीं सदी के शासक टीपू सुल्तान और अन्य के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए थे। उन्होंने कहा, पथराव में एक भी हिंदू युवक शामिल नहीं था... काले कपड़े और मास्क पहने लोगों ने हिंदुओं के घरों पर चुन-चुन कर हमला किया। पुलिस ने बताया कि शिवमोगा के रागी गुड्डा इलाके में ईद मिलाद जुलूस के दौरान तनाव और पथराव की कथित घटनाओं के बाद स्थिति अब शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

# एएमयू के शिक्षक, पूर्व छात्र दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे

एजेंसी। अलीगढ़ (उप्र)

**अलीगढ़** मुस्लिम विश्वविद्यालय शिक्षक संघ विश्वविद्यालय के कई प्रमुख पूर्व छात्रों के साथ मिलकर पूर्णकालिक कुलपति की नियुक्ति की मांग तथा विश्वविद्यालय में अन्य अनियमितताओं की तरफ ध्यान खींचने के लिए 15 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

शनिवार को एएमयू शिक्षक संघ की संयुक्त कार्वाई समिति (जेएसी) की बैठक में यह घोषणा की गई। जेएसी के संयोजक और एएमयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष आजम बेग ने कहा कि इस धरने में सभी प्रमुख केंद्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि, एएमयू के प्रमुख पूर्व छात्र और एएमयू शिक्षक संघ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बेग ने कहा कि धरना सभी



आंतरिक लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने और विश्वविद्यालय के संविधान में निहित नियमों और विनियमों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप एएमयू में बढ़ते संकट को उजागर करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। बेग ने कहा कि संस्थान के प्रमुख पूर्व छात्रों और कुछ पूर्व कुलपतियों को सांसदों, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय के आगंतुकों से संपर्क करने के लिए एकजुट किया जा रहा है, ताकि मौजूदा स्थिति जारी रहने पर होने वाले दीर्घकालिक नुकसान को उजागर किया जा सके।

# नोएडा में शहीद पत्रकारों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक

## सेक्टर-72 में स्थापित स्मारक को राष्ट्र को समर्पित किया, पत्रकारों, राजनेता व सामाजिक ने किया शहीदों को नमन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कोविड** काल में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए शहीद हुए देशभर के पत्रकारों की याद में एक शहीद स्मारक स्थापित किया गया है। यह शहीद स्मारक नोएडा शहर में स्थापित हुआ है। नोएडा शहर के सेक्टर.72 में स्थापित राष्ट्रीय स्मारक को गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2023 को राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता व सामाजिक कार्यकर्ता एकत्र हुए।

कोविड महामारी के दौरान भारत में 497 पत्रकारों का निधन हुआ था। देशभर के उन सभी पत्रकारों की याद में नोएडा शहर में एक विशाल स्मृति स्मारक स्थापित किया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नोएडा के सेक्टर-72 में स्थापित किया गया राष्ट्रीय स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर नोएडा के सेक्टर-72 में स्थित पार्क में बड़ी संख्या में पत्रकार एकत्र हुए। मौका था यहां स्थापित किए गए पत्रकार राष्ट्रीय स्मारक के लोकार्पण का।

नोएडा के सेक्टर-72 में पत्रकारों की याद में राष्ट्रीय स्मारक की स्थापना नोएडा मीडिया क्लब ने की है। स्मारक के लोकार्पण के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रसिद्ध किसान नेता राकेश टिकैत, पूर्व मंत्री डीपी यादव, नोएडा के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद व भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह नागर, प्रकाश अस्पताल समूह के एमडी डा वीएस चौहान, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, भारतीय जनता पार्टी के नोएडा मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी, रामशरण नागर एडवोकेट, भाजपा नेता संजय बाली, मनीष शर्मा, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, रालोद के युवा नेता मनोज चौधरी, रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष अजित सिंह दौला, रालोद के मेरठ मंडल प्रभारी इंद्रवीर सिंह एडवोकेट, जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र सिंह, उप्र के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता नवाब सिंह नागर, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन, सपा नेता सुनील चौधरी, नोएडा कमिश्नरी में तैनात एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी रजनीश वर्मा, सपा नेता दीपक विग, मनोज चौहान, कुंवर बिलाल बर्नी, अन्नू पंडित, कांग्रेस नेता चौधरी रघुराज सिंह, रालोद प्रवक्ता यतेन्द्र सिंह कसाना, नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पाराशर, महामंत्री विनोद सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष रिंकू यादव, भूपेन्द्र चौधरी, विनोद शर्मा, सुरेश चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल चौधरी, मोहम्मद आजाद, विनोद अग्निहोत्री, संजीव यादव, चेतना मंच के संपादक आरपी रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार मुखराम सिंह, दिनेश शर्मा, देवदत्त शर्मा, श्रीमती अंजना भागी, युग करवट के संपादक सलामत मियां, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, वीके अवस्थी, अभिमन्यु पांडेय, इकबाल, देवेन्द बेसौया, निरंकार सिंह, जगदीश शर्मा, अम्बरीश त्रिपाठी, सौरभ राय, संगीता चौधरी, प्रियंका राणा, सुश्री सुनैना सिंह, आंचल यादव, अकरम चौधरी, देव गुर्जर, अरविंद उत्तम, मोहम्मद इमरान, अजित तिवारी एवं हिमांशु शुक्ला समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

साथ ही प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सरदार मनजीत सिंह, हरेन्द्र नागर, डीपी गोयल, एलबी सिंह, एसपी जैन, सपा नेता राघवेन्द्र दुबे, फ ोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा समेत अनेक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



शहीद पत्रकारों को श्रद्धांजलि देते सोंसद महेश शर्मा।



पत्रकारों के साथ जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह।

### त्रिकोणीय आकार का बना है स्माकर

*पत्रकार राष्ट्रीय स्मारक को त्रिकोणीय आकार में बनाया गया है, जो गोलाकार आधार पर टिका हैं। इसकी ऊंचाई छह मीटर है। इस स्मारक के त्रिकोणीय होने से यह मीडिया की तीन धाराओं को संदर्भित करती है। इसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया को प्रदर्शत किया गया है। पूरा स्मारक काले संगमरमर से बना है।*



## मीडिया हाउस ने पत्रकारों की कलम पर लगा दिया पहराः राकेश टिकैत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रसिद्ध किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि फ्रंट लाइन पर लड़ने वाले पत्रकार आज भी ईमानदार हैं, लेकिन मीडिया हाउसों ने इन पत्रकारों की कलम पर पहरा लगा दिया है जिस वजह से देश में घट रही घटनाओं की सच्चाई सामने नहीं आ पाती। कोविड 19 काल में शहीद हुए देशभर के पत्रकारों की याद में नोएडा के सेक्टर 72 में बनाए गए राष्ट्रीय स्मारक के लोकार्पण के मौके पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि पत्रकार किसी गांव, शहर व कस्बे का नहीं होता। उसका जीवन सार्वजनिक होता है और वह हमेशा फ्रंटलाइन पर लड़ता है। कोरोना काल के दौरान बड़ी संख्या में पत्रकारों ने फ्रंटलाइन में रहते हुए अपने प्रांण गंवाए उन्हीं पत्रकारों को आज श्रद्धांजलि देने यहां आए हैं। मीडिया की स्वतंत्रता पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पत्रकार आज भी ईमानदार हैं, लेकिन मीडिया हाउस ईमानदार नहीं है। उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली में पेंशन बहाली की मांग को लेकर लाखों लोग रामलीला मैदान में जुटे थे, लेकिन किसी भी न्यूज चैनल ने उसकी कवरेज नहीं दिखाई। यह इसलिए हुआ कि मीडिया हाउस ने प्रेस की स्वतंत्रता पर कब्जा कर लिया है। देश में क्या घटनाक्रम हो रहा है तथा उसकी सच्चाई क्या है यह जनता के सामने नहीं आ पाता। टिकैत ने कहा कि नोएडा मीडिया क्लब द्वारा देश में पहला ऐसा स्मारक स्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



कार्यक्रम लोगों को अभिवादन स्वीकार करते डॉ. पीएन अरोड़ा।

### 'सवेरा' योजना बजुर्गों के जीवन में लाई उजाला

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर गाजियाबाद जिले में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सवेरा परियोजना के अंतर्गत एक अभिनन्दन कार्यक्रम में यशोदा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के सी एम डी डॉ पी एन अरोड़ा को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथिअसीम अरुण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन रहे। इस अवसर पर डॉ पी एन अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर आई पी एस अजय मिश्रा जी को गाजियाबाद जनपद में सवेरा योजना के क्रियान्वयन हेतु उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम इंजीनियरिंग कॉलेज सभागार गाजियाबाद में आयोजित हुआ। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस की योजना 'सवेरा' लाखों बजुर्गों के जीवन में उजाला भरने का कार्य कर रही है। 'सवेरा' का शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 26 अक्तूबर 2019 में किया था। डॉ अरोड़ा ने बताया कि सवेरा योजना से क्या लाभ है? सवेरा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और बचाव के लिए है और उनकी सुरक्षा को आश्वस्त करने के लिए पुलिस 24 घंटे उनके लिए मौजूद है। योजना के तहत कोई भी बुजुर्ग 112-यूपी पर कॉल कर के अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के बाद यदि किसी बुजुर्ग को सुरक्षा सम्बन्धी मदद की जरुरत होती है तो सम्बंधित थाने की पुलिस या 112 की पीआरवी मौके पर पहुँच कर सहायता पहुँचाने का कार्य करती है।

### 16 अक्टूबर को होगा नोएडा में दंगल

**नोएडा।** हर बार की इस साल भी ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से ऋषि पाल गोल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन 16 अक्टूबर को ऋषि पाल पाल क्रीड़ा स्थल पर होगा। जिसमें एक लाख रुपए या इससे ज्यादा तक की इनामी कुश्ती भी लड़ी जाएगी। इसका फैसला आगामी दिनों में ट्रस्ट की ओर से लिया जाएगा। इस बार भी 150 से ज्यादा पहलवान अखाड़े में दमख़म दिखाते नजर आएंगे। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-15 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसमें बाल, महिला और पुरुष तीन वर्ग में कुश्ती का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का निर्णय के लिए एक पूरी टीम बनाई गई है। बता दें कि यह दंगल किसान नेता दिवंगत ऋषि पाल की याद में हर वर्ष नया बांस में किया जाता है। 16 अक्टूबर 1994 को किसान नेता ऋषि पाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से दंगल और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। अतर सिंह चौधरी ने बताया कि इस बार दंगल के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने के लिए फि जिक्स, केमिस्ट्री, मैथ व अकाउंट विषयों के शिक्षक रखकर बच्चों की कोचिंग की जाएगी।

### कांग्रेसियों ने गांधी और लाल बहादुर को किया नमन

**नोएडा।** नोएडा महानगर कांग्रेस ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई। शहर कांग्रेस कार्यालय पर दोनों चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर पूर्व सांसद स्वतंत्रता सेनानी मसूरिया दिन पाल्सी का जन्म दिवस भी महानगर कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया। इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहां कि देश ही नहीं विश्व को आदर्श, सिद्धांत, कर्मठता, अहिंसा, संकल्प का बोध करा कर मानवता, सौहार्द, एकता के विचारों को जन.जन के मन में स्थापित करने वाले महानायकों को शत् शत् नमन। महात्मा गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री जी के विचार, आदर्श, सिद्धान्त हमेशा ही प्रेरणा प्रदान करते है। वर्तमान परिदृश्य में भी उनके विचारों को आत्मसात कर एक.दूसरे के प्रति सौहार्द की भावना को मजबूती देने के साथ देश की एकता, अखंडता ही हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीयता का सिद्धांत ही राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है।

## बाइक सवार युवक को मारी गोली, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● चाचा से था संपत्ति को लेकर विवाद**

**मोदीनगर** की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में रविवार रात दस बजे के आसपास फ ोन करके बुलाकर बाइक सवार युवक को गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक बाइक पर सवार होकर कस्बा पुलिस चौकी पर पहुंचकर बेहोश हो गया।

गंभीर हालात में युवक को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव मकरैड़ा निवासी आर्यन कुमार परिवार सहित रहते हैं। आर्यन कुमार दूध बेचने का काम करते हैं। उनका अपने चाचा से काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार रात को आर्यन कुमार को फोन करके मोदीनगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि जब वह भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में पहुंचे तो अचानक उनकों को गोली मार दी। गोली उनके कंधे में जा लगी।

गोली लगने के बाद आर्यन कुमार अपनी बाइक लेकर दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित कस्बा पुलिस चौकी पर पहुंच गए। पुलिस ने आर्यन को मोदीनगर के जीवन अस्पताल में भर्ती कराया। हालात गंभीर होने पर उन्हें गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है। संपत्ति विवाद के चलते गोली मारने की बात सामने आ रही है। घायल युवक का कहना है कि मेरे चाचा के लड़के ने गोली मारी है।

उसने ही मुझे फ ोन करके बुलाया था। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय व थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि युवक को गोली लगी है।

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर युवक से की लूट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** के निवाड़ी थाना क्षेत्र में उजैड़ा पूठरी मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक युवक से बाइक व नकदी लूट ली।

लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव उजैड़ा निवासी रेनू पुत्र धर्मवीर सिंह परिवार सहित रहते है। देर रात को रेनू अपने दोस्त अंकित के साथ पूठरी उजैड़ा मार्ग पर जा रहे थे। जब वह मार्ग पर गन्ना क्रेशर से आगे पहुंचे, तो दो बाइक पर सवार चार युवकों ने ओवरटेक कर रेनू की बाइक रोक ली।

बाइक रोकते ही एक युवक ने उनकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे के बल पर दो हजार रुपए नकदी, मोबाइल व बाइक लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवकों को मारपीट कर घायल कर फरार हो गए। पीड़ित युवक किसी तरह अपने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।

### कोर्ट के आदेश पर 12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली वादिनी हाल निवासी सतवाई मेरठ ने कोर्ट का सहारा लेकर ब्रज विहार निवासी त्रिलोक, देवेंद्र व हीरालाल नामक तीन भाईयों समेत उनके एक दर्जन परिजनों के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूटपाट व अश्लील हरकत जैसी कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस संदर्भ में एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि जिस वादिनी ने कोर्ट के माध्यम से मुरादनगर थाने में उपरोक्त आरोपितों के खिलाफअब रिपोर्ट दर्ज करवाई है उस मामले में मुरादनगर थाने में पहले भी मारपीट के मामले का एक मुकदमा दर्ज हो चुका था।

## गाजियाबाद में सगी बहनों से दुष्कर्म, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● महिला दरोगा ने आरोपी को सही पायाः डीसीपी ग्रामीण**



**मोदीनगर** के मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी 17 व 14 साल की पुत्रियों के साथ चार साल से दुष्कर्म कर रहा था। शिक्षिका ने डीसीपी ग्रामीण को फोन करके पूरी बात बताई।

नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी व 17 व 14 साल की दो पुत्रियों के साथ रहता है। दंपति मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करता है। काफी समय से उक्त व्यक्ति पर काम पर नहीं जा रहा था, उनकी पत्नी ही मजदूरी करने के लिए जाती थी।

दोनों बहन नगर की एक कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल में कक्षा सात की छात्रा है। बताया जा रहा है कि दोनों बहन जब स्कूल में जाती थी तो वहां पर गुमशुम सी रहती थी। पिछले दिनों हुए टेस्ट में दोनों बहनों के सभी विषय में काफी कम अंक आए। यह देखकर शिक्षिका ने दोनों बहनों से गुमशुम रहने व कम अंक आने का कारण पूछा। इसके बाद दोनों बहनों ने शिक्षिका को आपबीती सुनाई। सगी बहनों की आपबीती सुनकर शिक्षिका दंग रह गई। उन्होंने डीसीपी ग्रामीण को फोन पर अवगत कराया। इसके बाद डीसीपी ग्रामीण ने इसकी जांच एक महिला दरोगा को दी। दोनों बहनों ने बताया कि पापा चार साल से लगातार हमारे से गलत काम करते आ रहे है।

मां सुबह काम पर चली जाती है। मां के काम पर जाते ही वह गलत काम करना शुरू कर देते थे। विरोध करने पर बेहरमी से पिटाई की जाती थी। मां के कई बार मना करने के बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आए।

गाजियाबाद डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने कहा कि शिकायत मिली तो इसकी जांच महिला दरोगा को दी गई। महिला दरोगा की जांच में मामला सही पाया गया। बड़ी पुत्री की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। वहीं मामले के बाद इलाके में लोगों में रोष का माहौल है।

## जय माता दी स्टीकर लगे वाहन का पुलिस ने काटा चालान, बवाल

**● पुलिकर्मी के साथ अभद्रता, सरेराह धमकाया**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गाजियाबाद** में जय माता दी का स्टीकर लगे वाहन का चालान काटने पर बवाल हो गया। हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। चालान काटने वाले पुलिसकर्मी से अभद्रता की और उसे सरेराह धमकाया। मोबाइल छीनने का प्रयास किया। वे इस कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

ये पूरा मामला रविवार शाम राजनगर एक्सटेंशन इलाके का है। बताया जा रहा है कि कैंटर के शीशे पर जय माता दी का स्टीकर लगा हुआ था। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उसका चालान काट दिया। कैंटर ड्राइवर की सूचना पर हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

वे ट्रैफिक पुलिसकर्मी से भिड़ गए। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पिंकी भैया कह रहे हैं, ओ भाई, एसपी ट्रैफिक से बात कर। हंगामे के दौरान हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता वहीं जमीन पर बैठ गए। उन्होंने जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इस मौके पर दल के अध्यक्ष ने कहा, हम भगवानों का नाम लेकर घर से निकलते हैं और ये हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और धरना दे रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। बता दें कि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आदेश दिया था कि जातिसूचक, सम्प्रदाय सूचक शब्द या चिह्न लिखने वाली गाड़ियों पर कार्रवाई की जाए।

### बीच सड़क पर तख्त रखकर मनाया जन्मदिन

**नोएडा।** नोएडा में थाना फेज-1 क्षेत्र के बिमटेक कॉलेज के सामने बर्थ डे मनाने का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ युवकों ने एक तख्त को बीच सड़क पर रखा है। तख्त पर एक-दो नहीं, बल्कि 10 से ज्यादा केक रखे हैं। काफी देर तक ये तख्त सड़क के बीच में रखा रहा।

युवक इसके चारो ओर खड़े रहे। वहां मौजूद लोगों ने जब वीडियो बनाना शुरू किया और ऐतराज जताया तो तख्त को साइड में किया। फेस.1 थाना प्रभारी ध्रूव कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच के बाद चार युवकों को पकड़ा। इनकी पहचान सनी कुमार, मनीष कुमार, अनूप त्रिपाठी के रूप में हुई है।

ये सभी अशोक नगर दिल्ली के रहने वाले है। इसमें मनीष का जन्मदिन था। जिसको मनाने के लिए ये तरीका अपनाया गया। इनके बाकी साथी अभी फरार हैं।

## गांधी जी के आदर्श आज भी प्रासांगिकः डीएम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गांधी जयंती पर बापू को पुष्पांजलि अर्पित की। सीईओ लोकेश एम ने कहा कि गांधी सादगी की प्रतिमूर्ति थे उन्होंने बापू के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों का पालन करने का आग्रह किया।

**जिला** प्रशासन द्वारा आज मुख्यालय में राष्टपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सबसे पहले गांधी जी व शास्त्री जी की तस्वीरों पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर डीएम आरके सिंह ने कहा कि राष्टपिता महात्मा गांधी ने हमेशा अहिंसा के मार्ग को चुना और जीवन भर उसी मार्ग पर चले। उनके द्वारा किए गए आंदोलनों ने देश के जन.जन में देशभक्ति की भावना को जाग्रत किया और देश की आजादी में प्रमुख भूमिका निभाई। राष्टपिता के आर्दश आज भी युवाओं के लिए प्रांसगिक है। तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एक ऐसी शख्सियत के रूप में जाने जाते रहे हैं जिन्होंने कभी भी सरकारी संसाधनों का उपयोग अपने परिजनों के लिए नहीं किया।

वह सादगी और ईमानदारी की एक मिसाल बनकर रहे। एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी को सिर्फदेश ही नहीं दुनिया में भी बहुत सम्मान से देखा जाता है।

उन्होंने हमेशा ही युवाओं को अहिंसा का मार्ग दिखाया और देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करते रहे। एडीएम एफ आर विवेक श्रीवास्तव ने भी लोगों को गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी से भी प्रेरणा लेनी चाहिए और ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से अपने कार्य को करते हुए आम जन की सेवा करनी चाहिए। अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नाजिर सदर ने किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, एसीएम चंद्रेश, एसीएम निखिल चक्रवर्ती, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ सीमा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं इसके उपरांत गांधी जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन व सिविल डिफेंस की ओर से कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों को फ ल वितरण किए गए। एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने आश्रम में फलों का वितरण किया।

### गौतम बुद्ध नगर में सादगी से मनाई गांधी जयंती

**नोएडा।** बहुत ही कम ऐसे व्यक्ति होते हैं जिनका जीवन उनके विचारों और सिद्धांतों पर टिका होता है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। इन महान विभूतियों ने न सिर्फबातें की, बल्कि अपने विचारों और जीवनशैली के माध्यम से उसे करके भी दिखा दिया। उनके जीवन से हमें सादगी का संदेश मिलता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ पुलकित खरे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्राधिकरण के आडिटोरिम में आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में मौजूद प्राधिकरण कर्मियों को संबोधित करते हुए एसीईओ पुलकित खरे ने कहा कि हमारे वेदों.पुराणों में जो बातें लिखी हैं, उनको महात्मा गांधी ने अपने जीवन में उतार कर दिखाया। हमें अपने बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों पर अमल करने की सीख देनी चाहिए। ये राष्ट्रीय पर्व हमें आत्म चिंतन के लिए प्रेरित करते हैं। एसीईओ ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री शास्त्री के जीवन से हमें प्रेरण मिलती है कि सादगी से जीवन के पथ पर चलकर व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने अमेरिका के दबाव के आगे न झुक कर खाद्यान्न के आयात को कम करने के लिए एक दिन का उपवास शुरू कराया।

खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को दृढ़ संकल्प बनाया। प्रधानमंत्री भवन में खाली जमीन पर स्वयं खेती करके अन्न उपजाना उनके सिद्धांतों व मर्यादा को जाहिर करता है। एसीईओ ने अपील की कि आज के दिन हम अपने परिवार के साथ इन महापुरुषों के जीवन व्यक्तित्व पर जरूर चर्चा करें। एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाकर न सिर्फ अपना देश, बल्कि दुनियां के कई देशों ने आजादी प्राप्त की। एसीईओ ने महात्मा, बापू और राष्ट्रपिता की उपाधि दिए जाने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व सरल, आदर्श, ईमानदारी पर आधारित था।



जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं।

# बेहद अलग है जूलॉजी में कॅरियर

ऐसे बहुत से लोग है, जो प्रकृति में मौजूद विभिन्न तरह के प्राणियों के बारे में गहराई से जानने की इच्छा रखते हैं। ऐसे लोग जूलॉजी में अपना कॅरियर देख सकते हैं। जूलॉजी, जीव विज्ञान की एक शाखा है, जो मछली, सरीसृप, पक्षियों और स्तनधारियों सहित जानवरों का वैज्ञानिक अध्ययन है। यह संरचना, शरीर रचना, विशेषताओं, व्यवहार, वितरण, पोषण की विधि, शरीर विज्ञान, आनुवंशिकी और पशु प्रजातियों के विकास को शामिल करता है। जूलॉजी का अध्ययन करते समय आप समुद्री जीवों, चिड़ियाघर के जानवरों और जंगली और यहां तक कि घरेलू पालतू जानवरों सहित जानवरों के जीव विज्ञान और आनुवंशिकी का अध्ययन करते हैं। ऐसे में अगर आप भी इनके बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं, तो बतौर जूलॉजिस्ट बनकर ऐसा कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में।

## क्या होता है काम

**एक** जूलॉजिस्ट का मुख्य काम जानवरों के व्यवहार, विशिष्ट विशेषताओं और उनमें विकासवादी प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हैं। जूलॉजिस्ट को पशु जीवविज्ञानी या वैज्ञानिक भी कहा जाता है। यह एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है और विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जूलॉजिस्ट को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मसलन, पक्षियों के अध्ययन में विशेषज्ञता वाले जूलॉजिस्ट्स को ऑर्निथोलॉजिस्ट कहा जाता है, वहीं मछली का अध्ययन करने वाले को आइकथोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है। ठीक इसी तरह, जो जूलॉजिस्ट्स जो उभयचरों और सरीसृपों का अध्ययन करते हैं उन्हें हेरपेटोलॉजिस्ट नाम से जाना जाता है और स्तनधारियों से जुड़े लोगों को मैमलॉजिस्ट कहा जाता है। उनके कार्यक्षेत्र में जानवरों, पक्षियों, स्तनधारियों, कीड़े, मछलियों और कीड़े के पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करना और उन्हें विभिन्न स्थानों पर प्रबंधित करना है। जूलॉजिस्ट डीएनए पहचान सहित उच्च तकनीक के सभी प्रकार के क्षेत्र में और प्रयोगशाला में काम करते हैं, और वे जानकारी के डेटाबैंक विकसित करते हैं।



## योग्यता

**कॅरियर** एक्सपर्ट की मानें तो जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। हालांकि आप इस क्षेत्र में बैचलर की डिग्री के बाद मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल कर सकते हैं।

## व्यक्तिगत कौशल

**एजुकेशन** एक्सपर्ट कहते हैं कि जूलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का बेहद साहसी होना जरूरी है और उनके जीवन में डर के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समर्पित, स्वतंत्र और मेहनती भी होना चाहिए। उन्हें विभिन्न लोगों के साथ काम करना आना चाहिए। चूंकि वैज्ञानिक अक्सर शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उनके पास प्रभावी लिखित और मौखिक संचार क्षमताएं होनी चाहिए। वह अपना अधिकांश समय जानवरों के साथ बिताते हैं, इसलिए उन्हें जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें काटने, खरोंचने आदि जैसे हमलों के लिए हरदम मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और चोटों को सहने की क्षमता होनी चाहिए। जूलॉजी के क्षेत्र में आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, जो वास्तव में आपके लिए थकाऊ हो सकता है।

## संभावनाएं

बतौर जूलॉजिस्ट आप चिड़ियाघर, वाइल्डलाइफ सर्विस, बोटेनिकल गार्डन, कंसर्वेशन आर्गेनाइजेशन, नेशनल पार्क, यूनिवर्सिटी व लेबोरेटरीज आदि में काम कर सकते हैं। जहां चिड़ियाघर व म्यूजियम में वे बतौर एजुकेटर या क्यूरेटर अपना कॅरियर आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं आप स्कूल या कॉलेज में टीचर्स या रिचर्सर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं अपना शोध पूरा कर लेने के बाद आप एक स्वतंत्र शोधकर्ता के रूप में भी आगे कार्य कर सकते हैं। इसी तरह एनिमल रिहैबिलिटेटर्स या बतौर कंसर्वेशनिस्ट भी आप अपना उज्जवल भविष्य देख सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आपका वेतन शिक्षा, अनुभव, कार्य की प्रकृति व स्पेशलाइजेशन के आधार पर निर्भर करता है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छी आमदनी हो सकती है। शुरुआती दौर में आप 10000 से 15000 रुपये महीना आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ समय के पश्चात आपकी आमदनी 25000 रुपये प्रतिमाह या इससे अधिक भी हो सकती है। अगर कुछ वर्षों के अनुभव के पश्चात आप विदेश में काम करते हैं, तो आप यकीनन लाखों में कमा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- महारानी लक्ष्मी अन्नामलाई कॉलेज ऑफ वुमेन, बैंगलोर
- एमजी साइंस इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद
- अपूर्वा डिग्री कॉलेज, तेलंगाना
- डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी, छत्तीसगढ़
- क्वीन मैरी कॉलेज, चेन्नई

# एकदम हटकर कॅरियर है प्रॉडक्ट डिजाइनिंग

**आज** का जमाना पैकेजिंग का है। किसी भी प्रॉडक्ट के टेस्ट और क्वालिटी के साथ-साथ उसकी डिजाइनिंग भी काफी अहम होती है और यही कारण है कि प्रॉडक्ट डिजाइनिंग को काफी तवज्जो दी जाती है। प्रॉडक्ट डिजाइनिंग औद्योगिक डिजाइन का एक सबसेट है, जिसमें आपकी क्रिएटिविटी एक अहम रोल अदा करती है। ऐसे में अगर आप भी अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके अपने कॅरियर को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती हैं तो ऐसे में आप प्रॉडक्ट डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं प्रॉडक्ट डिजाइनिंग कॅरियर के बारे में विस्तारपूर्वक।

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक प्रॉडक्ट डिजाइनर का मुख्य काम किसी प्रॉडक्ट के प्रारंभिक डिजाइन आइडियाज को स्केच करना, फिर क्लाइंट्स से मीटिंग करके उन सैंपल्स पर चर्चा करना होता है। इसके अलावा, वह वर्तमान डिजाइन ट्रेंड्स और रूझानों के प्रति जागरूक रहते हैं, ताकि वह किसी भी प्रॉडक्ट को बेहतर तरीके से डिजाइन कर सकें। इतना ही नहीं, वह उत्पाद के दोष को ठीक करने के साथ-साथ प्रॉडक्ट डिजाइनिंग से संबंधित हर छोटी डिटेल पर विस्तारपूर्वक ध्यान देते हैं। साथ ही वे उत्पाद की सुरक्षा और उत्पादों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन करते हैं।

## ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, प्रॉडक्ट डिजाइनिंग में अपना कॅरियर बनाने के लिए, 12वीं कक्षा के बाद कई डिप्लोमा पाठ्यक्रम और स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) और कुछ आईआईटी जैसे संस्थान प्रॉडक्ट डिजाइन/औद्योगिक डिजाइन में स्नातक की डिग्री प्रदान करते हैं। इसके अलावा आप इंजीनियरिंग या आर्किटेक्चर कोर्स करने के बाद, आप भारत के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा/डिग्री कोर्स कर सकते हैं। इन संस्थानों में सभी की अपनी-अपनी प्रवेश परीक्षाएं होती हैं।

## यहां हैं संभावनाएं

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि प्रॉडक्ट डिजाइनिंग एक उभरता हुआ कॅरियर है और इसलिए यहां पर अवसरों की कोई कमी नहीं है। एक प्रॉडक्ट डिजाइनर टेक्सटाइल इंडस्ट्री से लेकर डिजिटल मीडिया, इलेक्टानिक्स इंडस्ट्री, फर्नीचर इंडस्ट्री, फूड एंड पैकेजिंग इंडस्ट्री, आदि में कॅरियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

> प्रॉडक्ट डिजाइनिंग एक उभरता हुआ कॅरियर है और इसलिए यहां पर अवसरों की कोई कमी नहीं है। एक प्रॉडक्ट डिजाइनर टेक्सटाइल इंडस्ट्री से लेकर डिजिटल मीडिया, इलेक्टानिक्स इंडस्ट्री, फर्नीचर इंडस्ट्री, फूड एंड पैकेजिंग इंडस्ट्री, आदि में कॅरियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## आमदनी

एक प्रॉडक्ट डिजाइनर के तौर पर आपकी सैलरी आपके कार्य अनुभव व एक्सपर्टीज के आधार पर निर्धारित होती है। भारत में एक प्रॉडक्ट डिजाइनर की औसतन सैलरी सालाना 4,00,000 रुपये हो सकती है। हालांकि समय और अनुभव बढ़ने के साथ-साथ आपकी सैलरी भी बढ़ती जाती है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, विभिन्न केंद्र
- सिंबोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर
- सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- आईआईएलएम स्कूल ऑफ डिजाइन, गुरूग्राम
- डीएसके इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन, पुणे



# विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं, ऐसे बनाएं कॅरियर

> एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है। विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं।

विजुअल मर्चेंडाइजिंग शब्द भले ही कुछ लोगों के लिए नया हो, लेकिन सेल्स और एडवरटाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोग इससे भली-भांति वाकिफ हैं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग वास्तव में एक आर्ट है, जिसमें एक व्यक्ति किसी प्रॉडक्ट या सर्विस को क्लाइंट्स के सामने कुछ इस तरह पेश करता है ताकि वह सेल्स को बढ़ावा दे सके। अब इस कॉन्सेप्ट को रिटेल सेक्टर में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में वह सभी गतिविधियां शामिल हैं, जो रिटेल स्टोर्स में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में मदद करती हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रॉडक्ट के संभावित ग्राहकों के माइंड को समझना और उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में शिक्षित करना और प्रॉडक्ट को बेहद इफेक्ट व क्रिएटिव तरीके से पेश करना आदि। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस कॅरियर के बारे में।

## क्या है विजुअल मर्चेंडाइजिंग

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है। विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं। वे ऑनलाइन शॉपर्स और रिटेल स्टोर दोनों के लिए विंडो और स्टोर डिस्प्ले में अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं। वे स्टोर थीम की योजना बनाते हैं, डिस्प्ले के लिए प्रॉपर की व्यवस्था करते हैं, डिस्प्ले फिक्स्चर और लाइटिंग की व्यवस्था करते हैं, ओपनिंग से पहले स्टोर सेट करते हैं, फ्लोर प्लान के साथ काम करते हैं और डिस्प्ले को बनाने के लिए सेल्स फ्लोर पर स्टोर कर्मियों को प्रशिक्षित करते हैं। एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य उद्देश्य स्टोर की छवि के अनुरूप डिस्प्ले बनाना और अधिक ग्राहकों को स्टोर में लाना है।



## शैक्षणिक योग्यता

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है। हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है।

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, विजुअल मर्चेंडाइजिंग के कोर्स में छात्रों को विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है जैसे कि रिटेल स्टोर का लेआउट और डिजाइन, इंटीरियर डेकोरेशन, स्टोर के अंदर फर्नीचर और फिक्स्चर की स्थापना, स्टोर डिस्प्ले और उत्पादों की प्रस्तुति, विभिन्न संचार साधनों के उपयोग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करना।

## व्यक्तिगत गुण

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी के गुण का होना बेहद आवश्यक है। एक विजुअल मर्चेंडाइजर में बेहतरीन आर्गेनाइजिंग स्किल्स होने के साथ-साथ प्लानिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट आदि विशेषताएं भी होनी चाहिए। इसके अलावा उनमें संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स, समस्या सुलझाने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी जरूरी है। कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजर को उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को जानना आना चाहिए और उसे रूझानों का भी पूर्वानमान लगा लेना चाहिए।

## संभावनाएं

शॉपिंग मॉल, फाइव स्टार होटल, बुटीक व रिटेल आउटलेट्स की संख्या बढ़ने के साथ ही विजुअल मर्चेंडाइजर्स की मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। विजुअल मर्चेंडाइजर फैशन बुटीक, शॉपिंग मॉल, एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म, थीम पार्टी ऑर्गनाइजिंग कंपनी आदि में जॉब कर सकते हैं। वे प्रदर्शनियों, मेलों, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, अवार्ड सेरेमनी, मॉल, रिटेल में विंडो डिस्प्ले के लिए अनुबंध के आधार पर फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर भी दस से पंद्रह हजार आसानी से कमा सकता है। वहीं कुछ समय के अनुभव के बाद आप किसी बड़े ब्रांड के रिटेल आउटलिट में काम कर सकते हैं और एक आकर्षक पैकेज पा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
- द सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन, मुंबई
- स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज, कोच्चि
  बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा

# वॉर्मअप मैच के लिए पहुंची भारतीय टीम, कल होगा मैच

**एजेंसी। मुंबई**

**भारतीय** टीम अपने दूसरे वॉर्मअप मुकाबले के लिए रविवार रात को तिरुअनंतपुरम पहुंच गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली टीम के साथ नहीं आए हैं। कोहली पर्सनल इमरजेंसी के कारण गुवाहाटी से मुंबई चले गए हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोहली टीम को मैच के दिन यानी मंगलवार को जॉइन करेंगे। भारत मंगलवार को नीदरलैंड के खिलाफ अपना दूसरा वॉर्मअप मैच खेलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ दूसरा वॉर्मअप मैच पूरा होने की संभावनाएं कम हैं। वेदर वेबसाइट

## भारतीय टीम अपने मिशन वर्ल्ड कप की शुरुआत 8 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी

एक्यूवेदर के मुताबिक मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में बारिश होने की संभावना 91 फीसदी है। इसके पहले भी तिरुवनंतपुरम में साउथ अफ्रिका-अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया-नीदरलैंड के बीच हुए दो वॉर्मअप मैच बारिश के कारण पूरे नहीं हो सके थे। भारतीय टीम अपने मिशन वर्ल्ड कप की शुरुआत 8 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। यह मैच चैन्नई में खेला जाएगा।

**अक्षर की जगह अश्विन की एंट्री**

टीम में अक्षर पटेल की जगह रविचंद्रन अश्विन को लिया गया है। अक्षर के इंजरी से पूरी तरह रिकवर नहीं हो पाने की वजह से स्क्वाड में बदलाव किया गया था।

### भारतीय टीम

**रोहित शर्मा** (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।



## अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले कोलकाता आएंगे रोनाल्डिन्हो

**एजेंसी। कोलकाता**



**ब्राजील** के विश्व कप विजेता फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो दुर्गापूजा से पहले कोलकाता आएंगे। तीन बार के बलोन डिओर विजेता रोनाल्डिन्हो से पहले पेले, डिएगो माराडोना और लियोनेल मेस्सी भारत आ चुके हैं।

रोनाल्डिन्हो ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, मैं इस साल अक्टूबर के बीच में पहली बार कोलकाता आऊंगा। कोलकाता में ब्राजील के बड़े प्रशंसक हैं और मैं उनसे मिलने को बेकरार हूं। वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मिलकर उन्हें जर्सी भेंट करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह बंगाल के दादा (सौरव गांगुली) से क्रिकेट भी सीखना चाहेंगे। उनके यहां 16 अक्टूबर को आने की संभावना है और दो दिन रूककर वह ढाका जाएंगे। यहां चैरिटी मैच खेलने के अलावा वह फुटबॉल अकादमी के प्रशिक्षुओं से भी बात करेंगे।

# एशियाड में नौवें दिन भी भारत ने मारा मेडलों पर हाथ

## स्केटिंग में 2 ब्रॉन्ज मिले, टेबल-टेनिस में भी आया कांस्य

## मेंस हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**एजेंसी। हांगझोउ**

**19वें** एशियन गेम्स के आज नौवें दिन की शुरुआत 3 ब्रॉन्ज मेडल से हुई। स्पीड स्केटिंग में पहले भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता, उसके बाद पुरुष टीम ने भी ब्रॉन्ज अपने नाम किया। साथ ही टेबल टेनिस के विमेंस डबल्स इवेंट में भी ब्रॉन्ज आया। टेबल टेनिस में सुतीर्था और अयहिका मुखर्जी की जोड़ी को विमेंस डबल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना कर ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। जोड़ी को नॉर्थ कोरिया के पेयर ने 4-3 से हराया। हॉकी में भारतीय मेंस टीम ने बांग्लादेश ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मेंस टीम ने बांग्लादेश को 12-0 से हराया। खबर लिखे जाने तक चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे एशियाड में भारत के 2 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज समेत भारत के कुल सात मेडल हो गए। कुल मेडलों की 60 के करीब पहुंच गई थी।

### नौवें दिन के मेडल

**स्केटिंग:** भारत को दो ब्रॉन्ज स्केटिंग के 3000 मीटर रिले में 4.34.861 समय के साथ विमेंस टीम ने ब्रॉन्ज जीता। इसके बाद मेंस टीम ने भी रीले इवेंट में 4.10.128 समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

टेबल टेनिस: सुतीर्था और अयहिका ने दिलाया ब्रॉन्ज सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नार्थ कोरिया के पेयर के खिलाफ 7 गेम में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 के स्कोर के साथ 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत को ब्रॉन्ज मिला।



### अन्य खेलों के रिजल्ट

**हॉकी-भारतीय मेंस टीम ने सेमीफाइनल में पहुंची**

हॉकी में भारतीय मेंस टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने अपने ग्रुप का आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेला और 12-0 से एकतरफा जीत हासिल की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह ने 3-3 गोल दागे। वहीं, अभिषेक ने दो गोल किए। अमित रोहिदास, ललित उपाध्याय, निलाकांता शर्मा और गुरजंत सिंह ने 1-1 गोल स्कोर किया। भारतीय मेंस हॉकी टीम एशियाड में अजेय है। टीम ने ग्रुप के सभी मुकाबले जीते।

**आर्चरी: भारत ने सभी चार कंपाउंड इवेंट में प्री क्वार्टरफाइनल जीता**

भारत के खिलाड़ियों ने सभी 4 मेंस और विमेंस कंपाउंड इवेंट में प्री क्वार्टरफाइनल नॉकआउट मुकाबले जीते। अभिषेक वर्मा ने बेलाल अयमान अलावादी (साउदी अरब) को 147-139 से हराया, ओजस देवताले ने अहमद अलशट्टी (कुवैत) को 148-138 से हराया, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने श्रीलंका की अनुराधा करुणारत्ने को 145-132 से हराया और अदिति गोपीचंद स्वामी ने नेपाल की इमयुंग राय को 149-137 से हराया। एथलेटिक्स (विमेंस 400मीटर हर्डल्स): विथ्या रामराज ने पीटी उषा के नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की। विमेंस 400 मीटर हर्डल्स में विथ्या रामराज ने 1984 में पीटी उषा के 400 मीटर हर्डल्स के नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की। विथ्या रामराज ने पहली हीट में टॉप पर फिनीश किया। उन्होंने 55.42 सेकंड्स में रेस पूरी की। इसी समय के साथ पीटी उषा ने लॉस एंजल्स ओलिंपिक में नेशनल रिकॉर्ड सेट किया था।

### स्क्वॉश: मिक्स्ड डबल्स में भारत को जीत

### मिक्स्ड डबल्स के ग्रुप मुकाबले में अनाहत और अभय की जोड़ी ने थाईलैंड को 2-0 से हराया



**19वें** एशियन गेम्स के 8वें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 बॉन्ज सहित कुल 15 मेडल जीते। इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के 13 गोल्ड समेत 53 मेडल हो चुके हैं। आठवें दिन भारत को एथलेटिक्स में दो और शूटिंग से एक गोल्ड मिला। इस दिन एथलेटिक्स के मेडल इवेंट शुरू हुए और भारत ने एथलेटिक्स के हर एक इवेंट में पोडियम फिनिश किया। एथलीट्स ने दो गोल्ड समेत कुल नौ मेडल जीते। चीन के हांगझोउ में भारत ने शूटिंग के मेंस ट्रैप, 3000 मीटर स्टेपल चेज और शॉटपुट इवेंट में गोल्ड जीते। स्टेपलचेज में अविनाश ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ बनाया। उन्होंने ईरान के हुसैनी (8 मिनट 22.79 सेकेंड) का रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि भारतीय टीम चीन से गोल्ड मेडल मैच हार गई।

### बैडमिंटन: सिंगल्स और डबल्स में नॉकआउट मुकाबले जीते

**मेंस** सिंगल्स के राउंड ऑफ 64 में किदांबी श्रीकांत ने वियतनाम के ड्युक फेट वी को 2-0 से हराया। किदांबी ने 21-10, 21-9 के सेट से मैच अपने नाम किया। मेंस डबल्स के राउंड ऑफ 32 में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीत हासिल की। उन्होंने हॉन्गकॉन्ग के हिन लॉन्ग-चुन वाई को 2-0 (21-11, 21-16) से हराया। मिक्स्ड डबल्स के राउंड ऑफ 32 में साई प्रतीक और तनीशा क्रेस्टो की जोड़ी जीत गई है। उन्होने मकाओ,चीन के पेयर को 2-0 से शिकस्त दी। मिक्स्ड डबल्स के राउंड ऑफ 32 में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की जोड़ी मैच पूरा नहीं कर सकी। रोहन कपूर के बीमार होने के कारण रिटायर हो गए इस वजह से मलेशिया की टीम को वॉकओवर दे दिया गया। मेंस डबल्स के राउंड ऑफ 32 में अर्जुन रामचंद्रन और ध्रुव कपिला की जोड़ी को रिटायर होना पड़ा। इस वजह से जापानी पेयर को वॉकओवर मिल गया।

### कैनोइंग: भारत को नहीं मिला मेडल

**भारत** आज कैनोइंग में मेडल नहीं जीत सका। भारत मेंस कैनो डबल 500 मीटर में आठवें स्थान पर रहा। इस इवेंट में कजाकिस्तान को जीत मिली। वहीं, जापान ने 0.227 के मामूली अंतर से सिल्वर मेडल जीता।



**खेल एशियाड स्वप्ना का आरोप**

## स्वप्ना ने कहा, ट्रांसजेंडर भारतीय साथी के कारण नहीं जीत पाई पदक

**एजेंसी। ंगझोउ**

**भारत** की स्वप्ना बर्मन ने सोमवार को यह आरोप लगाकर विवाद खड़ा कर दिया कि एशियाई खेलों की महिला हेप्टाथलान प्रतियोगिता में एक ट्रांसजेंडर खिलाड़ी के कारण वह कांस्य पदक जीतने से वंचित रह गई।

जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली स्वप्ना ने आरोप लगाया कि हमवतन नंदिनी अगसारा महिलाओं की स्पर्धा में भाग लेने के योग्य नहीं थी क्योंकि वह ट्रांसजेंडर है। स्वप्ना ने बाद में यह पोस्ट सोशल मीडिया से हटा दी थी। नंदिनी ने रविवार को महिलाओं की हेप्टाथलान में कांस्य पदक जीता था जबकि स्वप्ना अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और चौथे नंबर पर रही थी। स्वप्ना ने ट्वीट किया, मैंने चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में एक ट्रांसजेंडर महिला के हाथों अपना कांस्य पदक गंवा दिया है। मैं अपना पदक वापस चाहती हूं क्योंकि यह एथलेटिक्स के नियमों के खिलाफ है। कृपया मेरी मदद और समर्थन करें। उन्होंने हालांकि कुछ घंटे बाद यह ट्वीट हटा दिया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। विश्व एथलेटिक्स के इस साल 31 मार्च से लागू किए गए नियमों के अनुसार कोई भी एथलीट जिसमें पुरुषों के लक्षण पाए जाते हैं वह महिलाओं की विश्व रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकता है।





## भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

**एजेंसी। हांगझोउ**

**भारत** की महिला बास्केटबॉल टीम एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां उत्तर कोरिया से 57-96 से हार गई। भारतीय टीम का उत्तर कोरिया की टीम के सामने कोई मुकाबला नहीं था जिसके कारण उसे 20-26, 6-26, 17-22, 14-22 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में उत्तर कोरिया को चुनौती दी लेकिन अगले तीन क्वार्टर में उसकी एक नहीं चली। इससे पहले भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा था। उसने इंडोनेशिया को 66-46 और मंगोलिया को 68-61 से हराया था लेकिन गत चैंपियन चीन से उसे 53-111 से हार झेलनी पड़ी थी। उत्तर कोरिया सेमीफाइनल में चीन का सामना करेगा।









# पाकिस्तान को सलामी बल्लेबाजों और स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन की आस

**एजेंसी। हैदराबाद**

**वैश्विक** प्रतियोगिता में पाकिस्तान की चुनौती को कभी दरकिनार नहीं किया जा सकता और बाबर आजम और उनकी टीम प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के बावजूद भारत में जब एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में उतरेगी तो दावेदारों में शामिल होगी। कुछ समय पहले तक पाकिस्तान को काफी संतुलित टीम माना जा रहा था लेकिन एशिया कप में उनके प्रदर्शन ने टीम की खामियां उजागर की। भारत में खेलने से खिलाड़ियों के पास रातों-रात राष्ट्रीय हीरो बनने का मौका है। पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत यहां छह अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगा।

**मजबूती:**नसीम शाह की चोट के बावजूद पाकिस्तान का तेज आक्रमण काफी मजबूत है। भारत में अधिकांश स्थानों पर पावरप्ले में गेंद स्विंग होती है और शाहीन शाह अफरीदी इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। उनकी नजरें भारत के खिलाफ अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को होने वाले मैच में भी अच्छे प्रदर्शन पर टिकी होंगी। नसीम की अनुपस्थिति में नई गेंद का उनका साथी अभी तय नहीं है लेकिन तेज गेंदबाज हारिस राउफ और वापसी कर रहे अनुभवी हसन अली में से एक को यह मौका मिल सकता है। बल्लेबाजी काफी हद तक बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर निर्भर है और ए दोनों शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती अभ्यास मैच में शानदार लय में दिखे।

## भारत में खेलने से खिलाड़ियों के पास रातों-रात राष्ट्रीय हीरो बनने का मौका

**कमजोरी:** नसीम की अनुपस्थिति ने निश्चित रूप से विपक्षी बल्लेबाजों की राह कुछ आसान की है। शाहीन और नसीम नई गेंद से लगातार अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे और अब विरोधी खिलाड़ियों को थोड़ी राहत मिल सकती है। आमतौर पर पहले बदलाव के रूप में गेंदबाजी करने वाले राउफ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन अपनी तेज गति के बावजूद उतने प्रभावी नहीं दिखे। हसन पर अतिरिक्त दबाव होगा जिनकी मध्यम गति को देखते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों द्वारा निशाना बनाए जाने की संभावना है। इमाम उल हक और फखर जमां की सलामी जोड़ी भी बहुत आत्मविश्वास पैदा नहीं करती। बड़े मैच के बल्लेबाज जमां के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। 66 एकदिवसीय मैचों में 50 से अधिक के औसत से रन बनाने वाले इमाम को 82.18 के अपने मौजूदा स्ट्राइक रेट की तुलना में अधिक तेजी से बल्लेबाजी करने की जरूरत है।




**अवसर:** यह टूर्नामेंट सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद और सलमान आगा जैसे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। हालांकि इन तीनों के एक साथ एकादश में शामिल होने की उम्मीद नहीं है। टेस्ट क्रिकेट में सात मैचों में 87.50 के शानदार औसत से अपनी काबिलियत साबित करने वाले शकील 50 ओवर के प्रारूप में उतना प्रभाव नहीं डाल पाए हैं। अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ वह अच्छे दिख रहे थे और उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें और मौके मिलेंगे। मध्यक्रम के बल्लेबाजों इफ्तिखार और आगा से लंबे टूर्नामेंट के दौरान कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने की उम्मीद की जाएगी।

## एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट का एयरपोर्ट पर स्वागत



**एजेंसी। अंबाला**

**शूटिंग** में गोल्ड मेडल जीत भारत लौटे अंबाला के बेटे सरबजोत सिंह का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। सरबजोत के परिजन रविवार रात को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए थे। सरबजोत के पिता जीतेंद्र सिंह, कोच अभिषेक राणा समेत अन्य परिजन व रिश्तेदार एयरपोर्ट पहुंचे। यहां ढोल की थाप के साथ फूल मालाएं पहना और लड्डू खिला सरबजोत का भव्य स्वागत किया।

सरबजोत सिंह अंबाला के गांव धीन निवासी किसान जीतेंद्र सिंह का बेटा है। सरबजोत ने चीन के हांगझोऊ में हुए 19वें एशियन गेम्स में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। सरबजोत ने यह मेडल 10 मीटर एयर पिस्टल में हासिल किया। सरबजोत की इस उपलब्धि के बाद जश्न का माहौल है। कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत 2016 से उनके पास कोचिंग ले रहा है। किसान का बेटा होने के बावजूद शूटिंग के खेल में इस कद्र खुद को झोंक दिया है कि अभी तक करीब 21 मेडल हासिल कर चुका है। इस टीम में सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने भारत को पहला गोल्ड दिलाया।